kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-71 ❒ शनिवार, 12 अप्रैल 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



कांग्रेस पार्टी ने अजमल कसाब को बिरयानी परोसी और उसे मजबूत बनाने की कोशिश की। वर्ष 2008-2014 तक वे सत्ता में थे। उन्होंने कुछ नहीं किया। मोदी सरकार के कूटनीति तरीके से ही तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया। अब वे इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रह्लाद जोशी

तुलसी गबार्ड के वीडियो से फिर चर्चा में ईवीएम 11

दूसरे परीक्षण में लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम 'गौरव' ने लक्ष्य पर साधा सटीक निशाना 12

## संक्षेप

### लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आठ से दस अप्रैल के बीच किये गये इन परीक्षणों के दौरान ग्लाइड बम को विभिन्न वारहेड विन्यासों में कई स्टेशनों में एकीकृत किया गया था। ये परीक्षण करीब 100 किलोमीटर की रेंज में पूरी सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पूरे किये गये। 'गौरव' 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इस अवसर पर मौजूद डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षणों की समीक्षा की। इस प्रणाली को विकास-सह-उत्पादन भागीदारों - अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, भारत फोर्ज और विभिन्न एमएसएमई के सहयोग से साकार किया गया है। इन परीक्षणों से 'गौरव' को भारतीय वायुसेना में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'गौरव' के सफल विकास परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और उद्योग जगत की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौरव के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में और वृद्धि होगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी।

### गंगा संरक्षण के लिए 548 करोड़ की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

लखनऊ। गंगा के संरक्षण और पुनर्जीवन देने की दिशा में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की 61 वीं कार्यकारी समिति में यूपी से जुड़ी 548 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वीकृत परियोजनाएं गंगा की निर्मलता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

जम्मू। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले किश्तवाड़ में जारी अभियान में एक आतंकवादी को मार गिराया है। जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर कहा, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर नौ अप्रैल को किश्तवाड़ के चटरू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी और आतंकवादियों के सफाये का अभियान शुरू किया गया। उसी दिन देर शाम आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया।

# भारत आज विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा : मोदी

## मोदी ने काशीवासियों को दी 3884.18 करोड़ की 44 विकास परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी




वाराणसी। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज का भारत विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा है।

अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्री मोदी ने 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। काशी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। उन्होने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे का केंद्र बताया और कहा, जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत हौ।ङ्क उन्होंने काशी की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक बुनियादी ढांचे के सामंजस्य को भारत के विकास का एक अनूठा मॉडल करार दिया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं पूर्वांचल को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। काशी के हर निवासी को इन योजनाओं से लाभ मिलेगा। इन परियोजनाओं में लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाला नया पुल जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड का भी वितरण किया, जिनमें दिनेश कुमार रावत, राजेंद्र प्रसाद और दुर्गावती शामिल थे। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि आज बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष का भाव मेरे लिए इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है। अब इलाज के लिए न जमीन बेचनी पड़ेगी, न कर्ज लेना पड़ेगा। आपके इलाज का खर्च अब सरकार उठाएगी। उन्होंने बताया कि काशी में अब तक 50 हजार आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है। श्री मोदी ने रमेश कुमार, अनिल कुमार और छिद्दु को जीआई पंजीकृत प्रमाणपत्र सौंपे। उन्होंने बताया कि वाराणसी और आसपास

- ❒ काशी मेरी और मैं काशी का, प्रेम का कर्जदार हूं
- ❒ 2 लाख 70 हजार किसानों को 106 करोड़ का बोनस राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किया

के क्षेत्रों के 30 से अधिक उत्पादों को जीआई टैग प्रदान किया गया है, जिनमें तबला, शहनाई, ठंडई, लाल भरुआ मिर्च, लाल पेड़ा और तिरंगा बर्फी शामिल हैं। पीएम ने कहा कि जीआई टैग केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी की पहचान का पासपोर्ट है। ये काशी के हुनर को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाएगा। उन्होंने यूपी को जीआई टैगिंग में देश में नंबर वन बताया और कहा कि यह स्थानीय कारीगरों और उत्पादकों के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री ने बनास डेयरी के पशुपालकों को 106 करोड़ रुपये की बोनस राशि हस्तांतरित की। उन्होंने इसे पशुपालकों की मेहनत का पुरस्कार बताया और कहा कि ये कोई उपहार नहीं, बल्कि आपकी तपस्या का फल है। बनास डेयरी ने काशी में हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति को बदला है, खासकर महिलाओं को सशक्त बनाकर। पूर्वांचल की अनेक बहनें अब लखपति दीदी बन चुकी हैं। पहले गुजारे की चिंता थी, अब उनके कदम खुशहाली की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, जिसमें पिछले 10 वर्षों में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बनास डेयरी काशी संकुल 1 लाख किसानों से दूध संग्रह कर रहा है और गीर गायों का वितरण कर पशुपालकों को सशक्त बना रहा है। उन्होने वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए बताया ● शेष पेज 11 पर

## नई काशी को देखने के लिए हर श्रद्धालु है उतावला: योगी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को, उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन पर श्री योगी ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है।

इस अवसर पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है। दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था। 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां पर आकर बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में दर्शन करके पुण्य के भागीदार बने। महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी। यह सब संभव हुआ है स्वच्छता के ● शेष पेज 11 पर

- ❒ वाराणसी में लगभग 4 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए सीएम ने पीएम का जताया आभार
- ❒ योगी ने मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिह्न के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया

## तमिलनाडु में एनडीए की वापसी एआईएडीएमके के साथ हाथ मिलाया



एजेंसी

चेन्नई। गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में भाजपा और एआईएडीएमके के गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख ई पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा।

शाह ने कहा कि गठबंधन को लेकर एआईएडीएमके की कोई डिमांड नहीं है, न ही भाजपा उनके अंदरूनी मामलों में कोई हस्तक्षेप करेगी। पार्टी का एनडीए में शामिल होना दोनों के लिए ही बहुत फायदेमंद है। शाह बोले- अगला चुनाव डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों पर, महिलाओं पर अत्याचार के आधार लड़ा जाएगा। लोग डीएमके से घोटालों पर जवाब मांग रहे हैं, चुनाव में इन्हीं मुद्दों पर जनता वोट देगी। सितंबर 2023 में तत्कालीन तमिलनाडु प्रमुख अन्नामलाई की गई कुछ टिप्पणियों के कारण अखिल ● शेष पेज 11 पर

- ❒ गृहमंत्री शाह ने चेन्नई में किया गठबंधन का ऐलान, 2026 में पलानीस्वामी होंगे सीएम फ़ेस

## हुर्रियत के एक और घटक ने अलगाववाद को खारिज किया : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि अलगाववादी संगठन हुर्रियत कांफ्रेंस के एक और घटक 'जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट' ने अलगाववाद को खारिज कर दिया है और देश की एकता के प्रति पूरी प्रतिबद्धता जताई है।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने संविधान पर भरोसा जताते हुए अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, ''मोदी सरकार के तहत जम्मू-कश्मीर में एकता की भावना व्याप्त है। हुर्रियत से जुड़े एक अन्य संगठन 'जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट' ने अलगाववाद को खारिज कर दिया है और भारत की एकता के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता की घोषणा की है। मैं उनके इस कदम का हार्दिक स्वागत करता हूं। अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठनों ने भारत के संविधान पर भरोसा जताते हुए अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दृष्टिकोण 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की जीत है। ● शेष पेज 11 पर

## सिर्फ 12 पर्सेंट जजों ने ही बताई अपनी संपत्ति

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों कहा था कि उसके सभी जजों को अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए। इसके अलावा उन जजों को भी ऐसा करना होगा, जो भविष्य में शीर्ष अदालत का हिस्सा होंगे। इसके बाद भी अब तक 12 फीसदी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों ने ही अपनी संपत्ति की जानकारी पब्लिक डोमेन में दी है। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर बड़े पैमाने पर कैश मिलने और उसमें आग लगने के दावों के बीच ऐसा आदेश आया था। कोर्ट का कहना था कि सभी जजों को उसकी वेबसाइट पर संपत्ति का ब्योरा देना होगा। यह पहला मौका नहीं है, जब अदालत ने कहा है कि सभी जजों को अपनी वेल्थ की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी।

इससे पहले 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव लाकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जस्टिसों को अपनी संपत्ति की जानकारी चीफ जस्टिस को देनी चाहिए। इसके अलावा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को कहा गया था कि वे भी अपने चीफ जस्टिस को जानकारी देंगे। उस प्रस्ताव पर कभी शत प्रतिशत अमल नहीं हुआ है। हालांकि ऐसा प्रस्ताव हर साल आता रहा है। इसके बाद 12 साल बाद एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी जजों को अपनी संपत्ति सार्वजनिक कर देनी चाहिए। फिर भी यह आदेश नहीं था बल्कि यह वैकल्पिक था। कोर्ट का कहना था कि जज चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा दे सकते हैं। इससे आम लोगों में न्यायपालिका के प्रति भरोसा मजबूत होगा। देश के 25 उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट के जजों की ओर से वेबसाइटों पर जो जानकारी दी गई है, उसका अध्ययन करने पर पता चलता है कि 12 फीसदी मौजूदा जजों ने ही संपत्ति घोषित की है। हालांकि एक जानकारी यह है कि सुप्रीम कोर्ट के 33 में से 30 जजों ने चीफ जस्टिस को अपनी संपत्ती का ब्योरा सौंप दिया है। लेकिन अब तक उसे वेबसाइट पर नहीं डाला गया है। बार ऐंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार इसकी वजह कोई तकनीकी खामी बताई जा रही है। अब हाई कोर्ट की बात करें तो कुल 762 जजों में से 95 ने ही संपत्ति का ● शेष पेज 11 पर



- ❒ जस्टिस वर्मा केस के बाद दी गई थी सलाह
- ❒ 18 हाई कोर्ट्स की वेबसाइट पर कोई जानकारी नहीं
- ❒ इलाहाबाद हाई कोर्ट के 81 जजों में से किसी ने नहीं दी जानकारी

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन और सिफारिश की प्रक्रिया शुरू: गृह मंत्रालय

एजेंसी




नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय ने अगले साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें देने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है और इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा। पद्म पुरस्कार ऽ पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री ऽ देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। ये सम्मान 'विशिष्ट कार्य' को मान्यता देते हैं और कला, साहित्य व शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर, किसी सार्वजनिक उपक्रम के साथ काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं। बयान में कहा गया कि सरकार पद्म पुरस्कारों को 'लोगों के पद्म' में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें कहा गया कि इसलिए, सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे स्व-नामांकन सहित नामांकन और सिफारिशें करें। वक्तव्य के अनुसार महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसचित जाति और ● शेष पेज 11 पर

## तहव्वुर राणा ने मुंबई हमलों जैसी साजिश दूसरे शहरों के लिए भी रची थी : एनआईए को संदेह

# हेडली और राणा 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की जड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 10 अप्रैल को दिल्ली की एक अदालत में दलील दी कि उसे संदेह है कि तहव्वुर राणा ने 26/11 के मुंबई हमलों जैसी आतंकी साजिश कई अन्य भारतीय शहरों को निशाना बनाने के लिए भी रची थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (सीआईडी) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच के अनुसार, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की जड़ में पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद सईद गिलानी और अमेरिका से प्रत्यर्पित पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक डॉ. तहव्वुर हुसैन राणा शामिल थे।




एनआईए ने विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह के समक्ष यह दावा किया, जिन्होंने राणा को 18 दिन की एनआईए की हिरासत में भेज दिया। अपने आदेश में, न्यायाधीश ने एनआईए को हर 24 घंटे में राणा की मेडिकल जांच करने और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने देने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने राणा को केवल एक 'सॉफ्ट-टिप' कलम का उपयोग करने और एनआईए अधिकारियों की मौजूदगी में अपने वकील से एक निश्चित दूरी से मिलने की अनुमति दी। दलीलों के दौरान, एनआईए ने कहा कि साजिश के सभी आयामों को एक साथ जोड़ने के लिए राणा की हिरासत की आवश्यकता है और उसे 17 साल पहले हुई घटनाओं के बारे में फिर से जानने के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाना होगा। सूत्र ने बताया कि एनआईए ने न्यायाधीश को बताया कि ''उसकी (राणा की) लंबी हिरासत को व्यापक पूछताछ के लिहाज से आवश्यक माना गया है, जिसका उद्देश्य साजिश की गहरी परतों को उजागर करना है। हमें संदेह है कि मुंबई हमलों में इस्तेमाल की गई चालों को अन्य शहरों में भी अंजाम देने की साजिश थी, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने यह जांच की कि क्या इसी तरह की साजिश कहीं और भी रची गई थी। सूत्र ने बताया कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों को एक साथ जोड़ने और 17 साल पहले की घटनाओं को फिर से जानने के लिए अधिकारी राणा को प्रमुख स्थानों पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें अपराध स्थल का नाटकीय रूपांतरण करने और बड़े आतंकी नेटवर्क के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी राणा की पेशी के दौरान अदालत परिसर में मौजूद थे। राणा 18 दिन तक एनआईए की हिरासत में रहेगा, इस दौरान एजेंसी '2008 के घातक हमलों के पीछे की पूरी साजिश को उजागर करने के लिए उससे विस्तार से पूछताछ करने' की योजना बना रही है। इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक लोग घायल हो गए थे। हेडली-राणा बचपन के दोस्त थे और पंजाब प्रांत के अटक जिले के प्रतिष्ठित कैडेट कॉलेज हसनअब्दाल में सहपाठी थे। दोनों के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, लश्कर-ए-तैयबा और हरकत-उल जिहादी इस्लामी जैसे आतंकवादी संगठनों से गहरे संबंध थे। हेडली ने फरवरी और मार्च 2016 में मुंबई की एक विशेष अदालत में गवाह बनने और क्षमा प्राप्त करने के लिए एक याचिका सौदेबाजी की और सबूत पेश किए, जबकि राणा को अमेरिका से बरी कर दिया गया। दोनों ने पाकिस्तान आतंकवादी समूहों की ओर से प्रायोजित मिकी माउस परियोजना की आतंकवादी योजनाओं में प्रमुख भूमिका निभाई थी, जिसमें डेनमार्क के समाचार पत्र मोर्गेनाविसेन जाइलैंड्स-पोस्टेन को निशाना बनाने की एक बड़ी योजना की टोह लेना शामिल था, जिसका उद्देश्य 2005 में पैगंबर मोहम्मद को चित्रित करने वाले कार्टूनों के प्रकाशन और 26-29 नवंबर ● शेष पेज 11 पर

# शशि कुमार अध्यक्ष कुलदीप मिश्र बने रोजगार सेवक संघ के महामंत्री

❒ चुनाव के बाद एडीओ आईएसबी को सौंपी पदाधिकारियों की सूची होगी वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव। शुक्रवार को विकासखंड कोरांव में रोजगार सेवक संघ इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत बैदवार के रोजगार सेवक शशि कुमार को संघ का अध्यक्ष तो महामंत्री पद पर कुलदीप मिश्र का मनोनयन किया गया। ज्ञातव्य हो कि माह भर पूर्व रोजगार सेवक संघ इकाई कोरांव की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। जिसके सापेक्ष शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय कोरांव के ठीक सामने स्थित नहर कॉलोनी के परिसर में संघ की बैठक आहूत हुई। बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। उपाध्यक्ष पद पर कपासी कला गांव के रोजगार सेवक संजय सिंह तो कोषाध्यक्ष पद पर रमाशंकर मौर्य का चयन किया गया। इसी तरह मीडिया प्रभारी पद की जिम्मेदारी टेकर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक मनीष वर्मा को दी गई है। इसी तरह सेक्टर वार सेक्टर प्रभारियो का भी मनोनयन किया गया। जिसमें रामपुर कला से महेंद्र सिंह, खीरी से नीरज दीपांकर, महुली से सूर्य दिन सिंह, पसना से इंद्रजीत यादव, बैदवार कला से सुरेश कुमार, सिकरो से मनोज कुमार, बड़ोखर रामकुमार सिंह, साजी सुशील कुमार सिंह, डीही घनश्याम, पंवारी मुरारी लाल, खजुरी रामराज पाल को जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रोजगार सेवकों में दिलीप कुमार विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार पांडेय, संत कुमार, श्याम दुलारी, विनोद कुमार, सुशील कुमार, घनश्याम, शिव शंकर, भास्कर पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# गांव संपर्क अभियान के तहत बरहा में विधायक ने लगाई चौपाल

## स्वच्छता अभियान को लेकर लगाई झाड़ू, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। गांव संपर्क अभियान के तहत विधायक राजमणि कोल ने शुक्रवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब विकासखंड कोरांव के बरहा गांव में चौपाल लगाकर जहां ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। विधायक राजमणि कोल ने गांव संपर्क अभियान के दौरान स्वच्छता मिशन के प्रति ग्रामीणों को प्रेरित करने के लिए गांव में खुद कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाई। इसके अलावा उन्होंने अति वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों को सेवा सुशासन के कार्यकाल को बताते हुए ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, शिवा कांत पाडेय, रिंकू दुबे, अभिनय सिंह, सरस्वती मिश्र आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी ग्रामीण मौजूद रहे।

## पशुचिकित्सालय की जमीन पर अवैध कब्ज़ा

उन्नाव। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने पुलिस अधीक्षक व नगर मजिस्ट्रेट को भेजा पत्र उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित पशुचिकित्सालय की सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण ने प्रशासनिक महकमे में चिंता की लहर दौड़ा दी है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक एवं नगर मजिस्ट्रेट को पत्र भेजकर तत्काल अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।बाउंड्रीवाल के बाहर कब्जे में चल रही दुकानें यह मामला तब उजागर हुआ जब 21 फरवरी 2025 को उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि बाउंड्रीवाल से सटी सरकारी भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों ने अनाधिकृत कब्जा कर लिया है। वहां अस्थायी ढांचे खड़े कर लिए गए हैं और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं जो न केवल सरकारी जमीन पर अवैध हैं, बल्कि विभागीय कामकाज में भी बाधा बन रही हैं।कर्मचारियों और आगंतुकों को हो रही परेशानी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि अतिक्रमण के कारण अस्पताल आने वाले मरीजों और पशुपालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार: बरसात और आंधी में भी काशीपुर व कोनहटा में मजदूरों की लगी हाजिरी

0 आंधी पानी और तूफान में जब लोग अपने घरों में दुबके थे तब विकासखंड करनैलगंज के ग्राम पंचायत काशीपुर औ ऱ कोनहटा में कागज में मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे थे।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गोण्डा।** मनरेगा योजना में सख्ती के बाद भी फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाने वाले जिम्मेदार अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं।अभी कुछ दिन पहले मनरेगा में आयुक्त की ओर से की गई जांच में कमियां मिलने पर मुजेहना ब्लॉक के जिम्मेदारों के खिलाफ सख्ती की गई थी।इसके बाव जूद भी आंधी और पानी के दिन दस अप्रैल को करनैलगं ज ब्लॉक क्षेत्र के पंद्रह गांवों में जिम्मेदारों की ओर से कुल 748 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई गई है।योगी सर कार भ्रष्टाचार को लेकर एक तरफ जहां जीरो टॉलरेंस की बात करती है,वहीं उनके मातहत अधिकारी सरकार के इस नीति को ठेंगा दिखाते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जुट गए हैं इस लूट में सरकारी मशीनरी के अलावा कहीं न कहीं चुने हुए प्रतिनिधि भी बराबर के हिस्सेदार हैं।मामला करनैगंज ब्लॉक के काशी पुर गांव में इन दिनों मनरेगा में धांधली होने की बात सामने आ रही है।रोजाना कोई न कोई नया मामला भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत काशी पुर और को नाहटा का है।कोनाहटा और काशी पुर ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टर रोल में अपलोड की जा रही है।कोनहटा गाँव में 100,और काशी पुर में 30, श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।जहाँ अधिकारियों की उदासी नता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंकल न भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।कार्यस्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है।उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिनभर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।औसत बनाने के चक्कर में फर्जी मस्टररोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम पंचायत कोनाहटा में भारत के घर के देशराज के घर तक नाला खुदाई और सफाई का कार्य सिर्फ कागजो में चल रहा है।इस कार्य पर रोजाना 70 श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ औ र ही है।कोनाहटा ग्राम पंचायत में 100,श्रमिक दो कार्य पर कार्य कर रहे हैं।रोजगार सेवक मनरेगा पोर्टल पर श्रमि कों की फर्जी फोटो को बार-बार अपलोड क़र फर्जी क़र फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।इसी तरह ग्राम पंचायत काशीपुर में 30,श्रमिकों को तालुकदार के खेत से रमवा पुर बॉर्डर तक मिट्टी पटाई का कार्य कागज पर चल रहा है।जिस सड़क की फोटो अपलोड की गई है उसे सड़क पर घास उगी हुई है।बड़ी हैरत कि बात यह है कि क्या कार्य का सत्यापन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी डीसी मनरेगा एपीओ भी आंख बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में मददगार होंगे स्मार्टफोन: राजमणि कोल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। आधुनिक शिक्षा को सरल और सुगम तरीके से प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन टेबलेट मददगार साबित होंगे। छात्र-छात्राओं की सहूलियत के लिए हमारी सरकार छात्र-छात्राओं को टेबलेट देने का काम कर रही है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने विधानसभा कोरांव के केशई राम झूरा देवी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट का वितरण करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि खोल ने कहा कि हमारी सरकार छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई करने के लिए कहीं भटकना न पड़े इसके लिए टेबलेट मुहैया करा कर उनकी पढ़ाई को आसान करने का काम कर रही है। टेबलेट वितरण के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से मुख्य अतिथि रहे विधायक राजमणि कोल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

# कांग्रेस ने निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली जाने एवं अपने द्वारा बताई गई दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म मनमाने दामों पर खरीदने के जबरन दबाव के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ''त्यागी'' एवं डॉक्टर शहजाद आलम और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह ''बबलू ''के संयुक्त तत्वाधान में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से सौंपा गया. ज्ञापन में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ''त्यागी'' एवं डॉक्टर शहजाद आलम. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह'' बबलू'' ने संयुक्त रूप से यह मांग की कि इस भीषण महंगाई में एक तरफ अभिभावकों को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है. वहीं स्कूलों के इस लूट तंत्र के कारण अभिभावकों को घनघोर मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है. उन्होंने कहा की निजी स्कूलों का या आचरण ना लोकतंत्र और ना ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है. कांग्रेस पार्टी निजी स्कूलों के इस निरंकुश और शोषक प्रवृत्ति की घोर भर्त्सना करती है. एवं आदरणीय राज्यपाल महोदया आपसे यह मांग करती है कि इस लूट तंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलों हेतु फीस किताबें एवं यूनिफार्म के लिए न्यायोचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलंब बनवाने की कृपा करें. और उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करें. ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पांडे. पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला. राजेंद्र पांडे श्रीमती किश्वर जहां. एडवोकेट आरबी सिंह. रईस अहमद. फखरुल इस्लाम. मोहम्मद हाशिम विनोद रावत जैसेराम पाल देवानंद तिवारी. मोहम्मद उबेद खान.आकिल हुसैन सीजू. आदर्श दयावान. मोहम्मद नसीम. अमन यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अराजक तत्व ने पंचायत भवन पर लगे सोलर पैनल पर पत्थर मारकर तोड़ा

कोरांव। विकासखंड कोरांव के कोसफ़रा कला ग्राम पंचायत मे नवनिर्मित पंचायत भवन के छत पर लगे सोलर पैनल पर गांव के ही अराजक तत्व ने पत्थर मार कर तोड़ दिया। मामले की शिकायत ग्राम प्रधान विनोद कुमार सिंह ने खंड विकास अधिकारी कोरांव को लिखित व नामजद शिकायत देते हुए अराजक तत्व पर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान विनोद कुमार सिंह ने बीडीओ को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि जब मैं शुक्रवार को सुबह 10 बजे पंचायत भवन पर गया तो देखा कि सोलर पैनल टूटा हुआ था। जब मैं अगल-बगल पता किया तो पता चला कि गांव का ही रमेश कुमार जायसवाल पुत्र तौलन राम जानबूझकर पंचायत भवन के छत पर लगे सोलर पैनल पर पत्थर मार कर तोड़ दिया है। कई बार नवनिर्मित पंचायत भवन में इसके द्वारा अराजकता फैलाई गई है। लेकिन इस बार इसने पैनल तोड़ दिया है। ग्राम प्रधान ने बीडीओ को दोपहर 12 बजे के बाद शिकायती पत्र देकर अराजक तत्व पर कार्रवाई की मांग की है।

# सरकारी जमीन पर बने अवैध कच्चे मकान पर चला बुलडोजर, ग्रामीणों के विरोध पर टीम हुई वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के छपिया थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में मंगलवार को हुई गोकशी की घटना के बाद प्रशासन एक्शन में आ गया है।शुक्रवार को एसडीएम व सीओ के साथ ही भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए तीन कच्चे मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किए जाने पर कार्रवाई रोक दी गयी।शुक्रवार को एसडीएम मनकापुर व सीओ के नेतृत्व में तहसील प्रशासन के साथ ही छपिया व खोड़ारे थाने की संयुक्त टीम द्वारा मल्हीपुर गांव में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किए गए कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की। प्रशासन द्वारा बुलडोजर से तीन अस्थाई मकानों को ध्वस्त कर दिया गया।एसडीएम ने बताया कि पक्का निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर खाली करने का निर्देश दिया जाएगा।उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।गांव में बुलडोजर कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कच्चे मकानों को गिराने के लिए दो बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गोकशी के आरो पियों के कच्चे मकानों को गिराए जाने का विरोध भी किया गया। इसके चलते राजस्व विभाग और तहसील प्रशासन की टीम को वापस लौटना पड़ा। एसडीएम अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि नवीन परती और खलिहान की भूमि पर स्थाई निर्माण हटाए गए हैं।वहीं पक्के निर्माण के खिलाफ राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर न्याया लय में वाद दायर किया गया है।इन्हें भी जल्द हटाया जाएगा।

# महराजगंज में लोक जनशक्ति पार्टी (आर) जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। उत्तर प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज करा दी है। महराजगंज में पार्टी का पहला जिला कार्यालय खोला गया है फरेंदा रोड पर के.एम.सी. हॉस्पिटल के सामने कार्यालय का उद्घाटन 11 अप्रैल 2025 को दोपहर 2:30 बजे किया गया। इस मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक शाही राजवंश,कार्यालय प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्वी सौरभ त्रिपाठी (शक्ति) और महराजगंज जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता व पदाधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे,पार्टी के सूत्रों के अनुसार, लोजपा (रामविलास) उत्तर प्रदेश में अपनी जड़ें मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी आने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी में है। जिला कार्यालय का खुलना इसी दिशा में पहला कदम माना जा रहा है।

# वक़्फ़ संशोधन बिल के विरोधियों को लखनऊ पुलिस द्वारा भेजा गया नोटिस असंवैधानिक, सुप्रीम कोर्ट ले एक्शन : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर वक़्फ़ संशोधन विधेयक के खिलाफ विचार रखने वाले नागरिकों के संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आज़ादी और विरोध करने के मौलिक अधिकारों के हनन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपने फैसलों की अवमानना पर स्वतः संज्ञान लेकर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ़ कार्यवाई की मांग की है। शाहनवाज़ आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि लखनऊ के कई नागरिकों को लखनऊ पुलिस द्वारा उनकी तरफ से वक़्फ़ संशोधन विधेयक के खिलाफ़ होने वाले संभावित प्रदर्शनों में शामिल होने का अंदेशा जताकर उन्हें नोटिस भेजा गया है। जबकि अभी नागरिकों की तरफ से कोई विरोध प्रदर्शन आयोजित हुआ भी नहीं है। सबसे गम्भीर मुद्दा यह है कि इन नोटिसों में नागरिकों को अगले एक साल तक के लिए उनसे शांति भंग का खतरा बताते हुए 50 हज़ार रुपये भी जमा कराने के साथ इतनी धनराशि की दो ज़मानतें भी मांगी जा रही हैं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यूपी पुलिस यह कैसे भूल सकती है कि उसकी यह कार्यवाई संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन है जो नागरिकों को भाषण और अभिव्यक्ति की आज़ादी और शांतिपूर्वक इकट्ठा होने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई अहम फैसलों में कहा है कि विरोध करने के अधिकार का सम्मान किया जाना और उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि इससे लोकतंत्र मजबूत होता है, लेकिन ऐसा लगता है कि यूपी पुलिस मुख्यमंत्री के दबाव में लोकतंत्र का ही गला घोंट देना चाहती है।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि 2020 के शाहीन बाग में आयोजित सीएए क़ानून विरोधी आंदोलन केस में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि नागरिकों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी असहमति दर्ज कराने का अधिकार है। वहीं, 2012 की रामलीला मैदान की घटनाओं के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि नागरिकों को इकट्ठा होने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने के मौलिक अधिकार को कार्यपालिका अथवा विधायिका द्वारा मनमाने तरीके से नहीं छीना जा सकता। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यूपी की योगी सरकार लगातार सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ़ काम करती आ रही है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट का स्वतः संज्ञान न लेना उसकी भूमिका पर भी संशय पैदा करता है। उन्होंने कहा कि सपा के राज्य सभा सांसद राम जी लाल सुमन के घर पर भाजपा समर्थित हिंसक संगठन करनी सेना के गुंडों ने पुलिस की मौजूदगी में हमला किया, लेकिन डीजीपी की तरफ से हमलावरों पर कोई ठोस कार्यवाई नहीं हुई। वहीं भाजपा और आरएसएस के देश विरोधी साम्प्रदायिक एजेंडे के खिलाफ़ विचार रखने वाले नागरिकों का पुलिस उत्पीड़न करने के लिए संविधान के भी खिलाफ़ चली जा रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को यूपी को पुलिस स्टेट में बदलने की राज्य सरकार की कोशिशों पर ठोस हस्तक्षेप करना चाहिए।

## जुमे की नमाज के दौरान चाक-चौबंद रहा इंतजाम

उन्नाव। जहां जुमे की नमाज को लेकर पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से लगातार निगरानी की गई। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने नमाज से पहले मस्जिदों और ईदगाहों का दौरा किया। एसपी ने बताया कि लोग बिना किसी डर के नमाज अदा कर सकें, इसके लिए हर जरूरी इंतजाम किए गए थे। पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए थे। सदर कोतवाली क्षेत्र, मोहल्ला सैयदवाड़ा, जामा मस्जिद और बगरमऊ क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ जुटी। दोपहर को जुमे की नमाज अदा की गई। इमामों ने अपने खुतबे में शांति और भाईचारे का संदेश दिया।

# गंगा संरक्षण के लिए 548 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गंगा संरक्षण और पुनर्जीवन को एक नई गति देने की दिशा में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की 61वीं कार्यकारी समिति की बैठक एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में दिल्ली में शुक्रवार को संपन्न हुई। इस बैठक में गंगा नदी के पुनर्जीवन को समर्पित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यकारी समिति की बैठक में ल्लरामगंगा नदी में प्रदूषण की रोकथामङ्क के लिए मुरादाबाद ज़ोन-3 और ज़ोन-4 में इंटरसेप्शन, डायवर्जन, एसटीपी और अन्य संबद्ध कार्यों से जुड़ी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। 409.93 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य रामगंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाना है। परियोजना के तहत ज़ोन-3 में 15 एमएलडी और ज़ोन-4 में 65 एमएलडी क्षमता वाले आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही 5 प्रमुख नालियों को इंटरसेप्ट कर डायवर्ट किया जाएगा। इस योजना में 50 केएलडी क्षमता का सेप्टेज को-ट्रीटमेंट सुविधा भी प्रस्तावित है, जो मलजल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएगी। यह परियोजना सिर्फ निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें आगामी 15 वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव भी शामिल है, जिससे इसके सतत और दीर्घकालिक प्रभाव को सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यकारी समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में 14 अनटैप नालों के इंटरसेप्शन और डायवर्जन से जुड़ी एक अहम परियोजना को 138.11 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर मंजूरी दी गई, जो शहर की जल निकासी और स्वच्छता प्रणाली को एक नई दिशा देगी। इस परियोजना के अंतर्गत नालों से सीधे नदी में गिरने वाले सीवेज को रोककर, उसे प्रस्तावित सीवेज पंपिंग स्टेशनों और मैनहोल्स के माध्यम से शोधन केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इसमें एक वर्ष के संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जारी बयान में बताया गया है कि कार्यकारी समिति ने उपचारित जल के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए राज्य नीति और व्यवसाय मॉडल के विकास तथा एनएमसीजी के लिए एक पॉडकास्ट श्रृंखला के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

### एनएमसीजी कार्यकारी समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश के लिए अहम परियोजनाओं को मिली मंजूरी

इसमें उपचारित जल के सुरक्षित पुनः उपयोग से जुड़ी नीतियों के विकास, उत्तर प्रदेश के कानपुर के लिए एक व्यवसाय मॉडल तैयार करना और ''नमामि गंगेः ट्रांसफॉर्मिंग इंडियाज़ लाइफलाइन'' शीर्षक से पॉडकास्ट श्रृंखला का निर्माण शामिल है। यह श्रृंखला एनएमसीजी की पहलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, ज्ञान का प्रसार करने और उपचारित जल के सुरक्षित पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित होगी। कार्यकारी समिति ने ''बोट्स ऑफ द गंगा बेसिनः रिवराइन एंड मेरीटाइम हेरिटेज'' शीर्षक वाली एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्माण को मंजूरी दी है।

# बीकेटी में रेलवे लाईन के किनारे मिला अज्ञात महिला का शव,जांच में जुटी पुलिस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब । थाना क्षेत्र अंतर्गत दिगोई क्रॉसिंग से पहले रेलवे लाइन के किनारे शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ।शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत दिगोई क्रॉसिंग से पहले किसी अज्ञात महिला का शव रेलवे लाईन के किनारे पड़ा हुआ ग्रामीणों ने देखा,जिसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी वही घटना की सूचना पर पहुंची बीकेटी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने का प्रयास किया,लेकिन शव की शिनाख्त नही हो पाई थी।वही मृतका कुर्ती और काले कलर की जींस पहनी हुई है।थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है,जल्द ही शव की शिनाख्त कर ली जाएगी।

# हाईवे के किनारे खड़े कंटेनर में ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । बीकेटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाइवे-24 इन दिनों हादसों का हाइवे बनता जा रहा है।इस हाइवे पर आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं,आए दिन सामने आने वाली दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण यह भी हो सकता है कि सड़क पर ओवर स्पीड वाहन काफ़ी संख्या में बे-रोक टोक दौड़ा करते है,इसकी अनदेखी से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।शुक्रवार शाम लगभग चार बजे बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत सीतापुर रोड़ हाईवे रामपुर बेहडा़ चौराहे के पास तेज़ रफ़्तार ट्रक(ट्राला)एचआर 69एफ6859 ने ट्रेलर यूपी44एच2323 में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रेलर पलट गया और उसमें दो लोगों की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई।दोनों मृतक युवको की पहचान नैमिष निवासी बेरिया थाना गोला, जनपद खीरी तथा विपिन रावत पुत्र बराती रावत निवासी गोपालपुर थाना माल के रूप में हुई।वही घटना की सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में लगी हुई थी।

# भाषा संचार का मूल माध्यम, प्रौद्योगिकी संचार को देती नया आयाम : डॉ सत्येन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर (कर्नाटक) एवं अवध भारतीय संस्थान,(लखनऊ) के तत्वावधान में ''भाषा एवं प्रौद्योगिकीःअवधी के संदर्भ में'' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब में आयोजित विचार गोष्ठी में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के विषय विशेषज्ञ डॉ सत्येन्द्र अवस्थी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में भाषा और प्रौद्योगिकी के मध्य अच्छा सामंजस्य होना नितांत आवश्यक है। क्योंकि, भाषा जहां संचार का मूल माध्यम है, वहीं प्रौद्योगिकी इस संचार को नया आयाम देती है। अवधी के कवियों, लेखकों, कलाकारों को डिजिटल फ्रेंडली बनना होगा।

गोष्ठी में अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्र ने कहा कि प्रौद्योगिकी की बड़ी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अवध भारती संस्थान, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) एवं भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर (कर्नाटक) ने इस विचार गोष्ठी का संयोजन किया है। हमें विश्वास है कि हमारी अवधी प्रौद्योगिकी सँग कदमताल करेगी। हम अवधी को प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिए अलग-अलग स्थानों पर कार्यशाला करेंगे। अब हमको आधुनिक तकनीक को अपनाना ही होगा।

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के लखनऊ मण्डल अध्यक्ष शिव शरण सिंह गहरवार ने कहा कि इस विचार गोष्ठी में अवधी भाषा के विकास, तकनीकी अनुप्रयोगों एवं उनके आपसी प्रभावों पर विचार-विमर्श किया गया। अवधी को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस उपाय करने होंगे। हवा-हवाई बातों से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। यूपी से अवधी आराधकों का 50 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के दौरे पर जाना चाहिए।

भाषा एवं प्रौद्योगिकीःअवधी के संदर्भ में गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि रहे के.के.सी.कालेज के प्रो.फ़ेसर डॉ सिद्धार्थ सिंह एवं कला वसुधा पत्रिका के सम्पादक शाखा बंदोपाध्याय ने बड़े सारगर्भित विचार रखें। वरिष्ठ पत्रकार एवं अवधी आराधक प्रेमकांत तिवारी ने अवधी को युवाओं से जोड़ने के कई उपाय सुझाए। कल्चर दीदी कुसुम वर्मा ने बेटियों को समर्पित एक मार्मिक अवधी गीत प्रस्तुत किया। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय दास, प्रदीप सारँग, डॉ सत्या सिंह, प्रदीप तिवारी धवल, चित्रकार पप्पू अवस्थी, ओम मिश्रा, आदित्य शुक्ला बंजारा, संजय सांवरा, संदीप अनुरागी, प्रमोद यादव व गौरी शंकर वैश्य सहित कई प्रमुख अवधी साहित्यकार उपस्थित थे।

# सिंधी भाषा दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किया सिंधी गीत-संगीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ में मवैया स्थित सिंधु भवन में उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी द्वारा सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों ने स्वयं से तैयार की गई सिंधी गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति की।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार 'अखिल' ने सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद राजाराम भागवानी, सुधामचन्द, प्रकाश गोधवानी, दुनीचन्द, हरीश वाधवानी आदि ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वक्ता सुधामचन्द चंदवानी ने कहा कि सिंधी भाषा को 1947 में अखंड भारत के विभाजन के बाद सिंधियों को सिंध प्रान्त छोड़ना पड़ा और वे यहाँ भारत देश के विभिन्न प्रान्तों में आकर बसे। भारत में सिंधियों का कोई विशेष भाषाई राज्य नहीं है, भारत सरकार ने सिंधियों की न्यायोचित मांग और देशभक्ति को देखते हुए 10 अप्रैल, 1967 को चेटीचंड के पावन दिवस पर ही सिंधी भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में मान्यता प्रदान की गयी थी और इस वर्ष 58 साल पूर्ण हुए हैं। वक्ता हरीश वाधवानी ने सिंधी भाषा के उत्थान पर बताया कि आज के युवा की जिम्मेदारी है, वह सिन्धी भाषा के महत्व को समझे। सिंधियत की पहचान हमारी भाषा है। हमें सिन्धी भाषा को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को अपने साथ लेना होगा। आज का सिन्धी युवा अपनी भाषा व संस्कृति के प्रति सजग है और उन्हे आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत भीं है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा कविता, गीत एवं भाषण की प्रस्तुति की गयी। कक्षा 4 के छात्र निवान द्वारा सिंधी कविता ''पैसा लाडो पट टन की प्रस्तुति की गयी। कक्षा 03 की छात्रा तान्या केसवानी द्वारा सिंधी गीत ''मुनजे झुलण जो देवानो ओ नचिदे दिखारे, मज लालन जो दीवानो, ओ नचिदे दिखारे, जेको नथो नचिसके वा तारिव ता बजाये की प्रस्तुति दी गई। वैभव रोड़ा तथा मयंक गुरूनानी द्वारा सिंधी गीत आयो सिंधी आयो की पुस्तुति की गयी। छात्रा खुशी कृपलानी, सुचिता कृपलानी द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों पर स्पीच दी गयी तथा कार्यक्रम में हिमांशु साधवानी द्वारा पल्लव किया गया।

# प्रेस क्लब में भाषा एवं प्रौद्योगिकी: अवधी के संदर्भ में विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर (कर्नाटक) एवं अवध भारतीय संस्थान, अर्जुनगंज (लखनऊ) के तत्वावधान में ''भाषा एवं प्रौद्योगिकीःअवधी के संदर्भ में'' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रेस क्लब में आयोजित इस विचार गोष्ठी में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के विषय विशेषज्ञ डॉ सत्येन्द्र अवस्थी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में भाषा और प्रौद्योगिकी के मध्य अच्छा सामंजस्य होना नितांत आवश्यक है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाषा जहां संचार का मूल माध्यम है वहीं, प्रौद्योगिकी इस संचार को नया आयाम देती है। अवधी के कवियों, लेखकों, कलाकारों को डिजिटल फ्रेंडली बनना होगा। अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्र ने कहा कि प्रौद्योगिकी की बड़ी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अवध भारती संस्थान, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) एवं भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर (कर्नाटक) ने इस विचार गोष्ठी का संयोजन किया है। विश्वास है कि अवधी प्रौद्योगिकी सँग कदमताल करेगी। हम इसको प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिए अलग-अलग स्थानों पर कार्यशाला करेंगे। अब हमको आधुनिक तकनीक को अपनाना ही होगा। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के लखनऊ मण्डल अध्यक्ष शिव शरण सिंह गहरवार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि इस विचार गोष्ठी में अवधी भाषा के विकास, तकनीकी अनुप्रयोगों एवं उनके आपसी प्रभावों पर विचार-विमर्श किया गया। अवधी को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस उपाय करने होंगे। हवा-हवाई बातों से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। यूपी से अवधी आराधकों का 50 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के दौरे पर जाना चाहिए। इस विचार गोष्ठी के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार एवं अवधी आराधक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि अवध भारती संस्थान अबतक 200 पुस्तकें प्रकाशित कर चुका है। इसमें 20 किताबों को हिन्दी संस्थान, उप्र ने पुरस्कृत भी किया है। पिछले 35 साल में संस्थान ने भारत के विभिन्न राज्यों में ही नहीं, बल्कि 12 देशों में अवधी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रम किये हैं। अब अवधी को प्रौद्योगिकी से समर्थ करने पर कार्य किया जा रहा। भाषा एवं प्रौद्योगिकीःअवधी के संदर्भ में'' विषयक इस विचार गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि द्वय केकेसी के प्रो.फ़ेसर डॉ सिद्धार्थ सिंह एवं कला वसुधा पत्रिका के सम्पादक शाखा बंदोपाध्याय ने बड़े सारगर्भित विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार एवं अवधी आराधक प्रेमकांत तिवारी ने अवधी को युवाओं से जोड़ने के कई उपाय सुझाए। वहीं, कल्चर दीदी कुसुम वर्मा ने बेटियों को समर्पित एक मार्मिक अवधी गीत प्रस्तुत किया। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय दास, प्रदीप सारँग, डॉ सत्या सिंह, प्रदीप तिवारी धवल, चित्रकार पप्पू अवस्थी, ओम मिश्रा, आदित्य शुक्ला बंजारा, संजय सांवरा, संदीप अनुरागी, प्रमोद यादव व गौरी शंकर वैश्य सहित कई प्रमुख अवधी साहित्यकार उपस्थित थे।

### भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर एवं अवध भारती संस्थान, अर्जुनगंज के तत्वावधान में जुटे अवधिया

## महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे : असीम अरुण

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाज कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को भागीदारी भवन स्थित सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय गोंड आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अरुण ने भागीदारी भवन रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज से लगभग दो सौ वर्षों पूर्व सामाजिक- आर्थिक समानता एवं नारी शिक्षा के संबंध में जो योगदान एवं प्रेरणा महात्मा ज्योतिबा फुले ने दी। वहीं हमें डॉ. आंबेडकर के माध्यम से भारतीय संविधान में दिखाई देती है। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने उनकी पत्नी माता सावित्री बाई फुले का भी स्मरण किया, जिन्होंने नारी शिक्षा एवं उनके कल्याण के लिए नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए जिससे सामाजिक न्याय को पूरा करने के महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रयासों को आगे ले जा सकें।

## बाजपेई कचौड़ी की दुकान पर जीएसटी विभाग ने तीन घंटे की जांच

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित बाजपेई कचौड़ी भंडार की दुकान पर शुक्रवार को जीएसटी विभाग की टीम ने छापा मार कर मशीनें जब्त की हैं। अधिकारी आमदनी से जुड़े बिल की जांच में जुटे हैं। महिला अधिकारी सहित 10 लोगों की टीम दुकान के बाहर ही बैठकर पूछताछ की है। जीएसटी में उपायुक्त परितोष मिश्र ने पत्रकारों से कहा कि बाजपेई कचौड़ी भंडार की दुकान पर डेली बिल की जांच की गई है। गड़बड़ी की सूचना पर जांच की गई है और फिलहाल तीन घंटे की जांच के बाद टीम ने आवश्यक कागजात सहित वापसी की है। आगे जांच पड़ताल जारी रहेगी। मशहूर कचौड़ी भंडार के दुकान मालिक घनश्याम बाजपेई हैं। दुकान पर सुबह से देर शाम तक होने वाली आमदनी से जुड़े मामले को लेकर जीएसटी की टीम पहुंची है। बीते वर्ष 2024 में बाजपेई कचौड़ी भंडार में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ था।

# ग्रामीण युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल से जोड़ेगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) को एक नए वैश्विक दृष्टिकोण के साथ पुनर्जनित करने की शुरुआत कर दी है। योगी सरकार ग्रामीण युवाओं, विशेष रूप से महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उन्हें उच्च वेतन वाली नौकरियों से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है। विभाग इसके लिए आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना इसी महीने तैयार कर लेगा। योगी सरकार का यह कदम उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक अनूठी पहल है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार इस योजना के तहत कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं को न्यूनतम 12,000 रुपये मासिक वेतन वाली नौकरियां दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। खास तौर पर ग्रामीण महिलाओं को इसमें शामिल करने पर जोर है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर परिवार और समाज को मजबूत करें। ग्रामीण युवाओं कोवैश्विक उद्योगों के लिए तैयार कर के न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ाने पर जोर दे रही है, बल्कि राज्य को कुशल कार्यबल का केंद्र बनाने की दिशा में भी आगे बढ़रही है।

योगी सरकार ने मिशन की सफलता के लिए अधिकारियों और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों की क्षमता वृद्धि पर विशेष ध्यान दे रही है। अप्रैल 2025 में कार्यशालाओं का आयोजन और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ नियमित संवाद से प्रशिक्षण प्रणाली को और प्रभावी बनाया जाएगा। यह युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में मदद करेगा, जो वैश्विक बाजार की मांगों को पूरा कर सके। सरकार ने अन्य देशों और राज्यों की उन्नत कार्यप्रणालियों का अध्ययन शुरू किया है, ताकि उत्तर प्रदेश की कौशल विकास प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाया जा सके। साथ ही, उद्योगों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित युवाओं को शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की योजना है। यह कदम ग्रामीण युवाओं को वैश्विक उद्यमों के लिए तैयार करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग इस महीने कार्ययोजना तैयार कर लेगी। बीते दिनों हुए विभाग की समीक्षा बैठक में इस योजना पर गहनता से चर्चा की गई और इस वित्तीय वर्ष के लिए विभाग की कार्ययोजना जल्द बनाने के निर्देश दिए गए, जिससे मिशन के कार्यों की निरंतरता बनी रहे। विभाग डीडीयू-जीकेवाई के लिए वैश्विक मानकों के प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की तैयारी में है। इससे उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय कौशल हब बन सके।

### ग्रामीण युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उच्च वेतन वाली नौकरियों का मौका मिलेगा

## सड़क पार करते समय युवती का दुपट्टा एक्सप्रेस वे निर्माण में लगी मशीन में फंसा, घायल

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के बंथरा कस्बा में एक्सप्रेसऽ वे निर्माण कार्य में लगी मशीन से रोड पार कर रही युवती का दुपट्टा फस जाने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बंथरा कस्बे की रहने वाली सुप्रिया गौतम उम्र 18 वर्ष पुत्री रमेश गौतम कुछ आवश्यक कार्य हेतु हाइवे को पार करके जा रही थी सड़क पार करने के दौरान लापरवाही से उसका दुपट्टा ग्रैन टी मशीन में फंस गया और बुरी तरीके से घायल हो ग?ई। घायल युवती को आनन फानन अमौसी स्थित टी.एस.मिश्रा हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## पार्किंसन रोग में योग चिकित्सा लाभकारी : ओम नारायण अवस्थी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मानव शरीर का प्रमुख अंग मस्तिष्क है। मस्तिष्क में असंतुलन और डोपामाइन नामक तत्व के कम होने से पार्किंसन रोग उत्पन्न होता है। डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में तैनात योगाचार्य ओम नारायण अवस्थी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि पार्किंसन रोग वात नाड़ी के असंतुलन से होता है। इसलिए इसे कम्पावत भी कहते हैं। वात-पित्त और कफ को असंतुलित करके इस बीमारी को कम किया जा सकता है। ओम नारायण अवस्थी ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा और योग चिकित्सा के माध्यम से पर्किंसन रोग को ठीक किया जा सकता है। अग्नि और जल तत्व के असंतुलन से पित्त दोष और जल पृथ्वी तत्व के असुंतलन से कफ दोष उत्पन्न होते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा में पेट की गरम एवं ठण्डी सिकाई ?होती है। इसके अलावा सिर पर जलधारा का प्रयोग करते हैं। प्रकृति और मानव शरीर की रचना आकाश,वायु,अग्नि,जल और पृथ्वी इन पांच तत्वों से हुई है। इन पांच तत्वों में जब असंतुलन होता है तो शरीर बीमार होने लगता है। आकाश और वायु तत्व के असंतुलन से वात दोष उत्पन्न होते हैं। पर्किंसन रोग भी वात दोष के कारण होता है । पार्किंसन रोग में यौगिक प्रबंधन इस बीमारी पर नियंत्रण के लिए सूक्ष्म यौगिक व्यायाम करना चाहिए। गर्दन, कंधे, कोहनी, कलाई, हाथ की उंगलियां, कूल्हा जोड़ घुटना और पंजे आदि का व्यायाम। स्थूल व्यायाम रेखा गति ?व्यायाम,कदम ताल,स्ट्रेचिंगयोगासन सेतुबंध आसान,मर्कट आसन करना चाहिए। इसके अलावा प्राणायाम और प्रत्याहार करना चाहिए।

# श्रीमद भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्ष: सुरेश अवस्थी महराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । हरगांव क्षेत्र के ग्राम अर्मी में आयोजित दशम श्री विष्णु महायज्ञ कथा में नैमिषारण्य से पधारे अन्तरराष्ट्रीय कथा व्यास सुरेश अवस्थी महाराज ने कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा कि जब संत का आगमन बिना किसी सूचना के ग्रहस्थ के घर पर होता है, यह भगवान की कृपा का सूचक है, धन, सम्पति, परिवार जीव के स्वयं के कर्मों की पूंजी होती है जबकि पूजा, सत्संग, गुरु सानिध्य, भगवद् दर्शन भगवान की अनुकंपा का परिणाम है।

श्रीमद् भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ती हो जाती है। संसार दुरूखों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। कोई स्वास्थ्य से दुखी है, कोई परिवार, कोई धन, तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वत ही नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। इस मौके पर हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवत कथा सुन कर अपने आप को धन्य किया वही ग्राम प्रधान आर्मी अनुपम सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से गांव में यज्ञ का आयोजन हो रहा है जिसमें सभी ग्राम वासी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है और सभी के सहयोग से कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष कुछ अच्छा ही होता चला जा रहा है प्रभु की कृपा से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यज्ञ के समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें सभी क्षेत्र वासी और सभी सनातनी प्रसाद पाते है ।

# गैर जनपद में स्थानान्तरित होने के बाद भी नही छोड़ पा रहे जनपद सीतापुर जेई मंशाराम वर्मा

## कई विभागों में अटैचमेंट करा कर माल काटने में दक्ष हैं जेई जिन पर अभी तक कोई कार्यवाही नही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। लघु सिंचाई विभाग जेई मंशाराम वर्मा पर सहायक अभियंता मेहरबान है , जिसके चलते गैर जनपद में स्थानान्तरित होने के बाद भी जेई मंशाराम वर्मा यही रहकर माल काट रहे है। क्यों कि पिछले साल शाशन ने मंशाराम वर्मा का ट्रांसफर किसी दूसरे जनपद में कर दिया था । लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने अपने चहेते व दुधारू गाय साबित हो रहे जेई मंशाराम वर्मा को तो अभी तक कार्यमुक्त ही नहीं कर पाए है । न ही करने के मूड में है क्यों कि कोई व्यक्ति अपनी दुधारू गाय को क्यों जाने दे जा सकता है , वही इनके साथ हुए दूसरे जेई को सहायक अभियंता ने रिलीव कर दिया और जेई मंशाराम वर्मा को रिलीव नही कर कर पाए । क्यों कि




शाशन सत्ता और उच्च अफसरों के फरमान को अपनी जेब में रखते हैं । जिसके चलते ट्रांसफर हो जाने के बाद भी अभी यही कार्यरत है।

भ्रष्टाचार के विरूद्ध सरकार की जीरो टालरेंस की नीति और शाशन की स्थानान्तरण पालिसी को पैंसों की खनक से खुलेआम मुंह चिढाते नजर आ रहे है। लघु सिंचाई विभाग जेई मंशाराम वर्मा व सहायक अभियंता दोनों की मिलीभगत व रुपयों के दम पर जेई मंशाराम वर्मा सीतापुर जिले को छोड़ नही पा रहे है ।माल कमाना उनका पुराना शगल है। विभाग में जो भी जेई उनके हिसाब से नहीं चलता है, वह लखनऊ में बड़े साहब से कह कर उसे राइट टाइम करा देते हैं। विभागीय नियम कानून लघु सिंचाई विभाग के अन्य अभियंताओं पर तो लागू होते हैं, मगर श्री वर्मा पर नहीं। क्यों की उनके लिए न ही सरकार के कोई भी कानून बने अगर बने भी है , तो वर्मा जी के लिए नही। क्यों कि जेई मंषाराम वर्मा ने सरकार के नेताओं को तो साध ही रखा है, लघु सिंचाई, डूडा और नगर निकाय के अफसर भी इनकी जेब में रहते हैं। जिसके चलते वर्मा जी को किसी का डर नही है । तभी तो पिछले साल ट्रांसफर गैर जनपद में हो जाने के बाद भी सीतापुर छोड़ नही पा रहे है।मामले में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जेई श्री वर्मा के क्रियाकलापों की जांच करा कर इनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए इन्हें तत्काल यहां से गैर जनपद के लिए कार्यमुक्त किए जाने की मांग की है। लेकिन जेई मंषाराम वर्मा सरकार के नेताओं को तो साध कर रखते ही है , लघु सिंचाई, डूडा और नगर निकाय के अफसर भी इनकी जेब में रहते हैं। जिसके इनका बाल भी बांका नही कर सकता कोई , लेकिन जेई मंशाराम वर्मा को तत्काल प्रभाव से रिलीव कर उचित कार्यवाही व इनके साथ मिले सभी पर उचित कार्यवाही की जाने की मांग की है।

# निष्ठा लगन व ईमानदारी के साथ गांव का विकास करें ग्राम प्रधान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत विकासखंड संग्रामपुर के समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिव व लेखपालों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड संग्रामपुर के सभी ग्राम प्रधानों से एक एक करके उनके द्वारा अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में किये गये उत्कृष्ट कार्यो के संबंध में जानकारी ली गई साथ ही गांव के विकास के लिए और क्या क्या कार्य किये जा सकते हैं तथा ग्रामीण स्तर पर समस्याओं के निस्तारण के संबंध में चर्चा की गई। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए कि आप लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में ग्राम स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक करें तथा उसमें गांव के विकास के संबंध में कराए जाने वाले कार्यों को लेकर कार्य योजना बनाएं एवं उसी के अनुसार गांव में कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि पूरी ईमानदारी, निष्ठा व लगन के साथ गांव के समग्र विकास की दिशा में आप लोग कार्य करें जिससे आपका गांव विकसित गांव बन सके। शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को दिलवाएं चाहे आवास हो, पेंशन हो, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन एवं अन्य योजनाएं हो उनका लाभ सभी पात्र लोगों को मिले यह भी आप सभी लोग सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही वर्तमान में कई सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसमें स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आप अपनी ग्राम पंचायत में सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में अनिवार्य रूप से कराएं कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता न रहने पाए, संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें गांव में साफ सफाई रखें, हीटवेव से बचाव के लिए लोगों को जानकारी दें गर्मी के मौसम को देखते हुए अमृत सरोवर व तालाबों में पानी भरवाए। आगामी वृक्षारोपण के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लें तथा वहां पर अच्छे तरीके से वृक्षारोपण करवाएं, गौशालाओं में गोवंशों के लिए हरा चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, चारागाह की भूमि पर हरे चारे की बुवाई कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग गांव के प्रथम नागरिक हैं गांव की मूलभूत समस्याओं से आप लोग पूरी तरह भिज्ञ हैं उन समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्य करें। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सभी पंचायत सचिवों और लेखपालों को निर्देश दिए कि आप लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझें, गांव के विकास के क्षेत्र में कार्य करें तथा गांव में छोटी-मोटी समस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराएं। कार्यशाला के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, खण्ड विकास अधिकारी के साथ ही समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, लेखपाल सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय के निर्देशन में द्वितीय पुलिस चौकी परसदा का हुआ उद्घाटन

## क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा के द्वारा फीता काटकर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा-सीतापुर मछरेहटा थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय के निर्देशन मे द्वितीय पुलिस चौकी परसदा का नवनिर्माण कराया गया जिसका उद्घाटन दिनांक : 10-04-2025 को सायंकालीन लगभग 7 बजकर 30 मिनट पर क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा के द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त पुलिस चौकी के उद्घाटन से कानून व्यवस्था की स्थापना, अपराधों की रोकथाम और निवारक कार्यवाही के साथ-साथ क्षेत्र मे विश्वास और सुरक्षा की भावना को बल प्राप्त हुआ है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस चौकी का उद्घाटन क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा।



साथ ही थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि थाना मछरेहटा का क्षेत्रफल विस्तृत होने के कारण सुदूर के नागरिकों को किसी आपातकालीन समय मे या साधन अनुपलब्धता के कारण समय से थाने तक नही पहुंच पाते थे ,अब वह सभी समस्याएं दूर हो गयी है, रिपोर्ट दर्ज कराने के अतिरिक्त सारी कार्यवाही चौकी परसदा से हो जाया करेगी।इस अवसर पर उक्त अतिरिक्त उपजिला अधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा,पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा अधीक्षक डॉ. कमलेश , रामकोट थाना प्रभारी जे.बी. पाण्डेय, संदना थानाध्यक्ष चन्दभानु यादव ,वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ,दीवान विजय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक, निरीक्षक, आरक्षी, चौकी प्रभारी, ग्राम प्रधान और समाजसेवी बबलू दीक्षित, गम्पू सिंह, अंजनी शुक्ला, अंकित श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खत्री सभा की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खत्री सभा सीतापुर की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी की घोषणा शुक्रवार को जिले के नेहरू हाल में की गई। नेहरू हाल में खत्री सभा ने कार्यक्रम कर नव नियुक्त पदाधिकारी को प्रमाण पत्र एवं समाज के अंग वस्त्र का वितरण किया। इस मौके पर पदाधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर तहसील के समीप स्थित राजस्व जनक खत्री राजा टोडरमल जी एवं रम्पा टॉकीज स्थित खत्री आचार्य नरेंद्र देव जी की मूर्तियों पर जिला अध्यक्ष खत्री अचिन मेहरोत्रा सहित पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में खत्री सभा सीतापुर के जिला अध्यक्ष अचिन मेंहरोत्रा ने संरक्षक मंडल की सहमति से जिला पदाधिकारी नियुक्त किये। कार्यक्रम में ही जिला पदाधिकारी की घोषणा की गई। जिसमें जिला महामंत्री पद पर रेनू मेहरोत्रा (बिसवां), जितेंद्र मेहरोत्रा, सौरभ मेहरोत्रा को मनोनीत किया गया। जिला उपाध्यक्ष पद पर अमर मेहरोत्रा(बिसवां), समीर




पुरी(लहरपुर), निखिल मेहरोत्रा, निधि खन्ना, विनय पुरी, आलोक टंडन, अमित पुरी, सचिन मेहरोत्रा, राजीव टंडन, पंकज खन्ना (हरगांव), मीनू कपूर, मनोज कपूर, मनु सहगल, कुशाग्र सहगल, नितिन मेहरोत्रा, मनोज सेठ, विशाल टंडन को मनोनीत किया गया। विधिक प्रकोष्ठ में एड.रोहित मेहरोत्रा को मनोनीत। इसी तरह जिला मंत्री पद पर आरती मेहरोत्रा, रती सहगल, नितिन मेहरोत्रा, वैभव मेहरोत्रा, अनुकूल सेठ, शोभना मेहरोत्रा, प्रवाल महेन्द्र(खैराबाद), पारस धवन, शैली महेंद्र, करन मगन(महोली), शिल्पी टण्डन, शशांक महेंद्र, नेहा महेन्द्र, अमित सेठ(महाराजनगर), इश्लेन्द्र आनन्द हनी(सिधौली), लीना पुरी, राम मेहरोत्रा को मनोनीत किया गया है। जिला कोषाध्यक्ष पद पर केसी कपूर को मनोनीत किया गया। व्यवस्थापक मंत्री पद पर वरुन खन्ना, आशू कपूर को मनोनीत किया गया है।धर्मशाला प्रबंधन पद पर प्रदीप धवन,कमल मेहरोत्रा को मनोनीत किया गया है।इस मौके पर संरक्षक डॉक्टर आरके टंडन, सुधीर मेहरोत्रा, गोपाल टंडन, मार्गदर्शक पूरी जी ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाई और प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक मंडल के द्वारा गौरव उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं समाज के लोगों को संबोधित किया गया साथ ही जिला अध्यक्ष में मल्होत्रा के द्वारा कार्यक्रम के दौरान खट्टी समाज के इतिहास के विषय में विस्तार से बताते हुए उपस्थित जन समूह को अवगत कराया की खत्री समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास

**पदाधिकारी को सौपा गया प्रमाण पत्र**

**दिलाई गई शपथ**

**खत्री समाज का है गौरवशाली इतिहास त्अचिन**

है और आज के वर्तमान परिवेश में हम सबको एकमत होकर रहना की आवश्यकता है उन्होंने कहा की आने वाले समय में हमारा समाज भी विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-कर कर अपनी हिस्सेदारी दर्ज करेगा इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन के बाद जिला अध्यक्ष सचिन में उत्तर आने नवनियुक्त जिला पदाधिकारी के साथ बैठक कर आगे की का योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं कार्यक्रम के समापन पर बिसवां के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बीडी कपूर जी के पुत्र डॉ विवेक कपूर जी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत डीएम ने की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैंक ऑफ बड़ौदा पहुंचकर पात्रों के दिये जाने वाले ऋण की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन प्राप्त हुये हैं, उनका निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कर दिया जाये। उन्होंने लम्बित पड़े प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी आवेदनकर्ता के दस्तावेजों में कोई कमी या कम है तो संबंधित लाभार्थी को अवगत अवश्य कराया जाये। आवेदन करने वाले लाभार्थियों को ईधर-उधर भटकाया न जाये, उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाये। साथ ही



अपना व्यवहार आवेदनकर्ता के लिये मधुर रखें। बिना किसी ठोस कारण के आवेदन निरस्त न किये जायें तथा आवेदनकर्ता से फोन पर वार्ता भी करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित दस्तावेजों की सूची सभी बैंकों में लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह सहित संबंधित बैंक के अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## सुन्दरकाण्ड और निशान शोभायात्रा का आयोजन

जहांगीराबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार 12 अप्रैल को पुरैनी गंज स्थित हनुमान मंदिर पर दोपहर 12:15 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा तथा शाम 5 बजे से विशाल निशान शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस बात की जानकारी कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मण्डल कार्यवाह पुरैनीगंज पंकज खेतान ने दी है।

## निजी विद्यालयों में किए जा रहे विभिन्न अन्याय अत्याचार और उत्पीड़न के विरोध में सौंपा ज्ञापन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के आह्वान पर आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा द्वारा अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट कार्यालय जिला अधिकारी सीतापुर को देश के विभिन्न बोर्ड के प्राइवेट विद्यालयों में किये जा रहे विभिन्न प्रकार के अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न के संबंध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर भारत की राष्ट्रपति महोदया के नाम प्रत्यावेदन दिया।प्रत्यावेदन में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों से अलग-अलग बोर्ड की मान्यता वाले विद्यालयों में बच्चों और अभिभावकों का नाना प्रकार से शोषण किया जा रहा है।बच्चों से मासिक शुल्क के रूप में रु 3000 से रु 25000 प्रति माह मासिक शुल्क वसूला जा रहा है. इसी प्रकार बोर्ड की कम दर की पुस्तक की जगह बाहर के प्रकाशकों से अनावश्यक रूप से महंगी पुस्तक खरीदी जा रही हैं. मनचाही दुकानों से कमीशन लेकर महंगे दर पर स्कूल ड्रेस बनवायें जा रहे हैं. एडमिशन चार्ज के नाम पर भारी धनराशि वसूली जा रही है. साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून का कोई पालन नहीं किया जा रहा है।आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से केंद्र सरकार और प्रत्येक राज्य सरकार को इन बिंदुओं का तत्काल संज्ञान लेकर उक्त के संबंध में कार्रवाई करने और कृत कार्रवाई से आमजन को श्वेत पत्र के माध्यम से अवगत कराने की मांग की।विरोध प्रदर्शन के दौरान चन्द्र भान सक्सेना, राज कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्ता, लक्ष्मी कांत बाजपेई, रजत शुक्ला, प्रताप, पिंकी सिंह, सुशील कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# वक्फ संशोधन अधिनियम-2025: गैर-मुस्लिम सदस्यों की उपस्थिति : प्रशासन सुधार का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । हाल ही में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 को लेकर एक और गलतफहमी फैलाई जा रही है कि वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से इन संस्थाओं का मुस्लिम चरित्र कमजोर हो जाएगा। यह चिंता निराधार है और वास्तविकता को समझने में चूक है। अधिनियम में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का एकमात्र उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रशासन में सुधार लाना है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राज्य वक्फ बोर्ड (एसडब्ल्यूबी) में अधिकतम ग्यारह सदस्यों में से केवल तीन और केंद्रीय वक्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी) में बाईस सदस्यों में से केवल चार गैर-मुस्लिम होंगे, जिनमें पदेन सदस्य भी शामिल हैं। यह संख्या स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि इन संस्थाओं में मुस्लिम सदस्यों का बहुमत बना रहेगा और निर्णय लेने की प्रक्रिया पर उनका प्रभुत्व कायम रहेगा। गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का उद्देश्य किसी भी तरह से इन संस्थाओं के मूल चरित्र को बदलना नहीं है। गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का मुख्य कारण उनके अनुभव और व्यावसायिकता का लाभ उठाना है। प्रशासन, वित्त और कानून के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता वक्फ संस्थानों को अधिक कुशल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में सहायक होगी। वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन अंततः गरीब और वंचित मुसलमानों के लिए ही फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि इन संपत्तियों से प्राप्त आय का उपयोग उनके कल्याण के लिए किया जा सकेगा। यह तर्क देना कि गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप है, ऐतिहासिक उदाहरणों और स्थापित सिद्धांतों की अनदेखी करता है। भारत में मुस्लिम सुधारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण समितियों, जैसे कि सच्चर समिति और रंगनाथ मिश्रा आयोग, का नेतृत्व गैर-मुस्लिमों ने किया। इन समितियों ने भारतीय मुस्लिम आबादी की स्थितियों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशें दीं, जिन्हें व्यापक रूप से स्वीकार किया गया। यदि गैर-मुस्लिमों द्वारा इन सुधारों की दिशा में काम करना धार्मिक हस्तक्षेप नहीं माना गया, तो वक्फ बोर्डों और परिषद में उन्हें प्रशासनिक सुधार के उद्देश्य से शामिल करना कैसे धार्मिक हस्तक्षेप हो सकता है?

वक्फ एक धार्मिक अवधारणा है, जबकि वक्फ संपत्तियों का प्रशासन एक लौकिक मामला है। इन दोनों को स्पष्ट रूप से अलग-अलग समझा जाना चाहिए और इन्हें आपस में मिलाने का कोई भी प्रयास अनुचित है। अधिनियम केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और प्रशासन को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित है, न कि वक्फ की धार्मिक प्रकृति पर। इस्लाम में भी इस बात की अनुमति है कि एक गैर-मुस्लिम भी वक्फ संपत्ति का मुतवल्ली (प्रबंधक) हो सकता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाफिज मोहम्मद जफर अहमद बनाम यूपी सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड (1965) के अपने फैसले में स्पष्ट रूप से कहा था कि मुतवल्ली का अधिकार विशुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन का अधिकार है, न कि स्वामित्व का अधिकार। मुतवल्ली के कर्तव्य विशुद्ध रूप से धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के होते हैं, न कि धार्मिक। इसी प्रकार, बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1950 के तहत, चैरिटी कमिश्नर सार्वजनिक धर्मार्थ न्यासों और संस्थानों के विनियमन, पर्यवेक्षण और प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अधिनियम में चैरिटी कमिश्नर बनने के लिए किसी विशेष धर्म का उल्लेख नहीं है। इसका तात्पर्य यह है कि धर्मनिरपेक्ष प्रशासन के लिए धार्मिक पृष्ठभूमि कोई बाधा नहीं है।

निष्कर्षतः, वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का उद्देश्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद के चरित्र को कमजोर करना नहीं है, बल्कि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को अधिक कुशल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। उनका अनुभव और व्यावसायिकता इन संस्थानों के कामकाज में सकारात्मक योगदान देगा, जिससे अंततः मुस्लिम समुदाय को ही लाभ होगा। धार्मिक अवधारणा और संपत्ति प्रबंधन के बीच स्पष्ट अंतर को समझना आवश्यक है और इस सकारात्मक कदम को संकीर्ण दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए।

## राघवेन्द्र बाजपेई हत्या काण्ड के खुलासे से संतुष्ट नहीं रशिम बाजपेई पुलिस अधीक्षक

सीतापुर । 08 मार्च को दिनदहाड़े दैनिक जागरण पत्रकार महोली राघवेन्द्र बाजपेई जी की दिनदहाड़े की गई नृशंस हत्या के चौंतीस दिनों बाद पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा द्वारा खुलासे के लिए आयोजित प्रेस वार्ता में दिए गए बयानों में जिन बिंदुओं पर जांच और निष्कर्ष से केस अन्यत्र ले जाने की कोशिश की गई मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं।यह बात स्व0 राघवेन्द्र बाजपेई की पत्नी रश्मि बाजपेई ने कही है।उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आ रहा कि पहले के खुलासे में हमारे पति को दुष्कर्म में शामिल होने को हत्या का कारण बताया गया और अब बाबा को दुष्कर्म करते हुए मेरे पति द्वारा देख लेने पर कि कहीं खबर प्रकाशित न कर दे हत्या का आधार बनाकर खुलासा किया जा रहा है।इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तभी इस केस का खुलासा हो पाएगा मैं और मेरा परिवार तब तक इस मुद्दे पर आवाज उठाता रहेंगा जब तक संतुष्टि नहीं मिलती।

# भ्रष्टाचार को लेकर व्यापारियों संग किसानों ने किया चकबंदी कार्यालय का घेराव

**0 उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर माने किसान, प्रदर्शन पर लगाया विराम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



डीह,रायबरेली । क्षेत्र के डीह गांव में चल रही चकबंदी प्रकिया में भ्रष्टाचार को लेकर किसानों की आवाज बुलंद करने को लेकर आखिरकार डीह व्यापार मंडल भी चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरते हुए विरोध प्रदर्शन करते किया । विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर किसानों संग चकबंदी कार्यालय डीह पहुंच कर जमकर हंगामा करते हुए उच्चाधिकारियों से न्यायहित में नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की। वहीं मौके पर पहुंचे चकबंदी सहायक चकबंदी अधिकारी (एसीओ) अवधेश कुमार ने व्यापारियों और किसानों को जल्द ही समस्या के समाधान को लेकर आश्वस्त किया।बताते चलें कि डीह व्यापार मंडल (मुरारका गुट) के अध्यक्ष श्रवन कुमार अग्रहरि के नेतृत्व में दर्जनों किसान चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही खेती को बचाने के लिए चकबंदी कार्यालय डीह पहुंचे। जहां उन्होंने सहायक चकबंदी अधिकारी (एसीओ ) से मुलाकात कर चकबंदी प्रक्रिया में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि ने ग्राम डीह के चकबंदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार से पीड़ित किसानों का नेतृत्व किया और एसीओ अवधेश कुमार को किसानों की मांगों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों द्वारा नियमों को ताक पर रख कर भ्रष्टाचार का खेल करके गरीब किसानों के पेट पर लात मारने का काम किया है।इसी के साथ ही किसानों ने चकबंदी को रद्द कर पुनः नई चकबंदी की मांग रखी।एसीओ अवधेश कुमार ने किसानों से कहा कि उनके रहते किसी का भी अहित नहीं होगा। इस मामले को लेकर अब वह स्वंय मौके पर जाकर इस मामले की जमीनी हकीकत को देखेंगे और जो आपत्तियां इस दौरान प्राप्त हुई हैं।इनका क्रमबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।सभी की बात सुनी जाएगी।इस मामले की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि ने कहा कि इस मामले में एसीओ ने किसानों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा।साथ ही किसानों और व्यापारियों के अनुरोध पर चकबंदी लेखपाल डीह रामश्री को फिलहाल हटाया नही जाएगा। हमें उम्मीद है कि एसीओ भी एक किसान के बेटे हैं वह भी किसानों की जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं और वह इस मामले को गंभीरता से लेकर निस्तारण करेंगे। इस दौरान भानू सिंह किसान यूनियन बलॉक अध्यक्ष, शिव प्रसाद यादव,अरविंद तिवारी,बब्बू यादव,अंबरेश यादव,राधेश्याम,विकास सिंह,बंटी सिंह,प्रकाश गौतम,शिवप्यारे अग्रहरि,हरीओम अग्रहरि, शिवसागर, मोतीलाल,अभय सिंह समेत दर्जनों से ज्यादा किसान और व्यापारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में शारदा संगोष्ठी का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी महराजगंज श्री राम मिलन यादव जी द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई ।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए ।प्रत्येक कक्षा से प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मुख्य अथिति द्वारा प्रगति पत्र ,मेडल एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया साथी ही ऐसे बच्चों के अभिभावकों को भी विद्यालय स्तर से प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनको सम्मानित किया गया ।सत्र 2024-25 में विद्यालय को निपुण विद्यालय के रूप में स्थापित करने के लिए आदरणीय बी,इ,ओ, सर द्वारा विद्यालय स्टाफ की सराहना की गई ।एवं अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की गई ।कार्यक्रम में विद्यालय की स.अ.अनीता मौर्या एवं शिक्षा मित्र रविशंकर जी का भी उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनको सम्मानित किया गया ।मंच का संचालन संजय कनौजिया द्वारा किया गया ।उक्त कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कनौजिया के द्वारा आयोजित किया गया।

# आज कुशीनगर आएंगे डिप्टी सीएम, एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**उपमुख्यमंत्री करेंगे स्वर्गीय बन्नी देवी स्वर्गीय उमाशंकर कुशवाहा के मूर्ती का अनावरण**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना,कुशीनगर । प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज शनिवार को पडरौना शहर के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित प्रियदर्शी सम्राट अशोक जयंती समारोह को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर भारतीय इंटरमीडिएट कालेज के परिसर में प्रशासनिक अमला की ओर से निरीक्षण किया गया । शुक्रवार को भाजपा नेता एनपी उर्फ नथुनी कुशवाहा के साथ एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पडरौना नगर के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके पुर्व पडरौना नगर के बेलवा चुंगी स्थित भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज में सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आगमन होगा। वे यहा स्वर्गीय बन्नी देवी और स्वर्गीय उमाशंकर कुशवाहा के मूर्ति का अनावरण करेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य सुबह 10:00 बजे लखनऊ से हवाई जहाज से प्रस्थान करेंगे और कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। जहां भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। वे सड़क मार्ग से पूर्वान्ह 11:30 पर पडरौना नगर के बेलवा चुंगी स्थित भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज पहुंचेंगे और मूर्ति का अनावरण करेंगे। दिन में 12:00 पर उपमुख्यमंत्री श्रीमौर्य जूनियर हाई स्कूल के मैदान में कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा भारत के द्वारा आयोजित प्रियदर्शी सम्राट अशोक जयंती समारोह में भाग लेंगे। जहां भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उपस्थित जनसभा को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह,पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक सदर मनीष जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहेगें।

# अधिकारों में वृद्धि को लेकर 9 सूत्रीय मांग पत्र के साथ सांसद से मिला सभासद एसोसिएशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल नौ सूत्री मांगों को लेकर जिला योजना समिति सदस्य व वार्ड 07 गुरुटोला अनंतपुरा सभासद मोहम्मद अफजल के नेतृत्व में एक पत्रक आजमगढ़ सदर सांसद श्री धर्मेंद्र यादव जी को सौंपा। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सभासद मोहम्मद अफजल ने कहा कि नगरीय व्यवस्था को सुधारने के लिए सभासदो के अधिकारों में इजाफा करना होगा, तभी व अपने अधिकारों का इस्तेमाल करके घर-घर विकास पहुंचा सकेंगे।

इसके लिए प्रदेश के सभासदों को वार्षिक विकास निधि पैतीस लाख रूपये निर्धारित की जाये, प्रदेश के सभासदों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपया मानदेय दिया जाये, प्रदेश के निकायों में मेयर व चेयर मैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लागू किया जाये।प्रदेश के नगर निकाय में डिप्टी मेयर उपाध्यक्ष, वाईस चेयर मैन का पद बहाल किया जाये, प्रदेश के सभासद के आकस्मिक के निधन पर उसके परिवार के आश्रित हो पचास लाख रूपये का तत्काल अहेतु आर्थिक सहायता शासन द्वारा प्रदान किया जाये। वरिष्ठ सभासद श्री विजय चन्द यादव ने कहाकि सभासदों को जनता के कार्य से अपने जिला मुख्यालय में आने और जाने हेतु रोडवेज व रेल का निःशुल्क पास पूरे 5 वर्ष तक दिया जाए, प्रदेश के सभासदों को अपने निकाय के सहायक अभियंता को विकास कार्य हेतु आगणन (स्टीमेट) बनाने हेतु सीधा आदेश देने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए, आउट सोर्सिंग कर्मचारी के चयन में निकाय के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी के साथ सभासदों को भी शामिल किया जाये, एक लाख रूपए तक का विकास कार्य हेतु सभासदों को स्वतंत्र अधिकार मिले जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष का कोई हस्तक्षेप न रहे। सांसद धर्मेद्र यादव ने सभासद एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वाशन दिया कि आगामी संसद सत्र आप सभी के मुद्दों को संसद में जोरदार तरीके से उठाऊंगा व उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी पार्टी की तरफ से उठवाऊंगा। इस अवसर पर महताब कुरैशी, शेखर चौधरी वीरेंद्र यादव पूर्व सभासद तारिक फैसल अनवर अहमद अजीजुर्रहमान बाबू आनन्द देव उपाध्याय सन्तोष चौहान मनोज यादव रेखा यादव आदि सभासद मौजूद रहे।

# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। भदोखर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायित अभिरक्षा में जेल भेज दिया। भदोखर थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी और उनकी टीम ने कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित को शुक्रवार को थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पुल से गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित छोटेलाल पुत्र सीताराम निवासी दिल्लीहार थाना मिलएरिया पर सदर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे कमें वांछित चल रहा था। पुलिस आरोपित को तलाश कर रही थी, मगर उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। वह लगातार फरार चल रहा था। इसी बीच सूचना मिली कि जगदीशपुर पुल पर मौजूद है।

मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया गया। उस पर मिल एरिया थाने में धोखाधड़ी,आबकारी अधिनियम और कोतवाली में गैंगेस्टर अधिनियम का मामला दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दयानंद तिवारी,वरिष्ठ उपनिरीक्षक मो.जिब्राइल,उपनिरीक्षक अम्बिका प्रसाद सिंह, कांस्टेबल आदि पटेल शामिल रहे।

# निजी विद्यालयो की मनमानी के विरोध में कंग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को जिला कंाग्रेस कमेटी कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा राधे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि एवं बताए गए दुकानों से किताब और यूनिफॉर्म की खरीद फरोख्त के खिलाफ राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर को सौपा गया।सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में नया सत्र का प्रारंभ हो चुका है।

उत्तर प्रदेश के निजी स्कूल पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हो चुके हैं एवं विद्यालयों को उन्होंने लूट का तंत्र बना दिया है। वे न सिर्फ मनमानी फीस वृद्धि कर रहे हैं। बल्कि अपने बताए दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभि भावकों पर दबाव बना रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि कंाग्रेस पार्टी निजी स्कूलों के इस निरंकुशता और शोषण की घोर निंदा करती है एवं मांग करती है कि इस लूट तंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलो हेतु फीस किताबें और यूनिफार्म के लिए एक न्याय उचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलंब बनाया जाय। ज्ञापन देने वालों में तारकेश्वर सिंह जयनारायण प्रसाद सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद तिवारी, मोहम्मद जहीरूद्दीन, अनिल यादव, साजिद अली, अरशद अली, पलटन यादव, आफताब आलम, नागेंद्र सिंह, मोहम्मद वारिस, जय सिंह, अविनाश गौड़, सिराज अंसारी, सुरेश चंद्र मिश्रा, शबनम खातून, सरोज गौतम, नदीम सरवर, सुरेश चंद्र मिश्र आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

कुशीनगर। गोरखपुर से रक्सौल जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन से रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए युवक का ट्रेन से जान चली गई ।घटना खड्डा रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर बंजारी पट्टी में बने अंडरपास के पास खंभा संख्या 318/2 के पास हुआ। युवक की पहचान इमाम हसन पुत्र नवीरसूल अंसारी निवासी - शिवदत्त छपरा पोस्ट नेबुआ रायगंज थाना खड्डा कुशीनगर के रूप में हुआ है ।परिजन के अनुसार युवक अपने घर से कमाने के लिए निकाला था जो खड्डा स्टेशन से ट्रेन पड़कर बाहर जाने वाला था।

# नवागत सीएमओ ने कार्यभार ग्रहण किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर सीएमओ ऑफिस पहुंचकर शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ आर डी कुशवाहा, नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार गुप्ता, डॉ अवधेश कुशवाहा, डीपीएम आदि कर्मचारियों ने फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिसके बाद पद ग्रहण कराया गया। डॉ भास्कर इसके पहले वरिष्ठ परामर्शदाता जिला संयुक्त चिकित्सालय कासगंज में थे। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि सरकार के मंशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं का कहा मरीजों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे फर्जी अस्पतालों व झोलाछाप चिकित्सकों पर शिकंजा भी कसा जाएगा। सीएमओ का तल्ख तेवर देख लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

# धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा, एक व्यक्ति हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के अरूशा गांव में एक घर में कई लोग एकत्रित होकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर चली गई। ग्रामीणों के अनुसार, मौके पर 30 से अधिक महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।ग्रामीणों का आरोप है कि इस गतिविधि में बाहरी लोग शामिल हैं, जो स्थानीय लोगों को देवी-देवताओं की पूजा करने से रोकते हैं और लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनका कहना है कि यह सिलसिला लगातार चल रहा था, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित करने का फैसला किया। अहरौला थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और घटनास्थल पर पहुंची। वहां कुछ लोग मौजूद थे, जिनमें से गृह स्वामी को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि मामले की तह तक जाया जा सके। थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।इस पूरे मामले में एसपी ग्रामीण चिराग जैन का कहना है कि अहरौला थाना क्षेत्र के अरूशा गांव में सूचना मिली जहां एक घर में कुछ महिलाओं का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था इस सूचना पर मौके पर अरोड़ा थाना अध्यक्ष पहुंचकर धर्म परिवर्तन करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया अभियुक्त के पास से धर्म ग्रंथो को बरामद किया। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रतिदिन विद्यालय आने और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**0 बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर बनी अनुप्रिया कुमारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत चाफ में स्थित संविलियन विद्यालय चाफ खास में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता व अन्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। शैक्षिक सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा के साथ विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। पूरे विद्यालय स्तर पर शीर्ष तीन स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। वहीं, इको क्लब से जुड़े विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय को मिले 'निपुण विद्यालय' प्रशस्ति पत्र को कक्षा 1 व 2 के बच्चों को समर्पित करते हुए उनके उत्साह को सराहा गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने और संस्कारपूर्ण शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्रों ने मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने आस-पड़ोस में कम से कम पांच पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक अलाउद्दीन अंसारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। ग्राम प्रधान अशुतोष कुमार कुशवाहा, नोडल संकुल व जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री योगेंद्र शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनुप्रिया बनीं बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर

कक्षा 7 की छात्रा अनुप्रिया कुमारी को उनकी सर्वांगीण प्रतिभा और अनुशासित शैक्षणिक योगदान के लिए 'बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर' का खिताब दिया गया। अनुप्रिया नियमित उपस्थिति, पढ़ाई में उत्कृष्टता और सहगामी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। समारोह में सम्मानित होकर उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी पर अभद्र टिप्पणी का मामला: आरोपी प्रताप नारायण दुबे की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**सूचना विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश दूबे की तहरीर पर नगर पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा, हाईकोर्ट ने वादी मुकदमा को भी जारी किया इश्यू नोटिस**

**भ्रष्टाचार की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता का मानसिक उत्पीड़न : प्रताप नारायण दुबे का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के खिलाफ सोशल मीडि या पर की गयी अभद्र टिप्पणी मामले में सूचना विभाग में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश दूबे के द्वारा कोतवाली नग र में प्रताप नारायण दूबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।इस मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी प्रताप नारायण दुबे की गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया है और वादी मुकदमा को इश्यू नोटिस जारी किया है।बताते चलें कि कौड़िया थाना क्षेत्र के विकासखंड रुपईडीह बेलवा बाजार गांव के रहने वाले विधिक छात्र व आरटीआई कार्यकर्ता व प्रताप नारायण दूबे ने ग्राम पंचायत में हुए कार्यों में 40 लाख रूपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा से शिकायत की थी।जिलाधिकारी ने नवंबर में तीन सदस्यीय कमेटी से जांच कराई,जिसमें आरोपों की पुष्टि नहीं हुई।इस मामले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दोबारा जांच के आदेश दिए।नगर कोतवाली पुलिस को राजेश दुबे द्वारा जो तहरीर दी गयी,उसमें कहा गया कि जांच नतीजों से नाराज प्रताप नारायण दूबे ने सोशल मीडिया पर डीएम और जिला प्रशासन को टैग करते हुए अभद्र टिप्पणी की।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,गोण्डा पुलिस और पंचायत राज विभाग को भी टैग किया।इस पर जिलाधिकारी ने प्रताप नारायण दूबे को कार्यालय भी बुलाया था।हालांकि उसी के बाद एक अप्रैल को मुकदमा दर्ज करा दिया गया।




नगर कोतवाल ने जिला प्रशासन को बदनाम करने की कोशिश और जिलाधिकारी को अपमानित करने के लिए असत्य एवं भ्रामक तथ्य फैलाने के आरोप में प्रताप नारायण दूबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने लगी।

इस पर प्रताप दूबे ने उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ की शरण ली। प्रताप नारायण के अधिवक्ता आलोक कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। इस मामले में हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए वादी मुकदमा राजेश दूबे को इश्यू नोटिस जारी किया है।

### फेसबुक अकाउंट से लगाए गंभीर आरोप

प्रताप दुबे ने अपने फ़ेसबुक अकाउंट से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिख क़र अपलोड किया है और जिला प्रशा सन पर एक गंभीर आरोप लगाया है और डीएम गोंडा को टैग करके लिखा है कि मुझे जिला प्रशासन के सड़े हुए सिस्टम की वजह से मुझे अपने ही जनपद में 3 व 4 अप्रै ल को एक अपराधी की तरह छुपकर रहना पड़ा,जो धि क्कार है आपकी प्रशासनिक व्यवस्था पर जिस तरह भ्रष्टाचारियों को अपने संरक्षण दिया है और खोखली बया न बाजी से जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है वह अत्यंत निंदनीय है और ऐसे भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों को में अपने जनपद में और समय तक नहीं रहने दूंगा।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। निजी स्कूलों की मनमानी और फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अब कंाग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शुक्रवार को पूरे उत्तर प्रदेश में कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया है। गोण्डा में भी कंाग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन क र सरकार और निजी स्कूल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है।पूर्व विधायक कंाग्रेस जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह की अगवाई में जुटे कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर नारेबाजी की उनका आरोप है कि निजी स्कूल बिना किसी वजह के हर साल फीस बढ़ा रहे हैं और अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं इसके अलावा स्कूल प्रबंधन द्वारा तय की गई दुका नों से ही ड्रेस,किताबें,जूते-मोजे लेने का दबाव बनाया जा रहा है,जिससे अभिभावक मजबूरी में महंगे दामों पर सामा न खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने योगी सर कार से मांग की कि वह निजी स्कूलों की इस मनमानी पर सख्ती से रोक लगाए और फीस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए,कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी गोण्डा के माध्यम से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक ज्ञापन भी भेजा है।

# वृक्षों से ऑक्सीजन का होता है उत्सर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । वृक्ष पूरे भूमण्डल के मानव सहित जीव-जन्तुओं को जीवन सहित हर स्तर पर सहायक है। वृक्षों से जितनी आक्सीजन मिलती है, वह जिन्दगी देने के लिए महत्वपूर्ण है। वृक्षों से प्राप्त जीवनदायनी आक्सीजन के लिये हम सदैव प्रकृति के ऋणी है। जितना अधिक वृक्षारोपण होगा, उतना अधिक आक्सीजन का उत्सर्जन होगा। आज यह आवश्यक है कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति पीपल, बरगद, पाकड, नीम सहित सभी प्रजातियों के पौधों का रोपण तथा वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक उनका संरक्षण कर मानव जीवन तथा भावी पीढ़ी के लिए ऋण मुक्त हो। साथ ही कार्बन अवशोषण में वृक्षों की भूमिका का आम जन मानस भी जागृत हो आज यह आवश्यक है कि नैतिक नैतिकता के साथ-साथ पर्यावरण नैतिकता की भावना को जागृत कर आक्सीजन टैंक तथा कार्बन सिंक में वृक्षों के महत्व पर आम जन मे जानकारी दी जाती रहे जिससे लोग वृक्षारोपण करते रहें।प्रदेश सरकार द्वारा वनीकरण के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु जनमानस में वन एवं वृक्षों के संरक्षण के प्रति संवेदना व अभिरूचि उत्पन्न करते हुए वृक्षों से होने वाले लाभों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। इस हेतु जन सहभागिता के माध्यम से हरीतिमा संवर्धन एवं विस्तार के दृष्टिगत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा व संरक्षण भी किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने आम जन-मानस में परिवार के हर सदस्य द्वारा एक पौधे का रोपण का संदेश प्रदेश सरकार के हर गांव में पहुंचा कर वृक्षारोपण कर रही है।

प्रदूषण नियंत्रण में वृक्ष के महत्व पर जन जागरूकता वृक्ष वायुमण्डल से हानिकारक गैसों को हटाकर, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित कर ग्रीन हाउस के प्रभाव को कम करने के साथ-साथ वायु की गुणवत्ता में सुधार करते है। पर्यावरण शुद्ध करने धूल व तापमान नियंत्रण व ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण में वृक्ष प्रजातियों पीपल, बरगद, पाकड़ गूलर, नीम, आम, जामुन, महुआ, इमली, अमलतास, अशोक, सहजन आदि सहायक हैं।

# मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को किया जागरूक

**एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों का दौरा कर छात्राओं को जागरूक किया। छात्राओं को उनके सुरक्षा के संबंध में कानूनी अधिकारों एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान कर उन्हें सतर्क और सशक्त किया गया।पुलिस अधीक्षक विनी त जयसवाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक,राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा को लेकर व्या पक स्तर पर जागरूकता फैलाना है।इसी क्रम जनपद केकोतवाली करनैलगंज क्षेत्र में महिला उपनिरीक्षक खुशबू श्रीवास्तव, उप निरीक्षक आरती गौतम,महिला आरक्षी रू पा देवी,द्वारा करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र सूर्यपतीदेवी मेमो रियल इण्टर कॉलेज कटरा शाहबाजपुर ( बाबू पुरवा) बर गदी कोट में जाकर महिला उपनिरीक्षक उपनिरीक्षक खुश बू श्रीवास्तव,उप निरीक्षक आरती गौतम,महिला आरक्षी रूपा देवी द्वारा स्कूल में जाकर मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीमों के सहयोग से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयो जित किया गया।



इस अवसर पर छात्राओं को बाल श्रम, बाल विवाह,महिला सुरक्षा,साइबर अपराध,दहेज उत्पीड़न जैसे महिला अपराधों से संबंधित विभिन्न विषयों पर शिक्षि त किया गया।इसके अतिरिक्त,उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा-102 आदि की जानकारी दी गई।मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 अभियान से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

# अम्बेडकर जयन्ती पर समारोह पूर्वक आयोजित होगें विविध कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । शासन द्वारा स्वतन्त्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर 14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक सम्पूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष-पर्यन्त 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' की टैगलाइन के अन्तर्गत अभियान के रूप में विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। तत्क्रम में आगामी 14 अप्रैल 2025 (बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयन्ती) से 15 दिवसीय कार्यक्रम में भागीदारी (दिनांक 14 से 28 अप्रैल तक) को सम्पूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने की अपेक्षा की गई है।शासन द्वारा अपेक्षा की गई है कि सम्पूर्ण प्रदेश में आगामी अम्बेडकर जयंती समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाय तथा 14 से 28 अप्रैल तक की विशिष्ट तिथियों पर जिला पंचायतों, विकास खण्डों, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में पूर्व निर्धारित परम्परागत कार्यक्रमों यथा-प्रार्थना सभा आदि के पश्चात 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के टैग लाईन वाने पोस्टर, बैनर एवं झंडे के साथ प्रभात फ़ेरियों का आयोजन कराते हुए प्रभात फ़ेरी समाप्ति स्थल (एस.सी. एस.टी. बाहुल्य क्षेत्र में अमृत सरोबर स्थलों पर बाबा साहेब की मूर्ति अथवा मूर्ति की अनुपलब्धता में उनका बढ़ा चित्र लगाकर उस पर माल्यापर्ण अथवा पुष्पांजलि अर्पण के साथ) पर स्वतंत्रता प्राप्ति तथा संविधान निर्माण के सम्बन्ध में मनीषियों एवं विधि वेत्ताओं की भूमिका पर वाद-विवाद, गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन कराया जाय।

प्रत्येक गैर सरकारी अथवा सरकारी कार्यालयों में संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकारों, संविधान के अनुच्छेद 51क के अन्तर्गत उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों एवं अद्यतन संविधान संशोधनों पर व्याख्यानमाला आदि का आयोजन किया जाय।शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाय।

# अब बहराइच के युवा भी बना सकेंगे मोबाइल और टैबलेट यंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। भारत सरकार के कार्यक्रम स्किल इंडिया को बढ़ावा देते हुए भारतीय श्रमिक कामगार कर्माचारी के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक की पहल से उत्तर प्रदेश की युवाओं को स्किल प्रदान करके रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है जिसके तहत बहराइच का प्रतिनिधित्व कर रहे जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान के सचिव गौरव शर्मा ने अपने बहराइच जिले के युवाओं ,मुख्य तौर पे थारू जनजाति के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए उनके ट्रेनिंग की बैठक अत्या टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर श्री सिरनेश ठाकुर से की, जिसमें श्री ठाकुर ने आई टी आई मनकापुर के साथ प्रपोजल तैयार किया जिसमें युवाओं को मोबाइल ,टैबलेट पी सी बी बोर्ड की ट्रेनिंग दी जाएगी , जिससे मेक इन इंडिया के तहत नए यंत्रों का उत्पादन किया जा सकता है।जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य जिले में सांस्कृतिक विकास के साथ साथ सामाजिक विकास होना भी अत्यंत आवश्यक है, संस्था जहां शहर में सांस्कृतिक सरोकार का मूल्य सबको समझा रही है वहीं संस्था का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में भी खासकर थारू जनजाति एवं ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां के बच्चे पढ़ाई के साथ साथ ऐसे टेक्निकल एजुकेशन में भी जायेगे तो देश का विकास होना निश्चिंत है। संस्थान के प्रबंधक जगदीश केसरी जी ने बताया कि क्योंकि बहराइच एक पिछड़ा जिला है, और इस पहल के साथ निशित रूप से जिले को गति मिलेगी , इस मौके पर संस्थान की कोषाध्यक्ष, चरणजीत जी ने बताया कि इस पहल से संस्थान के सभी सदस्यों में खुशी की लहर है। अन्य सदस्यों में संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ गर्वित मल्होत्रा, अंशु मल्होत्रा संयोजक पंकज कुमार, स्पर्श शुक्ला , शिवम् कुमार आदि लोग कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए उपस्थित रहे।



# संसार को एक डोरी में बांधने वाले कन्हैया को प्यार की डोरी में बांधा माँ यशोदा ने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । जिस कन्हैया ने एक डोरी में पूरे संसार को बांध रखा है उस कन्हैया को कोई डोरी में कैसे बांध सकता है परन्तु माता यशोदा ने उसे एक छोटे से प्यार की डोरी में बांध ली । उक्त बातें पादरी बाजार के सेवेन रिंग्स मैसेज हाल निकट फ़ातिमा अस्पताल पर आयोजित श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन वृंदावन से पधारे स्वामी प्रज्ञानन्द जी महाराज ने श्रीमुख से अमृत वर्षा करते हुए कही । कथा ब्यास ने आगे कहा कि गुरुवार भगवान श्रीकृष्ण का दिन है इसलिए इसदिन भूल कर भी कोई मदिरा व मांस का सेवन न करें । वैसे तो मांस व मदिरा का प्रयोग कभी भी नही करना चाहिए क्योंकि वह सदैव ही हानि पहुचता है । कथा के अध्यक्ष इंजी विजय कुमार यादव व कथा प्रभारी पार्षद प्रतिनिधि सुधीर यादव ने बताया कि 8 अप्रैल से शुरू हुआ यह कथा यज्ञ 14 अप्रैल तक सांय 4 बजे से प्रभु इच्छा तक चलता रहेगा । हवन व विशाल भंडारा 15 अप्रैल दिन मंगलवार को है ।





कथा के मुख्य यजमान पार्षद के ससुर वीरेंद्र प्रताप यादव ,सास श्रीमती अमलावती देवी है । मुख्यदानी अतुल त्रिपाठी के सौजन्य से मैरिज हाल निःशुल्क श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के लिए प्रयोग किया जा रहा है । कथा में मुख्य रूप से डॉ आरसी चौधरी,भोरिक यादव,उमेश यादव,रामप्रवेश गिरी, अनमोल तिवारी,आलोक यादव,प्रेमप्रकाश तिवारी,चंद्रशेखर यादव,अशोक सिंह,पवन श्रीवास्तव, सागर गौड़,देवेन्द्र चौहान आदि का विशेष सहयोग प्रतिदिन मिल रहा है ।

## किड्स कैंपस प्री स्कूल का फर्स्ट एनुअल-डे का हुआ सेलिब्रेशन



नानपारा, बहराइच। लखीमपुर रोड स्थित मन्नत मैरिज लॉन में किड्स कैंपस प्री स्कूल का फर्स्ट एनुअल डे सेलिब्रेट किया गया जिसमें नन्हे नन्हे बच्चों ने अपना अपना परफॉर्मेंस पेश किया। कार्यक्रम का संचालन किड्स कैंपस प्री स्कूल की टीचर्स मिस अदीबा रहमान, मिस सोबिया जमाल और मिस हुमा सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नानपारा एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे जिसमें अध्यक्ष अजीम साहब, उपाध्यक्ष नसरुद्दीन व फखरुद्दीन, सेक्रेटरी यासिर अरफ़ात अंसारी, फाइनेंस सेक्रेट्री मोइन अहमद, सदस्यों में सलमान, आबिद अली और स्कूल के एम डी स?ईद अहमद मौजूद रहे। इस अवसर पर प्ले ग्रुप में प्रथम रैंक सारा खान द्वितीय रैंक उमर मिर्ज़ा व तृतीय रैंक आइमा रिफाकत, नर्सरी क्लास में प्रथम रैंक अर्शियान नसीर द्वितीय रैंक गौस रजा व तृतीय रैंक माज़ अहमद तथा एल केजी में प्रथम रैंक मारिया खान दित्तीय रैंक आबिश खान तृतीय रैंक राहत अदीब ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त यू के जी में प्रथम रैंक फैजान महमूद रज़ा कादरी ने हासिल किया। इस अवसर पर किड्स कैंपस प्री स्कूल के सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया तथा उनके माता-पिता को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सभी ने खूब प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी।इस मौके पर मौलाना मोईनुद्दीन कादरी, मौलाना असद साहब, अनीस अहमद खान, शोएब, रईस बेग सहित अभिभावक व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## श्री गांधी आश्रम के इंचार्ज का स्थानांतरण होने पर लोग हुए भावुक



नानपारा, बहराइच। शुक्रवार को श्री गांधी आश्रम नानपारा शाखा में कार्यरत तारकेश्वर यादव (इंचार्ज) का बहराइच स्थानांतरण हो जाने पर परिसर में बिदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अब्दुल मुशीर सेठ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं नगर के संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई के दौरान मौजूद लोग भावुक हो गए और उनके द्वारा गांधी आश्रम में बिताए उन पलो को याद करने लगे। इस मौके पर अनिल पोद्दार, अमित गुप्ता, अकील अहमद, जीशान अहमद, अहसान अहमद व नए इंचार्ज दयानंद दूबे मौजूद रहे।

## पिपराइच विधानसभा में हुआ भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन



गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के गुरु गोरक्षनाथ धर्मशाला में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया।कार्यक्रम में खजनी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संत प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए । कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं का प्रचार करने का निर्देश दिया।खजनी के पूर्व विधायक संत प्रसाद ने कहा कि सरकार की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना से गरीबों को आसानी से घर मिल रहे हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को बिना किसी भेदभाव का मिल रहा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है, यह एक विचारधारा है – राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की सोच से प्रेरित।

# प्रकृति में ईश्वर का वास: गोवर्धन पूजा और श्रीमद्भागवत कथा में प्रकृति-प्रेम का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखनाथ स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने न केवल पारंपरिक लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया, बल्कि अपने शब्दों में प्रकृति के महत्व को भी उजागर किया। उन्होंने कहा,''प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की पूजा होती है,''जिसका संदेश आज के पर्यावरणीय संकट में अत्यंत प्रासंगिक हो उठा है।गोवर्धन पूजा और प्रकृति का अभिन्न संबंधगोवर्धन पूजा पर कथा के दौरान यह विशेष संदेश मिलता है कि गोवर्धन पर्वत मात्र भगवान श्रीकृष्ण की लीला का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह प्रकृति का जीवंत और पवित्र रूप भी है। कथा में गोवर्धन पूजा का उल्लेख करते हुए बताया गया कि जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर सम्पूर्ण प्रकृति तथा जीव-जंतुओं की रक्षा की, वैसे ही आज के युग में हमें प्रकृति की सुरक्षा करना अपना धर्म बनाना चाहिए।प्रकृति की असीम शक्ति का प्रतीक:गोवर्धन पर्वत के रूप में प्रकृति की अदम्य शक्ति, स्थिरता और सुरक्षा का प्रतिरूप माना जाता है। गोवर्धन पूजा, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रदर्शित करुणा और वीरता का संदेश देता है, वहीं हमें यह भी सिखाती है कि प्रत्येक पेड़, नदी, पहाड़ी और वनस्पति में परमात्मा का वास है।पर्यावरण संरक्षण का संदेश:श्वेतिमा माधव प्रिया ने गोवर्धन पूजा को इस दायरे में प्रस्तुत किया कि हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए। जैसे भगवान ने गोवर्धन पर्वत के रूप में प्रकृति की शक्ति का संरक्षण किया, वैसे ही आज के समय में हमें पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा और स्थिर पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।आध्यात्मिक और सामाजिक जागरूकता का संगम:गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारे प्रेम और जिम्मेदारियों का प्रतीक भी है। यह हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति और मानव जीवन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। इस आयोजन के दौरान, कथा के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरित किया गया कि पर्यावरण संरक्षण भी एक आध्यात्मिक कर्तव्य है।



# मेडिकल स्टोर की आड़ में कथित डॉक्टर बच्चों का कर रहा इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग 15 मील चौराहे पर एक कथित डॉक्टर मेडिकल स्टोर की आड़ में बच्चों और नवजात शिशुओं का बेखौफ होकर इलाज कर रहा है। इस मामले की शिकायत ड्रग विभाग और स्वास्थ्य विभाग में किये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

रामपुर बुजुर्ग निवासी सत्यप्रकाश गिरी ने बताया कि रामपुर बुजुर्ग 15 मील चौराहे पर एक कथित डॉक्टर डेढ़ दशक से छोटे बच्चों और नवजात शिशुओं का इलाज करता चला आ रहा है। उक्त डॉक्टर जिस मकान में अपना प्रैक्टिस करता है उसमें एक मेडिकल स्टोर भी खोल रखा है। उस मेडिकल स्टोर का लाइसेंस जिस महिला के नाम पर है वह चंडीगढ़ में एक फार्मा कम्पनी में नौकरी करती है। जबकि नियमानुसार मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट का उपस्थित रहना जरूरी है। इसी मेडिकल स्टोर की आड़ में उक्त कथित डॉक्टर मरीजों का इलाज करता है और उसी मेडिकल स्टोर से दवा आदि देता है।

पूर्व में हुई शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्कालीन एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जांच किया और उक्त कथित डॉक्टर का क्लिनिक सील कर दिया। लेकिन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस को देख कर चार माह बाद सील को इस चेतावनी के साथ खोल दिया गया कि भविष्य में दुबारा प्रैक्टिस करते पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस चेतावनी के बाद भी उक्त कथित डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस मकान में मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है उस मकान की भूमि भी विवादित है। जिस भूमि पर मकान बना है वह भूमि एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति का जाति छिपाकर बैनामा लिया गया है।

# चेयरमैन ने शहर में नवनिर्मित दो सीसी मार्गो का लोकार्पण उपस्थित रहे नागरिक और सभासद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने शुक्रवार को शहर में नवनिर्मित दो सीसी मार्गों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर काफी संख्या में शहर के नागरिक और वार्ड सभासद मौजूद रहे। डॉ आस्था अग्रवाल ने शहर में हो रहे विकास कार्य की और शासन से नई योजनाओं की स्वीकृति मिलने की जानकारी दी।शुक्रवार सुबह शहर की वार्ड नंबर 11 में चुंगी माल गोदाम के सामने वाली सड़क से लेकर सरफराज खां इमामबाड़े की ओर जाने वाले चौराहे तक बनाए गए सीसी मार्ग और शाहजी मियां दरगाह से जुगनू की पाकड़ तक बनाए गए सीसी मार्ग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों के साथ मिलकर फीता काटा और शिलापट्ट अनावरण किया। डॉ आस्था ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर सड़क निर्माण के कार्य चल रहे हैं। आने वाले समय में शहर में अच्छी सड़क मिलेगी और विकास की गंगा बहेगी। बताया कि उनकी मांग पर शासन ने कई योजनाओं को स्वीकृत किया है। जिनके लिए किस्त भी जारी कर दी गई है। हाल ही में वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थी। मुख्यमंत्री को उन्होंने अन्य कई योजनाओं के प्रस्ताव सौंपे हैं। जिस पर शासन द्वारा जल्दी ही स्वीकृति मिल जाएगी।

सड़कों के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सभासद इकबाल हजरत, सभासद साकेत सक्सेना, मोहम्मद शरीफ, निज़ाकत अली कादरी, आरिफ हजरत, नदीम वारसी, विपिन मिश्रा, विपिन सक्सेना, रोहित कुमार, शाहजी मियां दरगाह के काफी संख्या में मुरीद और शहर वासी मौजूद रहे।

# निजी विद्यालय की मनमानी पर कंग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्रदेश कंग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद मे निजी विद्यालयों के मनमानी रवैए के खिलाफ कंग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कंग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में सैकड़ों की संख्या में कंग्रेस कार्यकर्ता व नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट बिंदूषी सिंह के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इस दौरान कंग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्राइवेट स्कूल नए सत्र में पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। दिन प्रतिदिन स्कूलों के प्रबंध तंत्र फीस में अनियंत्रित वृद्धि कर रहे हैं। किताब, कॉपी और ड्रेस के लिए अपनी तय दुकानों से खरीद की अनिवार्यता बना रहे हैं। इन दुकानों पर शिक्षा जगत से जुड़े सभी समान मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में अभिभावक पहले से ही आर्थिक तंगी की मार झेल रहे हैं। स्कूलों की इस मनमानी से वे मानसिक प्रताड़ना का भी शिकार हो रहे हैं,हम अभिभावकों व छात्रों के इस शोषण की कड़ी निंदा करते है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल से मांग की है कि निजी स्कूलों की फीस, किताबों और यूनिफॉर्म के लिए एक न्यायसंगत नियमावली तुरंत बनाई जाए।

वहीं उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही ऐसे विद्यालयों के प्रबंधकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो इसके लिए कंग्रेस पार्टी आने वाले समय में सड़कों पर उतरने को बाध्य होगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा की राज्य सरकार ऐसे विद्यालयों के प्रबंधकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें अन्यथा कंग्रेस इसके लिए बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, सुब्रत सिंह सनी, अपरबल सिंह, हाजी फिरोज अहमद, सिराज सिद्दीकी, सुनील चौहान, विनोद राणा, असलम अंसारी, इमरान अहमद,कुमारी निकलेश सरोज, प्रदीप सिंह, नंदलाल मौर्य,मानस तिवारी, रणवीर सिंह राणा, मोहित तिवारी, लड्डू अहमद ममनून आलम शीतला साहू, देवेन्द्र तिवारी, सलाहुद्दीन हाशमी, आरबी पांडे अशोक सिंह,राम भवन पांडे रणजीत सिंह सलूजा, हामिद राईनी, श्याम लगन,सिराज अकेला, जिगर पाठक आदि लोग शामिल रहे।

# पीलीभीत जिला अध्यक्ष ने बरेली पहुंच कर अपनी टीम के साथ पूर्व सांसद का किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।बहुजन समाज पार्टी के बरेली मंडल कार्यालय पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री कुमारी मायावती के निर्देशानुसार बरेली मंडल के मुख्य प्रभारी बनाए गए पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार का हार्दिक स्वागत किया गया एवं इस मौके पर पीलीभीत जनपद के निवासी एवं भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के बरेली मंडल के मंडल प्रचारक प्रेम सागर चक्रवर्ती आजाद समाज पार्टी को छोड़कर अपने कई समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए हैं।उन्होंने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं मान्यवर काशीराम के मिशन और मूवमेंट को आगे बढ़ाने वाली एकमात्र पार्टी बहुजन समाज पार्टी को बताया उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को अपना आदर्श नेता बताते हुए उनके दिशा निर्देशों पर कार्य करने की सहमति दी उनको बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता बरेली मंडल के प्रभारी घनश्यामचंद खरवार की उपस्थिति में पीलीभीत जनपद के जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने सदस्यता ग्रहण करवाई इस मौके पर पीलीभीत जनपद से जिला प्रभारी मुन्नालाल कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, भाईचारा के जिला संयोजक भगवान सिंह गौतम, जिला उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी एवं चारों जनपद के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे हैं।

# ई–रिक्शा संचालक लगातार शोषण और वसूली के खिलाफ आवाज़ कर रहे बुलंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## कांग्रेसी नेता रंजीत सैलूजा ने दिया ई रिक्शा संचालको को समर्थन

सुल्तानपुर। अवैध वसूली के खिलाफ ई-रिक्शा संचालकों ने हल्ला बोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर दर्जनों ड्राइवर जिलाधिकारी दफ्तर पहुंचे। ई रिक्शा संचालकों के साथ कंग्रेस पार्टी के लोकप्रिय नेता रंजीत सलूजा भी मौजूद रहे। उन्होंने विरोध प्रदर्शन को जायज ठहराया और तत्काल वसूली बंद किए जाने की मांग दोहराई। ई रिक्शा संचालकों ने मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को दूसरी बार मांग पत्र सौंप कर अपनी पीड़ा बयां की। कहा कि हम सभी आर0टी0ओ0 विभाग मे 2400 ? रोड टैक्स,2500 ? फिटनेस फीस जमा करते हैं। बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन द्वारा जबरदस्ती 15 से 50 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से पैसा वसूली किया जा रहा है । आरोप लगाया कि जब हम लोगों ने यह जानने की कोशिश की हम लोगों से पैसा क्यों वसूला जा रहा है तो उतने में जो लड़के पैसा मांग रहे थे हमारे बैटरी रिक्शा चालको से मारपीट करने पर उतारू हो गये और गाली गलौज करने लगे। ई रिक्शा संचालकों ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय जी हम लोग बहुत ही गरीबी में अपना जीवन व्यतीत कर रहे है। दिन भर बैटरी रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है। हम लोग आर0टी0ओ0 आफिस में 2400 रु0 सालाना रोड टेक्स जमा करते हैं। 2500 रु0 फिटनेस आर0टी0ओ0 विभाग में जमा करते हैं। लेकिन तब भी जबरदस्ती नगर पालिका प्रशासन हम लोगों से 15 से 50 रूपये वसूला जा रहा है। जबकि नगर पालिका की ओर से प्रतिदिन ?10 वसूली का आदेश है। बावजूद इसके वसूली करने वाली टीम जबरन 2 से 5 गुना तक की वसूली कर रही है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा हमें कोई सुविधा नहीं मिल रही है तो हम अपनी मेनहत का पैसा इनको क्यों दें सभी ने एक स्वर में कहा कि जिलाधिकारी से समस्त बैटरी रिक्शा चालक की तरफ से यह मांग है कि तत्काल नगर पालिका प्रशासन द्वारा जो अवैध वसूली हो रही है इसको बन्द किया जाय, 72 घंटे के अन्दर हमारी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ और नगर पालिका प्रशासन द्वारा अवैध वसूली बन्द नहीं हुई तो मजबूरन समस्त सुलतानपुर बैटरी रिक्शा चालकों की तरफ से रोड पर उतरने को मजबूर हो जायेगे। यूनियन के जिलाध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन के अन्दर बैठ अनिश्चित कालीन धरना होगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन की होगी।

## 50 लाख रूपये की लागत से तालाब का होगा कायाकल्प

मूलभूत सुविधाओं से लैस कर जनता को होगा नरायनपुर का यह तालाब

सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वार्ड नरायनपुर सौरमऊ में स्थित तालाब का कायाकल्प करते हुए जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य नगर पालिका अध्यक्ष ने विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यह काफी पुराना तालाब है, जो अत्यन्त जीर्णशीर्ण व दयनीय अवस्था में था, स्थानीय लोगों द्वारा इसके जीर्णोद्धार की बराबर मॉग की जा रही थी, जिसे देखते हुए पालिका द्वारा लगभग 50 लाख रूपये की लागत से इस लगभग 100x100 वर्ग मीटर की भूमि में तालाब की खुदाई, सफाई व किनारे मिट्टी पटान, इन्टरलॉकिंग पाथ वे, हाईमास्ट लाइट, बैठने के लिए बेंच व पौधरोपण आदि कार्य कराते हुए मूलभूत सुविधाओं से लैस कर जनता को समर्पित किया जायेगा'। कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय सभासद अखिलेश मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर पालिका की अवर–अभियन्ता सुश्री नीलम कुमारी, सभासद विजय जायसवाल, गिरीश कुमार मिश्र, अरविन्द, अरूण कुमार तिवारी, संजय कप्तान, एवं रंजीत आदि स्थानीय नागरिकों सहित अन्य गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

## रेलवे प्रशासन की तालाबनुमा भूमि का किया निरीक्षण, माप लेआउट के माध्यम से ली जानकारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीएम संजय कुमार सिंह ने नगर पालिका पीलीभीत क्षेत्रान्तर्गत रेलवे प्रशासन द्वारा तालाबनुमा भूमि के पटान को देखा। निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि के सम्बन्ध मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड नम्बर 09 बल्लभ नगर, हनुमान मंदिर गली आदि मोहल्लों के 400 घरों का पानी रेलवे स्टेशन की भूमि तालाबनुमा होने के कारण निकासी जाती रही। इस दौरान उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा बिना नगर पालिका को सूचना दिए बगैर भूमि का पटान शुरू कर दिया, जिससे लगभग तीन हजार लोगों के घर से जल निकासी अवरोध उत्पन्न हो गया। जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों को आवश्स्त करते हुये कहा कि रेलवे विभाग से वार्ता कर जल्द से जल्द पानी निकासी हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के 8 साल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुशासन की मिसाल : ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर विकास खंड क्षेत्र के कई गांवों में घर घर संपर्क एवं पत्रक वितरण हेतु गांव चलो वार्ड चलो अभियान चलाया है।इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर '8 साल बेमिसाल'के पत्रक कई गांवों में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अगुआई में वितरित किए गए हैं।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया है।साथ ही बूथ समिति एवं वार्ड समिति के पदाधिकारियों से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की और आने वाले चुनाव के लिए कार्ययोजना पर विचार–विमर्श भी किया है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा,ल्भाजपा सरकार के 8 साल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुशासन की मिसाल हैं। हम हर घर तक विकास की गूंज पहुँचाना चाहते हैं।ल्पार्टी कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं। वार्ड स्तर तक संगठन को सक्रिय करना हमारा लक्ष्य है।जिससे हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इस अभियान में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य साहिर भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कढैया गांव में शिकायत से नाराज होकर झोपड़ी में लगाई आग सभी सामान जलकर राख, एसपी से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कढैया की रहने वाली बृद्ध महिला शांति देवी पत्नी रामपाल ने शुक्रवार को बताया कि उसके पति ने उसको छोड़ दिया था। जिसके बाद से वह काफी समय से गांव में खलिहान की जगह में घास फूस की झोपड़ी बनाकर इधर उधर से मांगकर अपना गुजर बसर करती हैं। आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले सुखलाल, संजीव, मोहन, अहिवरन, रामपाल, वृजभान, रविंदर, राजेंद्र व अमरजीत उक्त लोग उसके साथ आए दिन गालीगलौज कर उसको मारपीट कर भगा रहे है और पीड़िता के पशु और खाने पीने का राशन चोरी कर लेते है। उक्त लोग पहले भी उसकी झोपड़ी में आग लगा चुके हैं। जिसमें उसका खाने पीने के सामान सहित अन्य सामान जल गया था। मामले में पुलिस व तहसील प्रशासन और तीन अप्रैल को आरजीआरएस पर शिकायत की थी। आरोप है कि इसी से नाराज होकर उक्त लोगों ने बृद्ध महिला की घास फूस से बनी झोपड़ी में आठ अप्रैल 2025 को आग लगाकर जला दी। जिसमें सभी सामान जलकर राख हो गया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता ने मामले में एसपी से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

# यातायात पुलिस द्वारा ई रिक्शा का किया जायेगा सत्यापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा ई रिक्शा का सत्यापन कराया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में,यातायात प्रभारी के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु तथा सड़क दुर्घटना की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुगम एवं ई रिक्शा,ई रिक्शा चालकों की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान चलाकर ई रिक्शा चालकों को विशेष नम्बर प्रदान कर उनके ई रिक्शा पर उक्त नम्बरो को अंकित किया जा रहा है जिसका मुख्य उददेश्य नाबालिक बालक ई रिक्शा न चलाने पायें, समस्त सत्यापित ई रिक्शा को विशेष नम्बर दिये जायेगें विशेष नंबर ई-रिक्शा की पहचान हेतु सहायक होगें, आवंटित विशेष नंबरों के आधार पर ही ई-रिक्शा की सम्पूर्ण डीटेल्स एक विशेष रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है। ई-रिक्शा चालक दाहिनी ओर बने गेट को पूर्णतः बन्द रखेंगे जिससे सवारियां एक ही ओर से चढ़े उतरें जिससे सड़क दुर्घटना में अंकुश लगेगा। उक्त अभियान के तहत आवंटित विशेष नंबरों के आधार पर ई-रिक्शा की सम्पूर्ण डीटेल्स एक विशेष रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है । जनपद में कुल दो हजार सात सौ अठानवे ई रिक्शा का सत्यापन शेष हैं जिनका सत्यापन बारह अप्रैल से अठारह अप्रैल तक यातायात कार्यालय गौरीगंज में, कस्बा जगदीशपुर में व कस्बा मुसाफिरखाना में किया जायेगा।अतः शेष ई-रिक्शा मालिक, चालक निर्धारित स्थान पर पहुंचकर आवश्यक रूप से अपने-अपने ई-रिक्शा का सत्यापन करायें उक्त समयावधि में सत्यापन न कराने वाले ई रिक्शा मालिक,चालक के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# कम्पोजिट विद्यालय के मेधावी बच्चों को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के कम्पोजिट विद्यालय राजामऊ में शिक्षारत कक्षा आठ के मेधावी छात्र छात्राओं को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने परीक्षाफल व मेडल प्रदान किया और इन मेधावी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस कम्पोजिट विद्यालय को गोद लेकर कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण कराया गया है जो अन्य सुविधाएं शेष बची हैं उनको भी जल्द ही पूर्ण करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के भवन पहले से बेहतर हो गये है और शिक्षण कार्य के लिये योग्य शिक्षक भी कार्यरत हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को एमडीएम,फल,दूध, ड्रेस के साथ ही निःशुल्क पुस्तके प्रदान की जा रही है।खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने समस्त अभिवावकों से अपने पाल्यों को नियमित भेजने की बात कही है। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ राजू, प्रधानाध्यापिका अजरा परवीन,अनूप सिंह,शिवांगी वर्मा,स्नेहा निर्मल,शिवम शर्मा,अवधेश सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# दूबेपुर की शिक्षिका लखनऊ में हुई सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। काशी हिन्दी विद्यापीठ परिषद लखनऊ द्वारा विद्या वाचस्पति सम्मान समारोह एवं सृजन काव्य संगोष्ठी एवं शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रदेशों से आये रचनाकारों साहित्यकारों कवियो एवं अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले अध्यापक गणों को विद्या वाचस्पति मानद उपाधि ( डॉक्टरेट ) से सम्मानित किया गया। सुलतानपुर जनपद से दूबेपुर ब्लाक की शिक्षिका अर्चना श्रीवास्तव को शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए विद्या वाचस्पति मानद उपाधि प्रदान की गयी। आयोजन के मुख्य अतिथि काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुलसचिव डा0 इन्द्रजीत तिवारी विशिष्ट अतिथि लखनऊ आकाशवाणी केन्द्र की लोकगायिका अनीता मिश्रा थी। कार्यक्रम का आयोजन सृजन अन्तर्राष्ट्रीय कला साहित्य संस्कृति के संस्थापक श्री मनीष देव गुप्ता के द्वारा किया गया । पूर्व में भी अर्चना श्रीवास्तव उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए अयोध्या एवं हरिद्वार में सम्मानित हो चुकी है इस समय उनकी दो पुस्तके प्रकाशाधीन है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों परिवारीजनो एवं मित्रों ने खुशी जतायी है। अर्चना अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता कमला श्रीवास्तव एवं कमलेश श्रीवास्तव एवं ससुर अमर बहादुर लाल सेवानिवृत शिक्षक दूबेपुर पति आलोक श्रीवास्तव श्री मनीष देव गुप्ता तथा समस्त प्रेरणादायी मित्रों को देती है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष डाव गायत्री सिंह महामंत्री सीमा सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय दूबेपुर ब्लाक अध्यक्ष रमेश तिवारी मंत्री फिरोज अहमद नोडल शिक्षक संकुल बजरंग यादव प्रदीप श्रीवास्तव राजनाथ मिश्र संदीप सिंह अभिषेक सिंह सर्वेश सिंह गरिमा चौरसिया सीमा गुप्ता उपासना श्रीवास्तन प्रांजली श्रीवास्तव शिल्पी तिवारी पारुल सिंह आकांक्षा दीप सीमा पाण्डेय आदि शिक्षको ने बधाई दी ।

# गांव चलो अभियान को पूरी ताकत से सफल बना रहे हैं कार्यकर्ता : सुधांशु शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भाजपा का चलों अभियान दो सौ तिहत्तर शक्ति केन्द्रों व एक हजार पांच सौ इक्यावन बूथों पर चलेगा। दो सौ तिहत्तर शक्तिकेन्द्रों पर प्रवासी के रूप में पार्टी पदाधिकारियों, पूर्व जिला अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी दी कि इस अभियान में बूथ समिति व पन्ना प्रमुख की बैठकें होगी।मन्दिर,अस्पताल, स्कूल एवं सेवा बस्ती में स्वच्छता अभियान भी चल रहा है।दस लाभार्थियों से मिलने के साथ कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करेंगे।भाजपा ध्वज लेकर गलियों में शोभायात्रा निकाली जाएगी।इसके साथ वरिष्ठ लोगों,सेनानी व कारसेवकों का सम्मान और शाम को चौपाल आयोजित होंगी।पार्टी ने 273 शक्तिकेन्द्रों पर प्रवासी बना कर जिम्मेदारी सौंपा है।प्रवासी कार्यकर्ता अपने निर्धारित शक्तिकेन्द्रों पर 8 घंटे प्रवास कर अभियान को सफल बनाएंगे। इसके अलावा गांव की जाति-वर्ग अनुसार जनसंख्या, जातियों के नेता,की वोटर्स, लाभार्थी आदि का डाटा एकत्रित करेंगे।प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने गौरीगंज मंडल के ग्राम बासुपुर बूथ संख्या 298 पर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में लाभार्थियों से संपर्क किया वह सम्मानित भी किया और चौपाल भी लगाया साथ में प्रमंडल अध्यक्ष संतोष द्विवेदी एवं बूथ अध्यक्ष।पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने रानीगंज मंडल के ग्राम थोड़ी बूथ संख्या 282 में लाभार्थी से संपर्क एवं सम्मानित किया साथ में प्रधान प्रतिनिधि नागेश चौबे भीम की भी उपस्थित रहे।पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी गौरीगंज मंडल के भरगामा ग्राम बूथ संख्या 207 में प्रवास किया साथ में मंडल अध्यक्ष अजय सिंह एवं उमाशंकर सिंह उपस्थित रहे।

## आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी 'अधिकृत वेंडर' से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाज़ार दर से दोगुना होता है क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे 'अनिवार्य' बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है और दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क, और फिर ट्यूशन खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन। इन सबका उद्देश्य एक ही होता है '99% लाओ'। और जब ये नंबर नहीं आते, तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं, और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है। अब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा 'कमाई' पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही 'पर्ची' कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइयाँ, ऋ्र्ठ, और 'एडवांस पेमेंट' की माँग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज़ की स्थिति क्या है। सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज़ ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है। यहाँ तक कि मौत के बाद भी लाश को एक-दो दिन रोककर 'मर्चुरी चार्जेस', 'फ्रीजर चार्जेस' आदि के नाम पर अंतिम सांस तक पैसा वसूला जाता है। यह एक क्रूर मजाक है उस परिवार के साथ जो पहले ही अपनों को खो चुका होता है। इस लूट का सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब किसी को छिपकर नहीं करना पड़ता सब कुछ खुलेआम होता है। अखबार, सोशल मीडिया, न्यूज चैनल हर जगह यह मुद्दा उठता है। हर साल प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी और हॉस्पिटल बिलों पर शोर होता है, लेकिन हर बार यह शोर धीरे-धीरे दबा दिया जाता है। क्यों? क्योंकि अधिकतर प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल इन सबके पीछे किसी ना किसी नेता का हाथ होता है। चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का सिस्टम में बैठे अधिकतर लोग कहीं ना कहीं इस खेल में हिस्सेदार होते हैं। नियम-कानून बनते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं होता। आरटीई (शिक्षा का अधिकार कानून), सीजीएचएस (स्वास्थ्य सुविधा योजना), नैशनल मेडिकल काउंसिल ये सब नाम भर हैं, जिनका प्रयोग प्रचार में होता है, न कि आम आदमी को राहत देने में। गरीबों के लिए सरकार कभी-कभी योजनाएँ बना देती है, अमीरों को कोई चिंता नहीं, लेकिन सबसे ज्यादा पिसता है मध्यम वर्ग। न उसे सरकारी स्कूल में भेजना गवारा होता है, न सरकारी अस्पताल में जाना। मजबूरी में वह प्राइवेट विकल्प चुनता है, और फिर उसी जाल में फँस जाता है एक ऐसा जाल जिसमें न कोई नियंत्रण है, न कोई जवाबदेही। मध्यम वर्ग न तो सड़क पर उतरता है, न ही आंदोलन करता है। वह हर महीने अपनी जेब काटकर क्ख्रक्र देता है, स्कूल की फीस चुकाता है, हॉस्पिटल के बिल भरता है, और बस यही सोचता है और कोई रास्ता भी तो नहीं है। अगर वास्तव में इस समस्या से निपटना है, तो कुछ ठोस कदम उठाने होंगे।

## बांग्लादेश के लिए घातक साबित होगा भारत का कूटनीतिक प्रहार

**भारत ने बांग्लादेश के एक्सपोर्ट कार्गो के लिए ट्रांसशिपमेंट सुविधा समाप्त कर देने से बांग्लादेश, भारत होकर भूटान, नेपाल और म्यांमार को निर्यात नहीं कर पाएगा। भारत का यह क़दम बांग्लादेश को साफ़ संदेश देता है कि वह अपनी सामरिक स्थिति का दुरुपयोग करके भारत के हितों को चुनौती नहीं दे सकता। भारत के इस निर्णय से पहले ही आर्थिक रूप से बदहाल बांग्लादेश का व्यापार खासा प्रभावित होगा। म्यांमार, नेपाल और भूटान को अपना सामान भेजने के लिए अब उसे महंगा और लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। भूटान, नेपाल और म्यांमार तीसरे देशों के साथ व्यापार के लिए भारतीय रास्तों पर निर्भर हैं। पहले भारत से होकर जाने वाला रास्ता आसान था। इससे समय और पैसे की बचत होती थी। अब बांग्लादेश के व्यापारियों को ज्यादा समय लगेगा, ज्यादा खर्चा आएगा और अनिश्चितता बढ़ेगी। यह सुविधा बंद करने से भारत के लिए सामरिक चुनौती पैदा करने वाले दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ रक्षा व कारोबारी संबंध बढ़ाने में जुटे बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को भारत ने बड़ा सबक दिया है। भारत का यह फैसला पहले से घटते निर्यात और अमेरिकी सरकार की तरफ से बांग्लादेश पर 37 फ़ीसदी पारस्परिक शुल्क की घोषणा से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। बांग्लादेश म्यांमार को मुख्य रूप से वस्त्र, दवाइयाँ, और खाद्य उत्पाद जैसे आलू और मछली निर्यात करता है, वहीं म्यांमार से बांग्लादेश मुख्य रूप से लकड़ी, समुद्री उत्पाद और कुछ कृषि उत्पाद आयात करता है।**


एक पखवाड़ा पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने जब चीन जाकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से सटे लालमोनिरहाट में अपना एयरबेस बनाने का न्योता दिया था तो वे नहीं जानते थे कि वे कितना बड़ा दुःस्साहस कर रहे हैं। उन्होंने डींग हांकते हुए बांग्लादेश को भारत के इन सीमांत राज्यों का 'गार्जियन' (संरक्षक) तक घोषित कर दिया। 26-29 मार्च के बीच चीन यात्रा के दौरान यूनुस ने बीजिंग में डींग हांकी कि 'नॉर्थ ईस्ट यानी भारत के सात राज्य लैंडलॉक्ड हैं, उनके पास समुद्र तक पहुँचने का रास्ता नहीं है। बांग्लादेश इस पूरे क्षेत्र के लिए समुद्र का एकमात्र संरक्षक है। यह चीन की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा अवसर हो सकता है।'

इस दुःस्साहस भरे न्यौते से भारत का सतर्क होना स्वाभाविक था। 'सेवन सिस्टर्स' और 'चिकन नेक' के नाम से ख्यात भारत के ये सीमांत राज्य सामरिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। बांग्लादेश का लालमोनिरहाट जिला भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, इस कारण भारत का चिंतित होना जायज है।

भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सामूहिक रूप से बांग्लादेश के साथ 1,596 किमी. लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा, चीन के साथ 1,395 किमी, म्यांमार के साथ 1,640 और भूटान के साथ 455 किमी. तथा नेपाल के साथ 97 किमी सीमा है, लेकिन ये केवल 22 किमी की एक पट्टी के माध्यम से भारत के बाकी हिस्सों से जुड़े हैं, जिसे 'चिकन नेक' कॉरिडोर कहा जाता है। यह बेहद संकरा मार्ग है। इसके दक्षिण में बांग्लादेश और उत्तर में नेपाल, भूटान और चीन हैं। यह करीब 60 किमी. लंबा और 21 किमी. चौड़ा है। चिकन नेक कॉरिडोर ही पूर्वोतर राज्यों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। काफी संकरा होने के कारण चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान की नज़रें हमेशा से इस पर रही हैं। अगर बांग्लादेश के ज़रिए चीन यहाँ अपनी आर्थिक या सामरिक पकड़ बनाता है तो यह भारत के लिए सुरक्षा ख़तरा बन सकता है।

कुछ दिनों की खामोशी के बाद भारत ने मंगलवार आधी रात अचानक बांग्लादेश के लिए 'ट्रांसशिपमेंट' यानी भारत के बंदरगाहों और हवाई अड्डों से कारोबार करने की सुविधा बंद कर उसकी आर्थिक रीढ़ पर जोरदार चोट की है। अंतरराष्ट्रीय जगत में इसे बांग्लादेश पर भारत का बड़ा कूटनीतिक आर्थिक प्रहार माना जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को यह सुविधा तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ हुए 'ट्रांसशिपमेंट एग्रीमेंट' के तहत एक सर्कुलर से 29 जून 2020 को दी थी। यह सर्कुलर बांग्लादेश से तीसरे देशों को निर्यात कार्गो के ट्रांसशिपमेंट की अनुमति देता था, जो भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते भारतीय भूमि का उपयोग करता था, ताकि भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को बांग्लादेश का व्यापार हो सके। 8 अप्रैल को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पुराने सर्कुलर को रद्द कर दिया। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के प्रमुख अजय श्रीवास्तव का कहना है कि नए सर्कुलर के साथ, ट्रांसशिपमेंट व्यवस्था तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, 'बांग्लादेश को ट्रांसशिपमेंट सुविधा से भारत के बंदरगाहों व हवाई अड्?डों पर असुविधा होने के साथ भारतीय निर्यात की लागत बढ़ रही थी और समय पर उत्पाद निर्यात करने में देरी होने लगी थी। ऐसे में 8 अप्रैल 2025 से यह सुविधा समाप्त की जा रही है।

दरअसल, पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद से वहां भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई। हाल ही चीन यात्रा के दौरान युनूस का बयान भारत में चर्चा का विषय बना हुआ था। अब भारत की ओर से जो निर्णय लिया गया है, जिसे कूटनीतिक भाषा में 'काउंटर मूव' कहा जाता है। यूनुस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई



है, जब बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था संकट में है और वह चीन से निवेश की उम्मीद कर रहा है। चीन ने पहले ही मोंगला पोर्ट के लिए 400 मिलियन डॉलर और चटगांव में आर्थिक ज़ोन के लिए 350 मिलियन डॉलर का वादा कर रखा है।

भारत ने बांग्लादेश के एक्सपोर्ट कार्गो के लिए ट्रांसशिपमेंट सुविधा समाप्त कर देने से बांग्लादेश, भारत होकर भूटान, नेपाल और म्यांमार को निर्यात नहीं कर पाएगा। भारत का यह क़दम बांग्लादेश को साफ़ संदेश देता है कि वह अपनी सामरिक स्थिति का दुरुपयोग करके भारत के हितों को चुनौती नहीं दे सकता। भारत के इस निर्णय से पहले ही आर्थिक रूप से बदहाल बांग्लादेश का व्यापार खासा प्रभावित होगा। म्यांमार, नेपाल और भूटान को अपना सामान भेजने के लिए अब उसे महंगा और लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। भूटान, नेपाल और म्यांमार तीसरे देशों के साथ व्यापार के लिए भारतीय रास्तों पर निर्भर हैं। पहले भारत से होकर जाने वाला रास्ता आसान था। इससे समय और पैसे की बचत होती थी। अब बांग्लादेश के व्यापारियों को ज्यादा समय लगेगा, ज्यादा खर्चा आएगा और अनिश्चितता बढ़ेगी। यह सुविधा बंद करने से भारत के लिए सामरिक चुनौती पैदा करने वाले दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ रक्षा व कारोबारी संबंध बढ़ाने में जुटे बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को भारत ने बड़ा सबक दिया है। भारत का यह फैसला पहले से घटते निर्यात और अमेरिकी सरकार की तरफ से बांग्लादेश पर 37 फ़ीसदी पारस्परिक शुल्क की घोषणा से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। बांग्लादेश म्यांमार को मुख्य रूप से वस्त्र, दवाइयाँ, और खाद्य उत्पाद जैसे आलू और मछली निर्यात करता है, वहीं म्यांमार से बांग्लादेश मुख्य रूप से लकड़ी, समुद्री उत्पाद और कुछ कृषि उत्पाद आयात करता है। इसी तरह बांग्लादेश और नेपाल दोनों देश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के सदस्य हैं, जो सदस्य देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देता है। बांग्लादेश नेपाल को मुख्य रूप से तैयार वस्त्र, जूट उत्पाद, चाय पैकेजिंग सामग्री, और कुछ औद्योगिक सामान निर्यात करता है बदले में बांग्लादेश यार्न (धागा), दाल, हर्बल उत्पाद, और हस्तशिल्प आयात करता है। 2023 में बंगलाबंध भूमि बंदरगाह खुलने से नेपाल से यार्न का आयात बढ़ा है। बांग्लादेश और भूटान के बीच व्यापार बहुत सीमित है, क्योंकि दोनों देशों के बीच कोई सीधा भौगोलिक संपर्क नहीं है और भूटान की अर्थव्यवस्था बहुत छोटी है। बांग्लादेश भूटान को कपड़ा, जूते और कुछ निर्माण सामग्री निर्यात करता है। भूटान से बांग्लादेश मुख्य रूप से पत्थर, चूना पत्थर और कुछ हाइड्रोपावर-संबंधी उत्पाद आयात करता है। अर्थ-विशेषज्ञों के अनुसार भारत के इस निर्णय से वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण जैसे कई भारतीय निर्यात क्षेत्रों को नए अवासर मिलेंगे। परिधान क्षेत्र में बांग्लादेश भारत का बड़ा प्रतिस्पर्धी है। कहा जा सकता है कि अस्थिरता और संकट के इस दौर में बांग्लादेश ने भारत को कमतर आंक कर जिस दुःस्साहस का परिचय दिया है, उसे भारतीय ज्ञान-परंपरा में 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' कहा गया है।

हरीश शिवनानी

## महावीर श्री हनुमानः आस्था, बल और बुद्धि के संगम

हनुमान जयंती (12 अप्रैल) पर विशेष

**गिरीश्वर मिश्र**

संस्कृति के लोक का कलेवर अत्यन्त विशाल, व्यापक और आमजन को सामर्थ्यवान बनाने वाला होता है। उसके अंतर्गत परिकल्पित परिवेश के पात्र अक्सर देश- काल की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए विचार, प्रतिमा, प्रथाओं और विभिन्न अनुष्ठानों की सहायता से सबके लिए उपलब्ध रहते हैं। उनके साथ कथाएँ और किंवदंतियाँ भी जुड़ती रहती हैं क्योंकि उनसे लोगों को जीवन जीने के लिए जरूरी समर्थन, प्रेरणा और शक्ति मिलती है। राम-भक्ति के सिरमौर पवनसुत श्री हनुमान शारीरिक बल और उत्तम कोटि की मेधा या बुद्धि में श्रेष्ठ ऐसे ही विरल भारतीय व्यक्तित्व की सर्जना हैं। हनुमान जी कई अर्थों में विलक्षण हैं। वे कई तरह के परस्पर विरोध दिखाने वाली विशेषताएँ भी रखते हैं। मानवेतर होने पर भी गूढ़ राम-रसायन का तत्व उन्हीं के पास है। वे श्रीराम के निकट परिवार के सदस्य न होकर भी ख्राम पंचायतनङ्क के प्रमुख और स्थायी सदस्य हैं। मंदिरों और चित्रों में सर्वत्र श्रीराम का स्मरण श्री हनुमान के बिना पूरा नहीं होता है। भगवान श्रीराम अपने प्रिय भक्त हनुमान को भरत की ही तरह सगा छोटा भाई मानते हैं। भरतजी भक्त-शिरोमणि कहलाते हैं। उन्हीं की तरह महावीर श्री हनुमान भी निर्विवाद रूप से श्रीराम के परम भक्त हैं। गोस्वामी जी उनको कपीश्वर कहते और कवीश्वर वाल्मीकि के साथ याद करते हैं। ये दोनों सीताराम के गुणों के पुण्य जंगल में विचरण करते रहते हैं -सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिनौ कवीश्वरकपीश्वरौ। श्रीराम की कथा हनुमान जी को अत्यंत प्रिय है और यदि वे उसके रसिया हैं तो श्रीराम और सीताजी को भी हनुमान जी अत्यंत प्रिय हैं और उनके मन में बसे रहते हैं। श्री हनुमान की लौकिक उपस्थिति और अलौकिक कार्य-शैली सबको चकित करने वाली है। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता असाधारण रूप से बढ़ती रही है। बचपन से ही श्री हनुमान के स्मरण के साथ बल, तेज और निर्भीकता की भावनाएँ जुड़ जाती हैं। श्री हनुमान के कई मंदिरों की सिद्ध स्थानों के रूप में प्रसिद्धि है और बड़ी आस्था के साथ भक्त और दुखियारे सभी वहाँ पहुँचते हैं।

रामकथा के ब्यौरे में जाएँ तो पता चलता है कि जब जटिल प्रसंग आते हैं, जब कठिन समस्या का कोई समाधान नहीं मिलता तो हनुमान का स्मरण किया जाता है। वे रामदूत और एक संवादी के रूप में जगत प्रसिद्ध हैं। जैसा कि हम सब जानते हैं, श्रीराम द्वारा लंका विजय की मानुष अवतार वाली रामकथा में कई जटिल अवसरों पर बजरंग बली के बिना उलझनों का समाधान ही नहीं मिलता और कथा आगे ही नहीं बढ़ती। हनुमान जी सभी सिद्धियों के आगार और गुणों में निष्णात तो हैं ही उनके पास सभी निधियाँ भी हैं। यह सब होने के बावजूद अतुलित बलशाली हनुमान जी बड़े सरल स्वभाव के हैं। सभी तरह की संपदा होने के बावजूद उन्हें अहंकार का लेश मात्र नहीं है। उनका अहं भाव विगलित हो चुका है और वे इस मायावी जाल से परे हैं। श्रीराम और उनके भक्तों के साथ उनका व्यापक तादात्मीकरण है। इस तरह के अद्वैत के साथ वह प्रभु श्रीराम के साथ निर्विकल्प रूप से जुड़े हुए हैं। रामकाज करना ही उनका प्रथम और अंतिम ध्येय है। विमल यश वाले हनुमानजी मित्रता, शौर्य, साहस, धैर्य, चातुर्य और बुद्धिमत्ता आदि गुणों में अतुलनीय मानक सदृश हैं। वे दुर्मति को हटा कर सुमति को प्रतिष्ठित कर भक्तों का क्लेश दूर करते हैं। वस्तुतः श्रीराम तक की यात्रा बिना हनुमानजी की सहायता के संभव नहीं है और उन जैसे निःस्पृह स्वभाव वाले को निश्छल प्रेम के सिवा कुछ भी नहीं चाहिए। इसलिए हनुमान जी सर्वजनसुलभ हैं। आज देश के कोने-कोने में गाँव और शहर सर्वत्र उनकी पूजा-अर्चना के लिए लोग तत्पर रहते हैं और अनेकानेक भव्य मंदिर उनको समर्पित हैं। लोग अपनी मनोकामना की साध लिए बड़े भरोसे के साथ हनुमानजी की शरण में आते हैं। हनुमानजी को रिझाने के लिए मंदिरों में मंगलवार को भीड़ टूट पड़ती है। पर हमें यह भी जरूर याद रखना चाहिए कि सच्ची भक्ति तो भक्त और भगवान के बीच किसी तरह का हिसाब-किताब नहीं करती। वह निर्मल मन से समर्पण और अखंड प्रीति चाहती है। हनुमानजी की भक्ति हमें अपने जीवन में अभय, परदुखकातरता, निष्कपट मित्रता, सदाचार और ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे मूल्यों को उतारने के लिए प्रेरित करती है।

### सेहत मंत्र

## मोटापा और डायबिटीज से छुटकारा दिलाती है भिंडी

ओकरा यानी भिंडी मधुमेह के खतरे और वजन घटाने वाले लोगों के लिए ''सुपरफूड'' के तौर पर लोकप्रिय हो रही है। यह आमतौर पर लेडीफिंगर्स के रूप में जानी जाती है। भिंडी कई स्वास्थ्य लाभों के बीच रक्त शर्करा नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कई रिसर्च में यह साबित हुआ है कि भिंडी डायबिटीज में काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर काफी हद तक नियंत्रित रहता है। इसके अलावा भिंडी काफी लो कैलोरी वाली सब्जी है और इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा है जिसके कारण यह वजन कम कर मोटापा दूर करती है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किस प्रकार से भिंडी मोटापा और डायबिटीज में फायदेमंद है। भिंडी में तनाव को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि डायबिटीज के दौरान होने वाला तनाव शुगर लेवल को बढ़ाता है। भिंडी खाने से तनाव कम होता है। इसके अलावा भिंडी में मौजूद यूगेनॉल डायबिटीज से बचाने में मदद करता है। यह फाइबर रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने का काम करता है। यह अंडकोशों में शर्करा के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर डायबिटीज को दूर रखने अथवा नियंत्रित करने का काम करता है। जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए भिंडी में मौजूद फाइबर से अच्छा और कोई उपाय नहीं है। भिंडी में कैलोरी की मात्रा बिलकुल भी नहीं होती , इसलिए यह वजन कम करने का अच्छा उपाय माना जाता है। भिंडी कब्ज को भी दूर करती है। यह डायटरी फाइबर का सबसे अच्छा स्त्रोत मानी जाती है, जो हमारी पाचन क्रिया के लिए काफी लाभकारी होती है। यह घुलनशील फाइबर शरीर में मौजूद पानी में घुल जाते हैं, जिससे हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त हो जाती है। भिंडी में मौजूद आयरन तत्व हमारे शरीर के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं, जिससे आप अनीमिया से बचे रहते हैं। इसके साथ ही भिंडी में मौजूद विटामिन के रक्त स्त्राव को रोकने में मदद करता है, जिससे किसी विकट परिस्थिति में शरीर से रक्तस्राव बहुत कम होता है।

### धर्म मंत्र

## आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन्?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

### पर्यटन



## स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्जा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पार्कों की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# उच्चाधिकारियों का आदेश, ईओ नवाबगंज के लिए मजाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अधिशाषी अधिकारी उच्चाधिकारियों का आदेश नहीं मानते। इसका जीता जागता उदाहरण है छाया चौराहा के मध्य स्थापित एवं संचालित पार्किंग स्थल जमीन, जिसे वाहन पार्किंग के लिए सुरक्षित किया गया था। लेकिन ईओ ने मनमानी करते हुए उस पर रैन बसेरा का निर्माण करा दिया। इतना ही नहीं ईओ ने दो-दो फिट की लोहे की ग्रिल व गेट को भी हटवा दिया, जिसके स्थान पर केवल फिट से भी कम व गुणवत्ता विहीन बाउंड्री बना दिया। बताया जाता है कि अपने चहेतों को आर्थिक लाभ देने के लिए ईओ ने सरकारी धन कर दुरुपयोग किया है। ईओ की मनमानी का यह मामला प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग लखनऊ तक पहुंच गया है।




**तत्कालीन डीएम ने सुसज्जित कराया था पार्किंग स्थल:**

छाया चौराहे पर नगर पालिका की इंदिरा मार्केट के सामने व छाया चौराहे से शहर के मध्य जाने वाली रोड के पास भूमि पार्किंग के लिए सुरक्षित थी। जिस पर 2012 में अतिक्रमण कर लिया गया था। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से किया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई थी। जिसके खिलाफ दायर जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ ने 18 सितबर 2014 को आदेश जिलाधिकारी के विवेक पर छोड़ा था। हालांकि तत्कालीन जिलाधिकारी ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए पार्किंग स्थल का अतिक्रमण

## सरकारी धन का दुरुपयोग का ईओ पर आरोप , नगर विकास लखनऊ तक पहुंचा मामला

मुक्त कराकर उसके चारों ओर स्थाई पक्की बाउण्ड्री, लोहे की ग्रिल व गेट से पुनः सुसज्जित कराया था।

**उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना:**

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी ने पार्किंग स्थल पर पूर्व निर्मित लोहे की ग्रिल और गेट को हटा कर उस पर रैन बसेरा का निर्माण करा दिया गया। पार्किंग स्थल में ही कई दुकानें भी संचालित कराई जा रही है । इतना ही नहीं वहां पर अपने चहेतों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए गुणवत्ता विहीन सामग्री से निर्मित एक फिट की बाउंड्री बना कर छोड़ दिया गया। जबकि स्थानीय नागरिकों के अनुसार पूर्व में निर्मित बाउंड्री, ग्रिल व गेट के तोड़े जाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। स्थानीय लोगों की माने तो ईओ संजय कुमार शुक्ला ने अपनी मनमानी करके सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

**प्रमुख सचिव नगर निगम लखनऊ से शिकायत:**

अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला की उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और उनके द्वारा किए जा रहे सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग लखनऊ से की गई है। जिसमें ईओ के द्वारा कराए गए मानक विहीन निर्माण कार्य एवं सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराये जाने की मांग की गई है।

# मीरजापुर में फूटा गुस्सा: शिक्षा नहीं अब व्यापार कर रहे निजी स्कूल



एजेंसी

मीरजापुर । शुक्रवार को जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वान पर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार पटेल के नेतृत्व में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।

डॉ. पटेल ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा का मंदिर अब लूट का अड्डा बन गया है। उन्होंने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होते ही निजी स्कूलों ने फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। वहीं अभिभावकों पर कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म जैसी चीज़ों के नाम पर जबरन खर्च थोपा जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों से मिलीभगत कर ये स्कूल अभिभावकों की जेबें खाली करने पर आमादा हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच एक आम मजदूर अभिभावक दोण वक्त की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहा है और ऐसे में स्कूलों की यह जबरन वसूली उसके ज़ख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

धरने में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी छोटे खान, गुलाबचंद पांडे, चुनमुन शुक्ला, सुधाकर चमार, शशि भूषण दुबे 'पथिक', राजधर दुबे और जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर कृष्ण गोपाल चौधरी समेत तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# शतप्रतिशत हो संस्थागत प्रसव : शशांक त्रिपाठी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित

## मच्छरों से बचाव के लिये करें मच्छरदानी का प्रयोग

बाराबंकी, 07 अप्रैल। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सोमवार को जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर टू डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों और नालों व नालियों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा अन्य सभी सबंधित विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्यवाही करें। सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यो व दायित्वों का निर्वहन शतप्रतिशत सुनिश्चित करेंगे। शिथिलता व लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित गाईडलाइन का सभी विभागों और अधिकारियों द्वारा कार्ययोजना के अनुसार क्रियान्वयन किया जायेगा।

मच्छरों से बचाव के लिये करें मच्छरदानी का प्रयोग

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डी के श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए मच्छरों से बचाव के लिये घरों में मच्छरदानी का प्रयोग किया जाए। साथ ही घरों में साफ-सफाई और स्वच्छता रखी जाए। नालियों में पानी का जमाव न होने पाए।

आंगनबाड़ी और आशाओं का ओरिएंटेशन आयोजित किए जाए

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम और दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं का ओरिएंटेशन कराकर उन्हें संचारी रोगों और दस्तक अभियान के प्रति समुचित जानकारी उपलब्ध कराई जाए जिससे वह गांव स्तर पर कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन कर सकें।

होम डिलीवरी पर लगे रोक शतप्रतिशत हो संस्थागत प्रसव

जिलाधिकारी ने कहा कि होम डिलीवरी पर पूर्णतः रोक लगाई जाए और सभी प्रसव संस्थागत रूप से अस्पतालों में कराये जाए। अस्पतालों में चिकित्सकों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राजनीति विज्ञान विभाग में नेट जेआरएफ की तैयारी कैसे करें विषयक संगोष्ठी हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के लिए 'नेट जेआरएफ की तैयारी कैसे करें'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सिंह, डॉ. आलोक कुमार पांडे, डॉ. मंजू ठाकुर एवं डॉ. अंजना सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अपने उद्‌बबोधन में विभागाध्यक्ष डॉ.अभय सिंह ने कहा की अनुशासित अध्ययन सफलता की कुंजी है। डॉ. मंजू ठाकुर ने बताया की नेट/जेआरएफ के प्रथम और द्वितीय पेपर की तैयारी करने के लिए कठिन परिश्रम एवं अध्ययन के प्रति समर्पण का भाव होना अत्यंत आवश्यक है, यदि चरणबद्ध रूप से तैयारी की जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी । डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि सोशल साइट्स पर अत्यधिक निर्भरता नहीं होनी चाहिए पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है । पुस्तके विषय से संबंधित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती हैं इसलिए छात्र-छात्राओं को अपनी अध्ययन शैली में इन्हें अनिवार्य स्थान देना चाहिए। जेआरएफ उत्तीर्ण छात्र महेंद्र यादव ने अपना अनुभव बताते हुए कहा की सिलेबस के अनुरूप व्यवस्थित और नियमित अध्ययन निश्चित रूप से लाभकारी होता है। विभाग के रिसर्च स्कॉलर राकेश कुमार निषाद ने बताया की विषय पर पकड़ बनाने के लिए ये आवश्यक है कि विगत वर्षों के हल प्रश्न पत्रों का अध्ययन किया जाए। यह हमें प्रश्नों के प्रकृति के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध कराते हैं। हाल ही में विभाग के नेट उत्तीर्ण छात्र मारुत नंदन ने कहा कि यदि प्रारंभ से ही प्रथम पेपर पर भी विशेष ध्यान दिया जाए तो विषय के साथ-साथ जर्नल एप्टीट्यूड का पेपर भी पूर्ण रूप से तैयार हो जाता है ।

छात्र-छात्राओं के प्रश्न का उत्तर देते हुए विभाग के प्राध्यापकों ने बताया कि राजनीति विज्ञान ऐसा विषय है जिस पर नियमित, व्यवस्थित, अनुशासित अध्ययन के द्वारा नेट की परीक्षा में सफलता अर्जित की जा सकती है। डॉ. अंजना सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आभा शुक्ला ने किया। इस संगोष्ठी में सिमरन, दीपांशु, विजय, शिवानी, साक्षी एवं सुलोचना ने सहयोग किया।

# किसान की आंखों के सामने धू धू कर जली गेहूं की फसल

## शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान , राजस्व टीम करेगी नुकसान का आकलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेही घाट बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सूपामऊ पंचायत में शार्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।गनीमत रही है कि गुरुवार को हुई बारिश की वजह से के फसल गीली थी,इस वजह से आग पर जल्दी काबू पा लिया गया।और आसपास के किसानों का नुकसान होने से बच गया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर खेत से निकले झूलते तारों से हुए शार्ट सर्किट से तहसील क्षेत्र के सूपामऊ गांव निवासी मनोज कुमार व समर बहादुर की लगभग दो बीघे गेंहू की फसल जल कर खाक हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि खेत में झूलते तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से नीचे खेतों में आग भड़क उठी और देखते-देखते गेहूं की फसल जलकर खाक हो गया। आसपास के खेतों में मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने की कोशिश में लग गए।ग्रामीणों की सूचना देने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब तक पहुँचती तब तक स्थानीय लोगो के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। लेखपाल संदीप कुमार को सूचना देने पर उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन करेंगे।

# तराई पहुंचे कलेक्टर , बाढ़ से प्रभावित होने वाले इलाकों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सरजू नदी के तटबंध कुसौरा व बेलहरी गांव का देखा हाल

## बेलहरी सरसंडा गांव में चल रहे अनुरक्षण कार्य को देखा

## तटबंध पर बने बाढ़ केंद्र भवन का किया निरीक्षण

## विस्थापित परिवारों के बन रहे मकानों को देखा

बाराबंकी, । शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सरजू (घाघरा) नदी के दाएं तट पर स्थित चहलारी घाट गनेशपुर तटबंध के ग्राम कुसौरा तहसील रामनगर के पास चलित बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो की परियोजनाओं का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह और उपजिलाधिकारी रामनगर श्री पवन कुमार तथा अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड के साथ किया। उक्त स्थल पर वर्तमान में 03 बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो की परियोजनाएं है। जिसके अंतर्गत कुल 04 अदद स्पर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। तथा 01अदद रिवेटमेंट और परक्यूपाईन लगाने का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने उक्त परियोजनाओं में कार्य स्थल पर चल रहे कार्यों की पूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा इन निर्माणधीन स्परों एवं रिवेटमेंट के कार्यो को गुणवत्तापूवर्क एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

**बेलहरी सरसंडा गांव में चल रहे अनुरक्षण कार्य को देखा**

जिलाधिकारी ने रामनगर तहसील के बेलहरी सरसंडा गांव पहुँचे। वहां पर चल रहे अनुरक्षण कार्य का जायजा लिया। सम्बंधित अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में ग्राम बबुरी, सरसंडा एवं केदारीपुर के सम्मुख 900 मीटर की लंबाई में नदी की गहराई तक एच0 डी0 पी0 ई0 बैग में स्थानीय बालू मिट्टी भरकर मशीन द्वारा सिलाई करके नायलॉन क्रेट में डालकर प्लेटफार्म बनाते हुए 60 मीटर सी/सी की दूरी पर जियो बैग गैबियान में भरकर 16 अदद जियो बैग स्टड का निर्माण व इनके मध्य तीन रो में परक्यूपाईन लगाने का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से उक्त कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।



**तटबंध पर बने बाढ़ केंद्र भवन का किया निरीक्षण**

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सरजू नदी (घाघरा) तटबंध सुंदरनगर गांव के पास हेतमापुर रोड पर निर्माणाधीन बाढ़ केंद्र भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्रता के साथ कार्य पूर्ण कर भवन को हैंडओवर किया जाए।

**विस्थापित परिवारों के बन रहे मकानों को देखा**

जिलाधिकारी ने बाढ़ में विस्थापित परिवारों के तटबंध से कुछ दूर स्थित गोड़ा नामक स्थान पर बन रहे मकानों को देखा और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। बिजली की समस्या दूर करने के लिये जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बाढ़ से प्रभावित होने के कारण उक्त परिवारों को यहां पर भूमि देकर विस्थापित किया गया था।

## बाबा साहब की जयंती के पूर्व संध्या पर मोस्ट रक्तदान शिविर का आयोजन

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में बाबा साहब की जयंती के कार्य दिवस की पूर्व संध्या पर ब्लड बैंक जिला अस्पताल सुलतानपुर में मोस्ट रक्तदान शिविर का आयोजन मोस्ट जिला सचिव आरती बौद्ध व मोस्ट प्रमुख भदैयाँ तौकीर खान के नेतृत्व तथा मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। रक्तदान शिविर का उद्घाटन इं. राममूर्ति चौरसिया हरिहरपुर द्वारा किया गया। मोस्ट के आह्वान पर रक्तदान शिविर में मोस्ट निदेशक सहित मोस्ट के 34 जीवन रक्षकों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शिक्षक श्यामलाल ल्लगुरूजील्ल, जीशान अहमद, एड. सन्तोष सोनकर ल्लफौजील्ल, राकेश निषाद, एड. गौरव निषाद, विनय कुमार शर्मा, सत्यपाल चौरसिया, डा. अनिल कुमार, सुमित अम्बेडकर, एड. अशोक आचार्य, राज बहादुर कोरी, मो. यासीन, मो. तौकीर खान, रोहित निषाद, एड. मेहीलाल निषाद, मो. आरिफ, प्रेम राइडर, रवि निषाद, दिलीप निषाद, विमल कुमार निषाद, बृजेश कुमार निषाद, अंकित निषाद, भोले कनौजिया, शेर बहादुर कनौजिया, दिलीप निषाद, रामधारी, मनीराम गौड़, अमरपाल यादव, राजू यादव, अरविंद कुमार निषाद, शिक्षक हरिचरन बौद्ध, प्रधान शिवकुमार निषाद, दिनेश निषाद, विनोद कुमार वर्मा शामिल रहे।

## आरएफसी के ए.मनिकंडन ने मण्डी व ललौरीखेड़ा में स्थापित गेहूॅ क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

पीलीभीत। आरएफसी के ए.मनिकंडन ने पीलीभीत मण्डी में स्थापित खाद्य विभाग, सहकारिता एवं ललौरीखेड़ा में एसडब्लूसी के गेहूॅ क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गेहूॅ क्रय केन्द्र पर बैनर सहित समस्त व्यवस्थाऐं उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मण्डी व ललौरीखेड़ा में स्थापित क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केन्द्रों पर वारदाना, कांटा बांट, नमी मापक यंत्र आदि के बारे में सहायक निबन्धक सहकारिता व मण्डी सचिव से जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गेहूॅ खरीद के उपरान्त पूर्ण दायित्व है कि गेहूॅ का भण्डारण कराना सुनिश्चित करें। केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गेहूॅ खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा निर्धारित मानक के अनुरूप गेहूॅ की खरीददारी सुनिश्चित की जाय तथा गेहूॅ खरीद हेतु किसानों को जागरूक किया जाये जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके एवं किसानों का भुगतान उनके खाते में भेजा जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गेहूॅ खरीद में तेजी लाये। उन्होंने केन्द्रों पर किसानों को बैठने हेतु, पेयजल, छाया व्यवस्था सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सहायक निबन्धक सहकारिता, मण्डी सचिव, क्रय केन्द्र प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आंधी तूफान में गिरा बिजली का पोल, 24 घण्टे से नहीं हो रही विद्युत आपूर्ति

## बिखरे तार की चपेट में आने से बच्चे को लगा करंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत लकड़िया में आंधी तूफान में एक ट्रांससफार्मर लगा पोल गिर गया था।जिससे गांव की विधुत आपूर्ति बाधित है।गांव के लोगो का कहना है कि 24 घण्टे बीत जाने के भी पोल को सही नही करवाया गया, जनपद बाराबंकी के विधुत उपखंड व उपकेंद्र देवी गंज के अंतर्गत लकड़िया गांव में बृहस्पतिवार को आये तेज आंधी पानी मे एक ट्रांसफार्मर रखा बिजली का पोल गिर कर टूट गया,जिससे आधे गांव की दर्जनों घरों के विजली आपूर्ति बाधित है,किसान नेता दिनेश कुमार कहना है कि पोल गिरने की वजह गांव के लोग विजली को तरस रहे है,24 घण्टे से गांव के आधे घरों में लाइट नही है,जिससे लोग पानी को तरस रहे है।उसी गिरे पोल में को छूने से उमेश कनौजिया के बच्चे को करंट लग गया,जिसमे वो घायल हो गया।बच्चे को स्थानीय एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया,बच्चे के पिता ने बताया कि तार को छूने से बच्चे को करंट लग गया था,जिसे एक स्थानीय क्लीनिक में दिखाया था इलाज के बाद बच्चे को घर लाया गया बच्चा अब ठीक है।इस संबंध में उपकेंद्र देवीगंज जेई से जानकारी का प्रयास किया गया तो नंबर पहुंच से बाहर रहा तो वही उपखंड अधिकारी देवीगंज ने बताया कि जल्द ही पोल को बदलाया जाएगा।





# भारत ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए बोली लगाई

## छह अन्य देशों से होगा मुकाबला

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने महाद्वीप के शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए दिलचस्पी का प्रस्ताव (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) पेश किया है।

सात देशों की फुटबॉल संस्थाओं ने 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' (ईओआई) पेश किया था जिसमें एआईएफएफ भी शामिल है। ईओआई की समयसीमा 31 मार्च तक थी। एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने पीटीआई से कहा, ''हां, हमने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए ईओआई पेश किया है। देखते हैं क्या होता है। टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे मजबूत फुटबॉल संस्थाओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इंडोनेशिया और कुवैत ने भी ईओआई पेश किया है जबकि किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगाई है। मेजबान देश का चयन 2026 में किया जाएगा जिसे टूर्नामेंट में स्वतः प्रवेश मिल जाएगा। यह प्रतियोगिता 1956 में शुरू हुई थी। भारत 1964 चरण में उपविजेता रहा था और इसके बाद 1984, 2011, 2019 और 2023 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। बोली लगाने वाले सात देशों में से ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया और कुवैत पहले इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुके हैं। मलेशिया के कुआलालंपुर में एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष शेख सलमान ने 35वीं एएफसी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर 'आधुनिक इतिहास में सबसे अधिक संख्या में ईओआई मिलने की सराहना की'।

# हैम्शायर से जुड़ी एलिस पैरी, इंग्लैंड की घरेलू क्रिकेट में मचाएंगी धमाल

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पैरी इस गर्मी इंग्लैंड की घरेलू महिला क्रिकेट में हैम्शायर टीम की ओर से खेलती नज़र आएंगी। हैम्शायर ने उन्हें महिला काउंटी क्रिकेट के पहले टियर वन टूर्नामेंट के लिए साइन किया है, जो महिला क्रिकेट में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

पैरी जुलाई में वाइटैलिटी ब्लास्ट के छह मुक़ाबलों में उपलब्ध रहेंगी, इसके साथ ही वह मेट्रो बैंक वन डे कप के दो मैचों में भी टीम का हिस्सा होंगी। यदि हैम्शायर फ़ाइनल्स डे तक पहुंचता है, तो पैरी वहाँ भी टीम के लिए खेलेंगी। वह 4 जुलाई को चेस्टरफ़ील्ड में द ब्लेज़ के ख़िलाफ़ डेब्यू करेंगी, जबकि 6 जुलाई को समरसेट के ख़िलाफ़ यूटिलिटा बाउल में पहली बार घरेलू मैदान पर उतरेंगी। एलिस पैरी का क्रिकेटिंग रिकॉर्ड उन्हें महिला क्रिकेट का लीजेंड बनाता है। उनके नाम छह टी-20 वर्ल्ड कप, दो वनडे वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गोल्ड और पाँच एशेज़ खिताब हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 16-0 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह महिला एशेज़ में सबसे ज़्यादा रन बनाने और विकेट लेने वाली खिलाड़ी हैं। पैरी हाल ही में 2024 डब्ल्यूपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलीं और 2025 डब्ल्यूपीएल में 372 रन बनाकर दूसरे स्थान पर रहीं, उनका औसत 93 रहा। हैम्शायर के साथ उनका कार्यकाल ख़त्म होने के बाद वह द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी, जहाँ उन्होंने पिछले सीज़न कप्तानी की थी। एलिस पैरी ने क्लब की वेबसाइट से कहा, ''मैं इस गर्मी हैम्शायर टीम के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूँ। यह क्लब पिछले दस वर्षों से महिला क्रिकेट में अग्रणी रहा है और मुझे ऐसे रोमांचक समय में टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। हैम्शायर महिला टीम के अंतरिम कोच पॉल प्रिचार्ड ने कहा, ''एलिस दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक हैं और हमें इस गर्मी उन्हें टीम में शामिल करके बेहद ख़ुशी हो रही है। उनका अनुभव और प्रदर्शन हमारी युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत कुछ सीखने का मौक़ा देगा। एलिस पैरी का यह करार ऐसे समय आया है।

### फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम

# अर्जुन एरिगैसी की कड़ी टक्कर के बावजूद नाकामुरा से हार, सेमीफाइनल लाइनअप तय

एजेंसी

पेरिस। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल के दूसरे दिन अनुभवी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ जमकर संघर्ष किया, लेकिन 62 चालों तक चले इस कड़े मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए नाकामुरा ने इंग्लिश ओपनिंग (द4) से शुरुआत की। शुरुआती खेल में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की चालों की नकल करते हुए सातवीं चाल पर एक साथ कासलिंग किया। पहले 15 मूव तक मुकाबला बेहद संतुलित और सतर्क रहा, जहां दोनों खिलाड़ी बिना कोई जोखिम उठाए खेलते नजर आए।

मिडिल गेम में नाकामुरा ने धीरे-धीरे स्थिति पर नियंत्रण बनाना शुरू किया। उन्होंने अर्जुन की डिफेंसिव रणनीति को तोड़ते हुए लगातार दबाव बनाया। 21 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कड़ी कोशिश की लेकिन समय की कमी और कमजोर होती स्थिति को देखते हुए अंततः उन्हें हार स्वीकार करनी पड़ी। इस जीत के साथ नाकामुरा ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की। पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने नोडिर्बेक अब्दुसत्तारोव के खिलाफ दूसरा गेम ड्रॉ खेला, जबकि पहला मुकाबला जीतने की बदौलत वह सेमीफाइनल में पहुंच गए। फैबियानो कारुआना ने मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

दोनों के बीच पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था, लेकिन दूसरे मैच में कारुआना ने जीत दर्ज की। आखिरी सेमीफाइनल स्थान का फैसला टाईब्रेकर से हुआ, जहां दो ड्रा मुकाबलों के बाद जर्मनी के 20 वर्षीय विंसेंट कीमर ने रूस के इयान नेपोम्नियाची को मात दी। 9वें से 12वें स्थान के प्लेऑफ मुकाबलों में विश्व चैंपियन डी. गुकेश को रिचर्ड रापोर्ट से 1.5-0.5 से हार झेलनी पड़ी। गुकेश पहले मुकाबले में हार गए थे और दूसरे गेम को ड्रॉ पर समाप्त करने के बाद वह टूर्नामेंट में 11वें स्थान पर रहे।

# कीपिंग करते हुए पिच का मिजाज को पढ़कर खेली बड़ी पारी: केएल राहुल

एजेंसी



बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि कीपिंग करते हुए पिच के मिजाज को समझा और आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई।

मैच के बाद राहुल ने कहा कि उन्हें बेंगलुरु की परिस्थितियों की अच्छी जानकारी है। उन्होंने कर्नाटक के खिलाड़ी कि के रूप में अपना पूरा करियर इस शहर में खेलते हुए बिताया है। उन्होंने कहा कि यह थोड़ी मुश्किल पिच थी, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे जो मदद मिली वह यह थी कि मैंने 20 ओवर तक विकेट के पीछे रहकर देखा कि पिच कैसे खेल रही है। मुझे विकेटकीपिंग करते हुए लगा कि गेंद पिच पर थोड़ा रुक कर रही थी और दोनों पारियों के दौरान पिच का मिजाज एक जैसी ही रहा। राहुल ने कहा, यह दोहरी गति वाली पिच नहीं थी, बल्कि गेंद एक ही गति से बल्ले पर आ रही थी,। बस थोड़ा ,सा रुक रही थी। मुझे पता था कि मेरी स्ट्रेंथ क्या हैं, इसलिए मैं शुरुआत आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहता था और फिर उसके बाद पिच को पढ़ना चाहता था और मैंने वही किया। उन्होंने कहा, ऐसी पिच पर मुझे पता था कि शॉट्स कहां खेलना है। अगर मैं पहले से ही बड़े शॉट के लिए जा रहा था, तो मुझे पता था कि क्या हासिल करना है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपिंग ने मुझे यह समझने में मदद की कि अन्य बल्लेबाजों ने कैसे खेला, वे कहां आउट हुए और कहां उन्हें छक्का मारने अवसर मिला। उल्लेखनीय है कि केएल राहुल ने 53 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाते हुए दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ जीत दिलाई। यह दिल्ली कैपिटल्स की लगातार चौथी जीत थी।

## वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दिया आयरलैंड को 182 रनों का लक्ष्य

लाहौर। चिनेल हेनरी (नाबाद 46), स्टेफनी टेलर (46) और जैदा जेम्स (36) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज की महिला टीम ने शुक्रवार आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के पांचवें मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 182 रनों का लक्ष्य दिया। बारिश के कारण मैच को 33-33 ओवरों का कर दिया गया। आज यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये।

# भारतीय टीम ने बिली जीन किंग कप में हांगकांग को 2-1 से हराया

एजेंसी

पुणे। भारतीय टीम ने हांगकांग को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में अपना विजयी अभियान जारी रखा है।

पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में वैदेही चौधरी के दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को टूर्नामेंट के तीसरे दिन शानदार शुरुआत दी। अहमदाबाद की इस युवा खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर तक खिंचा पहला सेट कड़े संघर्ष के साथ मुकाबल 10-8 से जीता। दूसरे सेट में वह बिना समय गंवाए शुरुआत से ही अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हावी रही और दो घंटे, तीन मिनट तक चले मैच को 7-6 (10-8), 6-1 से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत को हांगकांग के खिलाफ 1-0 की बढ़त मिली। दोनों देशों के बीच दूसरे एकल मुकाबले में, श्रीवल्ली भामिदीपती ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन मैचों के बाद अपना शत-प्रतिशत रिकॉर्ड जारी रखा। भारत के युवा स्टार श्रीवल्ली ने दो घंटे, 27 मिनट तक चले मुकाबले का पहला सेट टाईब्रेक में 8-6 से जीता, लेकिन उसके बाद उनकी हांगकांग की प्रतिद्वंद्वी ने वापसी की। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी आठ ऐस के साथ 7-6, 2-6, 6-3 से महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में सफल हुई। इस जीत से भारत मुकाबले में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई। दिन का अंतिम मुकाबला युगल मुकाबले में अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की भारतीय जोड़ी की भिड़ंत यूडिस चोंग और हांग यी कोडी वोंग से हुई।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

**04219/04220 शाहगंज – अयोध्या धाम – शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 180 फेरे

| गाड़ी सं. 04219 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | ---- |
| 01:40 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 02:10 |

**चलने के दिन: 04219 शाहगंज** से एवं **04220 अयोध्या धाम से** दिनांक 12.04.2025 से 10.07.2025 तक। **ठहराव:** मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईगंज स्टेशन। **स्थान:** सामान्य श्रेणी।

**03311/03312 धनबाद जं. – चंडीगढ़ – धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 03311 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03312 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:50 | धनबाद जं. | 09:00 | ---- |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ | 19:10 | 19:20 |
| 04:30 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 06:00 |

**चलने के दिन: 03311 धनबाद जं.** से दिनांक 15, 18 एवं 22.04.2025 (मंगलवार व शुक्रवार) को एवं **03312 चंडीगढ़** से दिनांक 17, 20 एवं 24.04.2025 (गुरुवार और रविवार) को। **ठहराव:** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत एवं अंबाला छावनी स्टेशन। **स्थान:** 3 टियर वाता.।

**03313/03314 धनबाद जं. – चंडीगढ़ –धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 03313 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03314 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:50 | धनबाद जं. | 09:00 | ---- |
| 07:45 | 07:50 | वाराणसी जं. | 00:45 | 00:50 |
| 04:30 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 06:00 |

**चलने के दिन: 03313 धनबाद जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक एवं **03314 चंडीगढ़** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 14.04.2025 से 30.06.2025 तक। **ठहराव:** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत एवं अंबाला छावनी स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकॉनमी।

**01029/01030 लोकमान्य तिलक (ट.) – छपरा जं. – लोकमान्य तिलक (ट). एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 01029 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01030 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:55 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 08:00 | ---- |
| 06:00 | 06:10 | वाराणसी जं. | 01:20 | 01:30 |
| 13:15 | ---- | छपरा जं. | ---- | 19:00 |

**चलने के दिन: 01029 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 13.04.2025 से 25.05.2025 तक एवं **01030 छपरा जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 15.04.2025 से 27.05.2025 तक। **ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं., औंडिहार जं, गाज़ीपुर सिटी एवं बलिया जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1102/2025

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डिजिटली सुरक्षित भारत के लिए पीएनबी का 'साइबर रन' हाफ मैराथन

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने फिटनेस और साइबर जागरूकता के गठजोड़ के साथ पहले पीएनबी हाफ मैराथन 2025 का आयोजन किया, जिसमें विजेताओं को 15 लाख रुपये के पुरस्कार दिये गये।

बैंक ने यहां बताया कि राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैराथन का औपचारिक शुभारंभ वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू , पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्र , पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस एमडी एवं सीईओ समीर बंसल और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ गिरीश कौसगी ने किया। इस मौके पर श्री नागराजू ने साइबर अपराध के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय प्रयासों के लिए पीएनबी की सराहना की। श्री चंद्र ने कहा, पीएनबी जब राष्ट्र को अपनी निरंतर सेवा के 131 वर्ष पूर्ण कर रहा है तब 'साइबर रन' वित्तीय कल्याण और डिजिटल सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम भारत के विकास गाथा की रीढ़ है और पीएनबी को गर्व है कि वह जागरूकता, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से इस राह का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएनबी हाफ मैराथन 2025 ' साइबर रन ' ने न केवल फिटनेस का उत्सव मनाया बल्कि पीएनबी के भरोसे और परिवर्तन की विरासत को भी फैलाया, जो आज के डिजिटल युग में हर भारतीय के लिए महत्वपूर्ण इस विषय पर सभी को एकजुट करता है। इस अनूठी पहल ने नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर शिक्षित करने के लिए एक मंच प्रदान करने का भी कार्य किया है, जो अपने डिजिटल चैनलों और अभियान के माध्यम से साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के पीएनबी के प्रयासों पर प्रकाश डालता है। कार्यक्रम स्थल पर समर्पित सूचना क्षेत्रों, इंटरैक्टिव बूथों, आकर्षक 'नुक्कड़ नाटकों' और एक प्रश्नोत्तरी सत्र ने सुरक्षित बैंकिंग, धोखाधड़ी की रोकथाम और डिजिटल स्वच्छता पर बहुमूल्य सुझाव दिए। 13800 से अधिक धावकों ने तीन श्रेणियों 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन (2600 धावक), 10 किलोमीटर एनर्जेटिक (5850 धावक), और 5 किलोमीटर फन-फील्ड (5350 धावक) में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो साइबर सुरक्षा जागरूकता और एक डिजिटल रूप से समावेशी सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में एक साझा कदम का प्रतीक है। 21.1 किलोमीटर दौड़ में महिलाओं की श्रेणी में 2,00,000 रुपये का शीर्ष पुरस्कार प्राप्त कर उजाला विजेता बनीं, इसके बाद 1,50,000 रुपये प्राप्त कर रेनू सिंह पहली उपविजेता और 1,00,000 रुपये के पुरस्कार के साथ सोनिका बनी दूसरी उप विजेता। पुरुषों की श्रेणी में, हेमंत सिंह ने 2,00,000 रुपये का पुरस्कार प्राप्त कर विजेता का खिताब जीता। उनके बाद हरीश शेरोआन रहे, जिन्होंने 1,50,000 रुपसे के साथ पहला उप विजेता तथा बानी सिंह ने 1,00,000 रुपये के पुरस्कार के साथ दूसरे उप विजेता बने। एर्जेटिक 10 किलोमीटर दौड़ में, महिलाओं की श्रेणी में 2,00,000 का शीर्ष पुरस्कार प्राप्त कर नीता रानी शीर्ष पर रहीं, जिसके बाद 1,50,000 रुपये प्राप्त कर तामसी सिंह पहली और 1,00,000 रुपसे प्राप्त कर अनीता सिंह दूसरी उप विजेता रहीं।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में अपने हितों की रक्षा करेगा भारत: पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ बातचीत में भारत सरकार अपने देश तथा जनता के हितों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में कोई भी कदम उठाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं 'भारत पहले' के दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं, जिससे 'विकसित भारत 2047' का मार्ग सुनिश्चित होगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल आज नई दिल्ली में इटली-भारत व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी फोरम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्रता से पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है, जिससे दोनों पक्षों को आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) भारत तथा इटली को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर प्रदान करेगा। गोयल ने कहा कि भारत और इटली के बीच निर्बाध व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने की भी जरूरत है। कार्यक्रम से इतर भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर पीयूष गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि भारत कभी भी किसी देश के साथ बंदूक के बल पर बातचीत नहीं करता।

# सेंसेक्स 1369 और निफ्टी 429 अंक की उछाल

एजेंसी



मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों तक के लिए स्थगित रखने के निर्णय से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने राहत की सांस ली और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी करीब दो फीसदी तक उछल गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1310.11 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,157.26 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत की दमदार तेजी के साथ 22828.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.84 प्रतिशत उछलकर 40,274.24 अंक और स्मॉलकैप 3.04 प्रतिशत मजबूत होकर 45,798.35 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4079 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3115 में लिवाली जबकि 846 में बिकवाली हुई वहीं 118 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2959 कंपनियों के शेयरों में से 2381 में तेजी जबकि 492 में गिरावट रही वहीं 86 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में जारी अनिश्चितता के बीच आज बाजार में भले ही गैप अप ओपनिंग देखने को मिली हो लेकिन इसके लंबे समय तक टिके रहने की संभावना कम है। अमेरिकी बॉन्ड बाजार की तेज हलचल ने इस पर महत्वपूर्ण असर डाला है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ से पीछे हटने के पीछे प्रमुख कारण अमेरिकी बॉन्ड बाजार में आई उथल-पुथल रही। अमेरिकी ट्रेजरी में भारी बिकवाली के चलते सुरक्षित निवेश का रुझान घटा और 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड बढ़कर 4.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। इससे संकेत मिलता है कि बॉन्ड निवेशकों के दबाव में ट्रम्प प्रशासन को नीति में बदलाव करना पड़ा। वर्तमान में भी 10-वर्षीय यील्ड लगभग 4.46 प्रतिशत पर बनी हुई है जबकि डॉलर सूचकांक गिरकर 100 के स्तर पर आ गया है। इस पूरे परिदृश्य को देखते हुए यह स्पष्ट है कि निकट भविष्य में बाजार में स्थायी तेजी की संभावना कम है। हालांकि, निवेशकों के लिए एक राहत की बात यह है कि भारत की मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिति मजबूत बनी हुई है और वैश्विक व्यापार युद्ध के इस दौर में भारत सबसे कम प्रभावित देशों में से एक है। ऐसे माहौल में निवेशकों को अत्यधिक सतर्कता बरतनी चाहिए और रिटर्न की चाह में जोखिम लेने से बचना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे सुरक्षित विकल्प उचित मूल्य वाले लार्जकैप शेयर हो सकते हैं, जहां निवेश की सुरक्षा अधिक है। निवेश धारणा मजबूत होने से बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी रही। कमोडिटीज 3.40, सीडी 2.25, ऊर्जा 2.51, एफएमसीजी 1.09, वित्तीय सेवाएं 1.76, हेल्थकेयर 2.11, इंडस्ट्रियल्स 2.34, आईटी 0.86, दूरसंचार 2.23, यूटिलिटीज 2.76, ऑटो 2.02, बैंकिंग 1.59, कैपिटल गुड्स 2.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.92, धातु 4.29, तेल एवं गैस 1.94, पावर 2.64, रियल्टी 1.31, टेक 1.17, सर्विसेज 1.18 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.67 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51, हांगकांग का हैंगसेंग 1.13 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, जर्मनी का डैक्स 0.81 और जापान का निक्केई 2.96 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 988 अंक की तेजी के साथ 74,835.49 अंक पर खुला लेकिन मामूली बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 74,762.84 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लगातार जारी लिवाली से यह दोपहर तक 75,467.33 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,847.15 अंक के मुकाबले 1.77 प्रतिशत की उड़ान भरकर 75,157.26 अंक हो गया।

# तुलसी गबार्ड के वीडियो से फिर चर्चा में ईवीएम

## चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा भारत की मशीनें अभेद्य

एजेंसी





नयी दिल्ली। इलेक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली को लेकर अमेरिका के संघीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड के एक ताजा वीडियो क्लिप से ईवीएम की विश्वसनीयता पर छिड़ी बहस के बीच भारत के चुनाव आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत की वोटिंग मशीनें अभेद्य हैं।

सुश्री गबार्ड ने वीडियो में कहा है कि उनके विभाग को ऐसे सबूत मिले हैं, जिससे दिखाता है कि ईवीएम प्रणाली में सेंधमारी की जा सकती है।

यहां चुनाव आयोग के सूत्रों ने इस बारे में सम्पर्क किए जाने पर कहा, ह्ल हमारी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक तरह से कैलकुलेटर जैसी हैं और हैकिंग के प्रति अभेद्य हैं। इनका किसी ऐसे सिस्टम से कोई जुड़ाव नहीं होता कि कोई उस सिस्टम के जरिए इनके डाटा के साथ कोई छेड़-छाड़ या उनकी हैकिंग कर सके। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो क्लिप में सुश्री गबार्ड को यह कहते हुए सुना जा सकता है, हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि कैसे ये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम बहुत लंबे समय से हैकर्स के लिए असुरक्षित रहे हैं और वोटिंग के नतीजों में हेरफ़ेर करने के लिए इनके दुरुपयोग के खतरे हैं। उन्होंने अमेरिका के संदर्भ में यह भी कहा, इन सबूतों से पूरे देश में पेपर बैलेट (मत-पत्र) लागू करने के आपके (अमेरिका के लोगों के) जनादेश को और मजबूती मिलती है ताकि मतदाताओं को हमारे चुनावों की निष्पक्षता और शुद्धता पर भरोसा रहे। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निकट सहयोगी एलॉन मस्क भी ईवीएम प्रणाली की दुर्बलता की बात करते हुए इनके इस्तेमाल की मुखालिफत कर चुके हैं। सुश्री गबार्ड के वीडियो क्लिप को लेकर सोसल मीडिया पर चल रही चर्चाओं में कुछ लोगों ने सवाल उठाया है कि भारत में ईवीएम के बारे में कोई कैसे निश्चिंत रहा जा सकता है? भारत का चुनाव आयोग इस बारे में अनेक बार स्पष्ट कर चुका है कि भारतीय ईवीएम की विश्वसनीयता अकाट्य है। आयोग ने देश में इस्तेमाल हो रही ईवीएम पर सवाल उठाने वालों के लिए इससे पहले 'हैकिंग चैलेंज' में भाग लेने का खुला आमंत्रण भी दे चुका है। आयोग के सूत्रों ने कहा, भारत ऐसी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का उपयोग करता है जो सरल, सही और सटीक कैलकुलेटर की तरह काम करती हैं और इन्हें इंटरनेट, वाईफाई या इन्फ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता है। उनका कहना है, भारत की ईवीएम मशीनें उच्चतम न्यायायल द्वारा कराई गयी कानूनी जांच में खरी उतरी हैं। मतदान शुरू होने से पहले छद्म मतदान (मॉक पोल) के आयोजन जैसे विभिन्न आयोजनों सहित राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न चरणों में इनकी जांच की जाती है। सूत्रों ने पिछले आम चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले चुनावों में राजनीतिक दलों के सामने मतगणना के दौरान देश भर में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में पांच करोड़ से अधिक वीवीपैट पर्चियों का सत्यापन और मिलान किया जा चुका है। इस मिलान में वोटिंग मशीन के नतीजे पर्चियों की गणना के नतीजों के ही समान निकले हैं। सूत्रों ने कहा कि अलग-अलग देश अलग-अलग तरह की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करते हैं। उनकी प्रणालियां इंटरनेट सहित विभिन्न निजी नेटवर्क प्रणालियों, मशीनों और प्रक्रियाओं पर आधारित मिली जुली प्रणाली है। भारत में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम इंटरनेट या किसी अन्य नेटवर्क से पूरी तरह असम्बद्ध हैं और स्वतंत्र इकाई के रूप में इस्तेमाल की जाती हैं। भारत में कंाग्रेस और अन्य विपक्षी दल ईवीएम की विश्वसनीयता के खिलाफ सवाल उठाते रहे हैं। उच्चतम न्यायालय भारत में ईवीएम की जगह मतपत्र और मत पेटी की पुरानी व्यवस्था को पुनः अपनाने का आदेश दिए जाने के अनुरोध को खारिज कर चुका है।

संसदीय समिति ने सरकार से कहा

# मुफ्त कानूनी सहायता करने वालों को प्रोत्साहन दिया जाए

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने कहा है कि मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने वाले वकीलों के लिए ''राष्ट्रीय पंजीयन'' स्थापित करने की जरूरत है ताकि उनके काम को न सिर्फ पहचान मिले, बल्कि उनके करियर में तरक्की भी हो सके। कानून और कार्मिक संबंधी स्थायी समिति ने इस बात पर अफसोस भी जताया कि हाशिये पर रहने वाले समुदायों के लिए आवश्यक कानूनी सेवाओं के अधिक उपयोग की क्षमता के बावजूद विधि स्वयंसेवकों (पीएलवी) का इस्तेमाल कम हो रहा है। 'विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत कानूनी सहायता के कामकाज की समीक्षा' पर अपनी पिछली रिपोर्ट पर आगे उठाए गए कदमों से संबिधित रिपोर्ट में समिति ने कहा कि 'प्रो-बोनो' (विशेष रूप से गरीबों के लिए दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवा) को प्रोत्साहित करने और इससे संबंधित वकीलों के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। समिति ने कहा, ''व्यवस्थिति प्रोत्साहन और औपचारिक मान्यता के कारण इन लोगों की व्यापक भागीदारी नहीं हो पा रही है। प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व की महत्वपूर्ण भूमिका स्वीकारते हुए संवैधानिक अदालतों (उच्चतम न्यायालय और 25 उच्च न्यायालयों) ने विशेष रूप से कैदियों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए समिति ने 'प्रो-बोनो' वकीलों के लिए एक राष्ट्रीय पंजीयत की स्थापना, मान्यता प्रदान करने और उनके योगदान को वरिष्ठ पद या न्यायिक नियुक्तियों जैसे कैरियर में आगे बढ़ने के अवसरों से जोड़ने'' की सिफारिश की है। यह रिपोर्ट हाल ही में संपन्न हुए बजट सत्र में संसद में पेश की गई थी।

# मोदी की रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना धरातल से गायब है: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि उन्होंने करीब एक साल पहले रोजगार से जुड़ी योजना की शुरुआत बड़े धूमधाम से की थी लेकिन उसके परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

श्री गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस योजना के लिए बड़ी राशि का ऐलान कर इसके लिए धन भी आवंटित किया गया, लेकिन इस राशि को वापस कर दिया गया है और इस तरह प्रधानमंत्री की यह योजना भी जुमला बनकर रह गई है।

श्री गांधी ने कहा, 2024 के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए बहुत धूमधाम से 'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन' योजना की घोषणा की। यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरे इन विचारों से श्री मोदी सहमत नहीं होंगे लेकिन यह पक्का है कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यवसायों की तुलना में कुछ पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर उत्पादन की तुलना में जोड़तोड़ के निर्माण को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकती। करोड़ों नौकरियां पैदा करने का तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा वाला बाजार, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क के लिए समर्थन और कौशल से लैस युवाओं के माध्यम से है। श्री गांधी ने सवाल करते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी, आपने बहुत दिखावे के साथ ईएलआई की घोषणा की - लेकिन यह 10,000 करोड़ की योजना कहाँ गायब हो गई। क्या आपने अपने वादों के साथ-साथ हमारे बेरोजगार युवाओं को भी छोड़ दिया है। आप हर दिन नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन हमारे युवा अभी भी वास्तविक अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारत को जिन करोड़ों नौकरियों की सख्त जरूरत है, उन्हें पैदा करने के लिए आपकी ठोस योजना क्या है या यह सिर्फ एक और जुमला है। आप अपना ध्यान अडानी और अपने अरबपति मित्रों को समृद्ध करने से हटाकर हाशिए पर पड़े समुदायों के युवाओं को रोजगार तक समान पहुँच सुनिश्चित करने पर कब लगाएंगे।

# सुरक्षित और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है नौसेना

एजेंसी

नयी दिल्ली। नौसेना ने भविष्य की परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार,विश्वसनीय और एकजुट बल के रूप में उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर सुरक्षित और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

नौसेना के शीर्ष कमांडरों के पांच से 11 अप्रैल तक दो चरणों में हुए सम्मेलन के शुक्रवार को यहां समापन के दौरान यह प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। सप्ताह भर चले सम्मेलन का आयोजन कारवार और राजधानी दिल्ली में किया गया, जिसमें कमांडरों ने समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया और नौसेना की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारवार में सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और नौसेना कमांडर उपस्थित थे। कारवार में सम्मेलन का पहला चरण रक्षा मंत्री द्वारा आईओएस सागर को हरी झंडी दिखाने के साथ हुआ। आईओएस सागर की ऐतिहासिक यात्रा हिन्द महासागर देशों के साथ सहयोग और सहभागिता के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हुए सरकार के सागर से महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) के दृष्टिकोण के विकास को सटीक रूप से दर्शाती है। करवार में रक्षा मंत्री ने प्रोजेक्ट सीबर्ड के हिस्से के रूप में बनाए गए नौ अत्याधुनिक समुद्री घाटों, आठ आवासीय भवनों और कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का भी उद्घाटन किया। पहला चरण य नौसेना की परिचालन तत्परता और आधुनिकीकरण योजनाओं की समीक्षा के साथ संपन्न हुआ जिसमें रक्षा मंत्री ने हिन्द महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के प्रमुख प्रवर्तक के रूप में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की अध्यक्षता में दूसरे चरण में संचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक पहलुओं का व्यापक मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर नौसेना का अंतरिक्ष विजन, भारतीय नौसेना वायु प्रकाशन, भारतीय नौसेना का परिचालन डेटा ढांचा और पूर्व नौसैनिकों के लिए एक संग्रह,'नेवी फॉर लाइफ एंड बियॉन्ड' जारी किए गए। नौसेना कमांडरों को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, सेना प्रमुख और वायु सेना प्रमुख के साथ विचार विमर्श का मौका मिला। उन्होंने ठोस समन्वय और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के माध्यम से उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तत्परता के स्तर को रेखांकित करते हुए संचालन स्थिति के बारे में अपना आकलन साझा किया। इसके अलावा विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भारत के जी 20 शेरपा अमिताभ कंात ने भी कमांडरों के साथ बातचीत की। विदेश सचिव ने बदलती वैश्विक व्यवस्था और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए इसके निहितार्थों के बारे में जानकारी दी, वहीं श्री कंात ने राष्ट्रीय विकास में नौसेना के महत्व और क्षेत्र में भारत के 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' के रूप में उभरने का उल्लेख किया।

## कांग्रेस सरकार अब राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेना चाहती है: प्रह्लाद जोशी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कांग्रेस सरकार पर तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण करने के मोदी सरकार की 'निर्णायक उपलब्धि' का श्रेय लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

श्री जोशी ने 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक सफलता बताई है।उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''कंाग्रेस पार्टी ने अजमल कसाब को बिरयानी परोसी और उसे मजबूत बनाने की कोशिश की। वर्ष 2008-2014 तक वे सत्ता में थे। उन्होंने कुछ नहीं किया। मोदी सरकार के कूटनीति तरीके से ही तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया। अब वे इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वे इसका श्रेय लेना चाहते हैं, तो उन्हें लेने दीजिए लेकिन इस देश के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि आतंकवाद पर उनका रवैया और रुख क्या रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को कई वर्षों की कानूनी कार्यवाही के बाद गुरुवार को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया।

## अधिवेशन का संदेश पूरे देश तक ले जाएं कार्यकर्ता : खरगे

**नयी दिल्ली।** कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात के अहमदाबाद में आठ तथा नौ अप्रैल को आयोजित पार्टी के अधिवेशन की सफलता का श्रेय गुजरात प्रदेश कंाग्रेस को देते हुए कहा है कि पार्टी के इन कार्यकर्ताओं में गजब की क्षमता है और इसका इसतेमाल सत्ता में वापसी के लिए करना है। श्री खरगे ने आयोजन के लिए गुजरात प्रदेश कंाग्रेस के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को विशेषतौर पर बधाई दी और कहा कि उनमें असीम क्षमता है और इसका इस्तेमाल कंाग्रेस की वापसी के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात में कंाग्रेस की सरकार नहीं है लेकिन गुजरात कंाग्रेस की टीम ने प्रतिकूल परिस्थितयों में भी यह सफल आयोजन कर अपनी ने असाधारण क्षमता का परिचय है। श्री खरगे यहां जारी एक वीडिया संेदेश में कहा, मैं अहमदाबाद में आयोजित कंाग्रेस अधिवेशन का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए देश भर के काँग्रेस के साथियों को बधाई और धन्यवाद देता हूँ। विशेष तौर पर गुजरात प्रदेश कंाग्रेस की टीम को मैं बधाई देता हूँ, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों और हमारी सरकार न होने के बावजूद समर्पण के साथ इसे सफल बनाने में रात दिन का श्रम किया। हर कार्यकर्ता को हमारी बधाई। इस मौके पर कंाग्रेस के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कंाग्रेस विधायक दल के नेता, कंाग्रेस सचिवों को विशेष तौर पर शुभकामना। कई वर्षों से गुजरात में कंाग्रेस विपक्ष में है। फिर भी ये बहुत कामयाब आयोजन रहा। इसका संदेश देश से आए कंाग्रेस सदस्य अपने इलाकों में पहुंचाएंगे। इस अधिवेशन को सफल बनानेवाले गुजरात के साथियों को मैं कहना चाहूंगा कि आपमें गजब की संगठन क्षमता है। आप घरों से बाहर निकलिए। बदलाव आपकी प्रतीक्षा में है। आप सभी को शुभकामनाएँ।

## कटरा से कश्मीर के लिए रेल लिंक खोलने की तैयारी पूरी

**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में ऊधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के उद्घाटन की तैयारियां पूरी हो गयीं हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र 19 अप्रैल को मोदी दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णोंदेवी कटरा से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेलपुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी पुल पर पहुंच कर उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जिस समय प्रधानमंत्री कटरा से श्रीनगर से लिये वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे। उसी समय श्रीनगर से कटरा के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस भी रवाना होगी। इस तरह से कश्मीर घाटी से जम्मू एवं शेष भारत के साथ रेल संपर्क बहाल हो जाएगा। यह जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। सूत्रों ने कहा कि शुरुआत में 20 अप्रैल से वंदे भारत एक्सप्रेस की दो सेवाएं सप्ताह में पांच दिनों तक और सप्ताह के बाकी दो दिन एक एक सेवाएं चलेगी। आगे चल कर दो रैक के माध्यम से तीन सेवाएं भी की जा सकतीं हैं। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में कटरा के दूसरी ओर बारामूला से संगलदान तक रोज़ाना 23 रेल सेवाएं संचालित होतीं हैं जिनसे रोज़ाना 15 हजार यात्री सफ़र करते हैं। कटरा से कश्मीर की सीधी कनेक्टविटी खुलने ये संख्या 25 हजार तक हो जाने की संभावना है। वर्तमान में सर्वाधिक यात्री बानिहाल से श्रीनगर के बीच यात्रा करते हैं।

# पेज एक का शेष

## भारत आज विकास...

कि पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में 45 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इनमें फुलवरिया फ्लाईओवर, रिंगरोड, और गाजीपुर, जौनपुर, मिर्ज़ापुर जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले चौड़े रास्ते शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहले छोटे-छोटे त्योहारों पर भी जाम लग जाता था। अब रास्ते चौड़े हुए हैं, समय बच रहा है। लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार के साथ-साथ 6 लेन का अंडरग्राउंड टनल, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाला नया पुल जैसे प्रोजेक्ट्स शुरू किए गए हैं। पीएम ने काशी में शुरू होने वाले सिटी रोपवे का भी जिक्र किया, जो इसे दुनिया के चुनिंदा शहरों में शामिल करेगा। प्रधानमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को याद किया और उनके नारी सशक्तिकरण और सामाजिक चेतना के प्रयासों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले और सावित्री बाई फुले ने नारी शक्ति के आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए जीवन समर्पित किया। हम उनके संकल्पों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होने सरकार के ह्लसबका साथ, सबका विकासङ्क के मंत्र को दोहराया और इसे परिवारवाद की राजनीति से अलग बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग केवल सत्ता हथियाने के लिए दिन रात खेल खेलते हैं उनका सिद्धांत है 'परिवार का साथ परिवार का विकास'। प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल की मेहनतकश महिलाओं की प्रशंसा की जो बनास डेयरी के माध्यम से नई मिसाल बन रही हैं। श्री मोदी ने काशी के युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है और काशी के नौजवानों को अभी से मेहनत शुरू करनी होगी। काशी में नए स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा मिले। पीएम ने कहा कि काशी के युवा ओलंपिक में मेडल चमकाकर देश का गौरव बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने काशी को भारत की आत्मा और विविधता की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि काशी के हर मोहल्ले में भारत का अलग रंग और संस्कृति दिखती है। काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों ने एकता के सूत्र को मजबूत किया है। उन्होंने प्रस्तावित एकता मॉल का जिक्र किया, जहां भारत के सभी जिलों के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। पीएम ने यूपी के बदलते आर्थिक नक्शे की भी चर्चा की और कहा कि यूपी अब केवल संभावनाओं की धरती नहीं, बल्कि सामर्थ्य और सिद्धियों की संकल्प भूमि है। श्री मोदी ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं। जीआई टैग ने स्थानीय उत्पादों को नई बुलंदियों तक पहुंचाया है। यूपी देश में जीआई टैगिंग में पहले स्थान पर है। जौनपुर की इमरती, मथुरा की सांझी कला, पीलीभीत की बांसुरी और लखीमपुर खीरी की थारू जरदोजी जैसे उत्पादों को जीआई टैग मिला है। पीएम ने कहा कि यूपी की मिट्टी की खुशबू अब सरहदों के पार जाएगी। प्रधानमंत्री ने काशी को विकास और विरासत के संगम का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि काशी की पुरातन आत्मा को आधुनिक काया से जोड़ते रहना हमारा दायित्व है। काशी न केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है, बल्कि अब यह आर्थिक और सामाजिक प्रगति का भी नेतृत्व कर रही है। पीएम ने काशीवासियों से विकास की इस यात्रा में साथ देने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि काशी पूरे भारत के लिए प्रेरणा बनेगी। पीएम ने काशी और पूर्वांचल के लोगों को इन विकास कार्यों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो काशी को सहेजता है, वो भारत की आत्मा को सहेजता है। हमें काशी को निरंतर सशक्त और स्वपनिल बनाए रखना है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्रीगण सुरेश खन्ना, अरविंद कुमार शर्मा, अनिल राजभर, रविन्द्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालू, विधायकगण डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ अवधेश सिंह, टी राम, डॉ सुनील पटेल, बनास डेयरी के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## नई काशी को...

प्रति प्रधानमंत्री ने जो गाइडलाइन दी और सुरक्षा के प्रति सतर्कता के बारे में जो निर्देश दिए उसका पालन करके। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के बाद हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई उसने अपने आप को अभिभूत होता हुआ पाया। नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ भी आज सफल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयास सार्थक साबित हुए हैं। काशी और उसके अगल-बगल के जनपदों को सर्वाधिक जीआई टैग अब तक प्राप्त हो चुके हैं और उत्तर प्रदेश, देश के अंदर जीआई टैग में नंबर एक स्थान हासिल कर रहा है। प्रधानमंत्री के कर कमलों से आज 21 नए जीआई टैग के सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जा रहे हैं। स्थानीय हस्तशिल्पियों और कारीगरों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए यह प्रयास किए गए हैं। यही नहीं, आयुष्मान भारत एक गरीब को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित हुआ है। देश के अंदर 50 करोड़ से अधिक लोग तो उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से सीधे-सीधे लाभान्वित हुए हैं। उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अंदर अब तो वय वंदना योजना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक बुजुर्ग को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है और काशी में अब तक 50,000 से अधिक बुजुर्गों ने इसका कार्ड भी बनवाया है। योगी ने कहा कि काशी के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण परियोजना बनास डेयरी के माध्यम से यहां के अन्नदाता किसानों और पशुपालकों को जोड़ने का अभिनव कार्य हुआ है। उस कार्यक्रम के तहत उन पशुपालकों को बोनस भी आज प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से प्रदान किया जा रहा है, जिन्होंने बनास डेयरी की काशी की इस इकाई से जुड़कर वैल्यू एडिशन के माध्यम से लाभांश अर्जित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की इन सभी योजनाओं को, चाहे वह पर्यटन से जुड़ी हों, शिक्षा से जुड़ी हों, स्वास्थ्य से जुड़ी हों, कनेक्टिविटी से जुड़ी हो या फिर अन्नदाता किसान और हस्तशिल्पियों से जुड़ी हों, इन सभी के लिए आपकी अपनी काशी में काशीवासियों की ओर से और प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## तमिलनाडु में एनडीए...

भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) एनडीए से अलग हो गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि कुछ मुद्दों पर एआईएडीएमके के अलग-अलग रुख हैं। लेकिन इस पर हम बैठकर चर्चा करेंगे, जरूरत पड़ी तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम (कॉमन मिनिमम प्रोग्राम) भी होगा। इधर, शुक्रवार को ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी सामने आ गया। तिरुनेलवेली से भाजपा विधायक नयनार नागेन्द्रन भाजपा के अगले प्रदेश अध्यक्ष बन सकते हैं। नागेंद्रन पहले एआईएडीएमके में रह चुके हैं, जिससे गठबंधन को मजबूती मिलने की संभावना है। नागेंद्रन के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन शाह के एक ड्ढ पोस्ट के मुताबिक नयनार का नाम मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष के अन्नामलाई ने प्रस्तावित किया था।

## हुर्रियत के एक और...

'जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी', 'जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग' और 'कश्मीर फ्रीडम फ्रंट' ने आठ अप्रैल को हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग कर लिया था। हुर्रियत से अलग होने की घोषणा करने वाले अन्य समूहों में शाहिद सलीम के नेतृत्व वाला 'जम्मू-कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट', एडवोकेट शफी रेशी के नेतृत्व वाला 'जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट' और मोहम्मद शरीफ सरताज के नेतृत्व वाला 'जम्मू-कश्मीर फ्रीडम मूवमेंट' शामिल हैं। जब समूहों ने 25 मार्च को घोषणा की थी, तब शाह ने कहा था कि नरेन्द्र मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू और कश्मीर से अलगाववाद को 'खत्म' कर दिया है। हुर्रियत के दो अन्य घटक 'जम्मू-कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल' और 'जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत' ने भी गठबंधन से खुद को अलग करने की घोषणा की थी। 'जम्मू-कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल' का नेतृत्व गुलाम नबी सोफी करते हैं जबकि 'जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत' का नेतृत्व गुलाम नबी वार करते हैं।

## सिर्फ 12 पर्सेंट...

ब्योरा दिया है। इन लोगों की जानकारी उच्च न्यायालयों की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। देश के करीब 18 उच्च न्यायालय ऐसे हैं, जिनकी वेबसाइट पर जजों की दौलत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इन 18 में देश का सबसे बड़ा इलाहाबाद उच्च न्यायालय भी शामिल है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में कुल 81 जज हैं। इसके अलावा बॉम्बे, कलकत्ता, गुजरात और पटना हाई कोर्ट की ओर से भी कोई जानकारी नहीं है। हाई कोर्ट्स के मामले में केरल ने बाजी मारी है। केरल उच्च न्यायालय में कुल 44 जज हैं, जिनमें से 41 ने अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के 12 में से 11 जजों ने संपत्ति का जानकारी पब्लिक की है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के 53 में से 30 जजों ने संपत्ति की जानकारी साझा की है। दिल्ली उच्च न्यायालय की बात करें तो 36 में से 7 ने ही संपत्ति का ब्योरा दिया है।

## पद्म पुरस्कार के लिए...

अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग व्यक्तियों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के लिए ठोस प्रयास किए जा सकते हैं जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में मान्यता के योग्य हैं और जो समाज के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार 2014 से कई 'गुमनाम नायकों' को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित कर रही है, जो विभिन्न तरीकों से समाज में योगदान दे रहे हैं। नामांकन और सिफारिशों में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें वर्णनात्मक रूप में उद्धरण (अधिकतम 800 शब्द) शामिल हैं, जो संबंधित क्षेत्र/विषय में अनुशंसित व्यक्ति की विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा को स्पष्ट रूप से सामने लाता हो। इस संबंध में विस्तृत जानकारी गृह मंत्रालय की वेबसाइट और पद्म पुरस्कार के पोर्टल पर 'पुरस्कार और पदक' शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है। इन पुरस्कारों से संबंधित नियम भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## हेडली और राणा...

2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध में हमले की तैयारी करना था, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। मुंबई में टोही मिशन पर तैनात रहने के दौरान, हेडली को अपने बचपन के दोस्त राणा, जो शिकागो में रहता था, से धन मिलता था, तथा वह अपने लश्कर-ए-तैयबा के संचालक साजिद मीर, आईएसआई के मेजर इकबाल और मेजर अब्दुल रहमान पाशा, जो पाकिस्तानी सेना छोड़कर लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था और फिर अलकायदा में शामिल हो गया था, से धन एकत्र करता था।

# दूसरे परीक्षण में लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम 'गौरव' ने लक्ष्य पर साधा सटीक निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव अपने दूसरे परीक्षण में भी खरा उतरा है। ओडिशा के तट पर परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को बिल्कुल सटीकता से मारकर अपनी उपयोगिता साबित की। उड़ान की निगरानी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना को बधाई दी।




रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम का पहला परीक्षण पिछले साल 14 अगस्त को किया था। डीआरडीओ ने लड़ाकू विमान एसयू-30 एमकेआई से 8-10 अप्रैल के दौरान लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' के सफल परीक्षण किए हैं। उड़ान परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को सटीक निशाना बनाया। परीक्षण प्रक्षेपण के दौरान संपूर्ण उड़ान डेटा को समुद्र तट के किनारे एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए कैप्चर किया गया।

उड़ान की निगरानी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने की। विकास सह उत्पादन साझेदार अडाणी डिफेंस और भारत फोर्ज ने भी उड़ान परीक्षण के दौरान भाग लिया। एलआरजीबी 'गौरव' हवा से प्रक्षेपित 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जो लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। प्रक्षेपित होने के बाद ग्लाइड बम

**एक हजार किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम**

आईएनएस और जीपीएस डेटा के संयोजन के साथ अत्यधिक सटीक हाइब्रिड नेविगेशन योजना का उपयोग करके लक्ष्य की ओर बढ़ता है। गौरव को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना को बधाई दी। उन्होंने इसे सशस्त्र बलों की क्षमता को और मजबूत करने के लिए स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के देश के प्रयास में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि 'गौरव' के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी।

# मुंबई हमले के आरोपित तहव्वुर राणा से एनआईए ने शुरू की पूछताछ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए हमले के मुख्य आरोपित तहव्वुर हुसैन राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के दिल्ली स्थित मुख्यालय में आज से पूछताछ शुरू कर दी गयी है।

सूत्रों ने बताया कि राणा को एनआईए मुख्यालय के सेल में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। ये सेल सीसीटीवी कैमरों से लैस है। राणा जिस बाथरूम का इस्तेमाल करेगा वो भी सेल के अंदर ही है। इस सेल में मल्टीपल लेयर डिजटल सिक्योरिटी के साथ-साथ 24 घंटे पहरा है। सेल के अंदर जाने की इजाजत सिर्फ एनआईए के कुछ अधिकारियों को ही है। राणा को मुख्यालय में भी कम से कम मूवमेंट करवाई जाएगी और कैमरों की निगरानी में रिकॉर्डिंग के साथ पूछताछ की जाएगी। ये पूछताछ आज से शुरू हो गई है।




शुरुआती पूछताछ में एनआईए की कोशिश होगी कि राणा से ये पता लगाया जाए कि पाकिस्तान में उसका हैंडलर कौन था? उसे फंडिंग कहां से मिल रही थी? स्लीपर सेल कौन-कौन हैं? भारत में उसके कारोबारी पार्टनर कौन थे? यहां किसे-किसे फंडिंग दी गई थी। इसके अलावा हेडली की भारत में किसने मदद की और पैसे किन-किन को दिए गए।

उल्लेखनीय है कि प्रत्यर्पण की लंबी कार्यवाही के बाद अमेरिका से विशेष विमान से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचने के बाद राणा को गुरुवार को एनआईए ने औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था। उसको पटियाला हाउस स्थित एनआईए के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। इसके बाद उसे आगे की पूछताछ के लिए एनआईए मुख्यालय ले जाया गया।

# दो साल पहले 636 किलो गांजा बरामदगी मामले में कोर्ट ने दो को पाया दोषी,एक निर्दोष,19 अप्रैल को सुनाई जायेगी सजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया । प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व एनडीपीएस कोर्ट के स्पेशल जज मनोज कुमार तिवारी ने 18 फरवरी 2023 को बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला मिलन चौक के पास 635 किलो 950 ग्राम गांजा बरामदगी मामले में दो को दोषी करार दिया है, जबकि मामले में सुपौल जिला के बलुआ बाजार के रहने वाले एक आरोपित को निर्दोष करार देते हुए उसे बरी किया।कोर्ट ने बसमतिया थाना क्षेत्र बेला मिलन चौक वार्ड संख्या चार के रहने वाले दीपेश पासवान पिता दिनेश पासवान और फूलचंद पासवान पिता महेश पासवान को कोर्ट ने दोषी करार दिया है।दोषी करार दिए आरोपितों पर सजा के बिंदु पर 19 अप्रैल 2025 को सुनवाई होगी।

कोर्ट ने एनडीपीएस कांड संख्या 13/2023 व एनसीबी संख्या 03/2023 पर दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं द्वारा किए गए तार्किक बहस के उपरांत दो को दोषी करार दिया,जबकि एक को निर्दोष बताते हुए उसे बाइज्जत बरी किया।वहीं निर्दोष करार दिए आरोपित में सुपौल जिला के बलुआ बाजार के बलुआ चौक वार्ड संख्या पांच निवासी निजाम उर्फ निजामुल उर्फ निजामुद्दीन पिता मो. वशीक है।निजाम उर्फ निजामुल की ओर से अधिवक्ता मुजाहिद आलम ने बहस की।

कोर्ट ने 18 फरवरी 2023 को बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला मिलन चौक वार्ड संख्या चार में दीपेश पासवान पिता दिनेश पासवान और सुनील पासवान पिता तेतर पासवान के घर में रह रहे फूलचंद पासवान पिता महेश पासवान के घर से गांजा के खेप पकड़े जाने को लेकर सुनवाई की।यह कार्रवाई एसएसबी के द्वारा गुप्त सूचना पर बसमतिया थाना पुलिस के द्वारा की गई थी,जिसमें दीपेश पासवान के घर से 8 बोरे में 246 किलो और सुनील पासवान के घर में रह रहे फूलचंद पासवान के घर से 407 किलो 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया था।

एसएसबी और पुलिस की इस कार्रवाई में कुल 635 किलो 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया था।मामले में एडीजे प्रथम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने दो आरोपितों को दोषी और एक को निर्दोष करार दिया।वहीं कोर्ट ने मामले में दोषी को सजा सुनने के लिए अगली तारीख 19 अप्रैल निर्धारित की है।

## कुपोषण के विरूद्ध 22 अप्रैल तक चलेगा जागरूकता अभियान

पूर्वी चंपारण । जिले में 22 अप्रैल तक कुपोषण के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर डीएम सौरभ जोरवाल ने शुक्रवार को आईसीडीएस विभाग के साथ समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि वैसे आंगनबाड़ी सेविकाएं जो एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण नहीं कर रही हैं अथवा नहीं करने हेतु किसी अन्य को भ्रमित करती हैं, उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए चयन मुक्ति का प्रस्ताव दिया जाए। उन्होने सभी सीडीपीओ को निर्देश देते कहा कि जिनके यहां कार्य स्थगित है या कम मात्रा में हुआ है उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए। डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन संध्या पांच बजे कम उपलब्धि वाले परियोजनाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कार्य में प्रगति लाई जाय। पोषण पखवाड़ा के संबंध में डीपीओ आईसीडीएस के द्वारा बताया गया कि यह सातवां पोषण पखवाड़ा है जो पिछले 8 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है और 22 अप्रैल तक जिला में चलेगा।

# बिहार से युवाओं के पलायन पर सचिन पायलट ने नीतीश सरकार से पूछे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। पटना में कंग्रेस की 'पलायन रोको, नौकरी दो'- पदयात्रा में शामिल हुए कंग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि सरकार को बिहार से लाखों की संख्या में जारी पलायन को रोकना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पलायन रोकने को लेकर सरकार केवल गुमराह करने के आंकड़े जारी करती है जबकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है।

कंग्रेस नेता और अखिल भारतीय कंग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि बिहार के करोड़ों युवा नौकरियों की तलाश में अन्य स्थानों पर पलायन के लिए मजबूर हैं। युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। पायलट ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को बेचने और सरकारी पदों को खाली छोड़ने के कारण रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। पदयात्रा का नेतृत्व कन्हैया कुमार ने किया बिहार में 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा का नेतृत्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने किया। पदयात्रा के दौरान शुक्रवार को कन्हैया कुमार और कंग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने की कोशिश की। यूथ कंग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर नीतीश कुमार को ज्ञापन सौंपना चाहते थे। यहां उनकी पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने कन्हैया कुमार सहित कई कंग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें कोतवाली थाना लाया गया है।

**मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे कांग्रेसी प्रदर्शनकारी हिरासत में लिए गए**

## पाबौ व डांडानागराजा में बैसाखी पर लगेगा मेला

पौड़ी गढ़वाल। पाबौ के खुडेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा बैसाखी के अवसर पर होने वाले मेले की तैयारियां शुरू कर दी है। बैसाखी के दिन मंदिर परिसर में हर साल मेले का आयोजन किया जाता है। समिति की बैठक में मेले को भव्य रूप से मनाने को लेकर चर्चा की गई। मंदिर परिसर में आयोजित समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 अप्रैल को बैसाखी पर खुडू मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा.धन सिंह रावत मुख्य अतिथि होंगे। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र रावत ने बताया कि मेले को भव्य रूप से मनाने को लेकर तैयारियां की जा रही है।

बताया कि मेले में गढ़वाल रेजीमेंट के द्वारा अपने वेपंस का शक्ति प्रदर्शन, बैंड डिस्प्ले, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही दिनेश भारती, शानू सूफी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रंगारंग प्रस्तुति, ग्राफ़िक एरा हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क नेत्र एवं सामान्य चिकित्सा शिविर, सामान्य व आंतरिक रोग परामर्श, नेत्र रोग परामर्श व अन्य जांचे की जाएंगी। वहीं, कोट ब्लाक के श्री डांडा नागराजा मंदिर परिसर में 15 अप्रैल को लगने वाले भव्य मेले को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

# निजी विद्यालयों के मनमानी के खिलाफ अभाविप ने डीईओ और डीपीओ को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को निजी स्कूलों की मनमानी एवं अवैध वसूली के खिलाफ जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। छात्र संघ अध्यक्ष सह अभाविप प्रांत संयोजक सूरज चौधरी के नेतृत्व में दस सूत्री मांग पत्र सौपा गया।

छात्र संघ अध्यक्ष सह अभाविप प्रांत संयोजक सूरज चौधरी व प्रदेश कार्यकारी सदस्य प्रिंस कश्यप ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है,जो लगातार छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु संघर्षरत रहता है। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी अवैध वसूली अपने चरम पर है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा विभिन्न शुल्कों के माध्यम से अभिभावकों का आर्थिक शोषण होता है। प्रतिवर्ष प्रवेश शुल्क तथा शिक्षण शुल्क मे बढ़ोत्तरी की जा रही है, जिससे कहीं न कहीं छात्रों के शिक्षण कार्य मे बाधा उत्पन्न हो रही है।



प्राइवेट विद्यालयों द्वारा निर्धारित दुकान से ही ड्रेस तथा किताबों को खरीदने पर जोर दिया जाना एवं पुस्तक विक्रेताओं से सांठ गांठ करके कम दामों की पुस्तकों को अधिक रुपयों में छात्रों कों बेचना अवैध वसूली का एक सटीक हथियार बन चुका है,जिससे छात्रों व अभिवावकों का मानसिक तथा आर्थिक शोषण हो रहा है। वर्तमान मे पब्लिक स्कूल मात्र एक धन उगाही का केंद्र बन चुके है। जिससे पूर्णतयः शिक्षा का व्यवसायीकरण हो रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह मांग करती है, कि सभी विषयों का समाधान शीघ्रतशीघ्र किया जाये अन्यथा अभाविप जल्द आन्दोलन के लिए बाध्य होगी।

# भीषण गर्मी, लू और संभावित सुखाड़ से बचाव को लेकर मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन के साथ की मीटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया । भीषण गर्मी एवं लू से बचाव तथा संभावित सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम अनिल कुमार,एसपी अंजनी कुमार एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण जुड़े। बैठक के दौरान जिलों द्वारा भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधितों को निदेश दिया गया कि लू से बीमार मरीजों हेतु सरकारी अस्पतालों में डेडीकेटेड बेड एवं चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति ससमय कर ली जाये। साथ ही विद्यालयों, आंगनबाड़ी



केंद्रों इत्यादि में पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाये। ग्रीष्मकाल में बिजली की निर्बाध आपूर्ति हेतु सभी आवश्यक तैयारियां कर लेने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अररिया, सभी तकनीकी पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# अमृतपाल के साथी पप्पलप्रीत को असम से पंजाब लाई पुलिस, अजनाला थाना पर हमले को लेकर होगी पूछताछ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल सिंह के करीबी सहयोगी पप्पलप्रीत सिंह को असम से लेकर यहां पहुंची और शुक्रवार को उसे अमृतसर के अजनाला की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने पप्पलप्रीत को चार दिन के रिमांड पर भेजा है। इससे पहले एनएसए समाप्त होने के बाद हिरासत में लिए गए आठ साथियों को कोर्ट न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। पुलिस अजनाला थाना पर हुए हमले को लेकर उससे पूछताछ करेगी।

पप्पलप्रीत सिंह पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून समाप्त कर दिया गया है। एनएसए खत्म होने के बाद पंजाब पुलिस ने तीन दिन पहले असम की डिब्रूगढ़ जेल से पप्पलप्रीत सिंह की कस्टडी ली थी। जिसके बाद पुलिस शुक्रवार अल सुबह पप्पलप्रीत को लेकर पंजाब पहुंची। पप्पलप्रीत अपनी




फरारी के दौरान अमृतपाल सिंह के साथ देखा गया था। इसके बाद उसे पिछले वर्ष पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पप्पलप्रीत पर आरोप है कि गिरफ्तारी से पहले उसने उसे कई स्थानों पर अमृतपाल सिंह को शरण दिलाई थी। उसके साथ उसने कई योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई थी। इसके बाद उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई थी। एनएसए की अवधि समाप्त होने के बाद अब पप्पलप्रीत को अजनाला थाने पर हुए हमले के मामले में स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया। डीएसपी अजनाला गुरविंदर सिंह औलख ने बताया कि आरोपित को थाना पर हमले के मामले में पूछताछ की जाएगी और कुछ हथियार भी बरामद किए जाने हैं। जिस पर कोर्ट ने पप्पलप्रीत को चार दिन के रिमांड पर दिया है।

अमृतपाल के फैसले पर सभी की निगाहें पंजाब पुलिस अमृतपाल सिंह के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। 22 अप्रैल को अमृतपाल सिंह पर लगा एनएसए समाप्त हो रहा है। अनुमान है कि उसे भी 22 अप्रैल के बाद अमृतसर लाया जाएगा, जहां उस पर अजनाला थाना पर हुए हमलों के अलावा उन सभी मामलों पर कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी, जो उसके खिलाफ पंजाब में दर्ज हैं। अमृतपाल सिंह पर तकरीबन 12 मामले पंजाब में दर्ज किए गए हैं।

## महिला समेत दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, 14 किग्रा. गांजा बरामद

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में ड्रग्स का धंधा करने वाली एक महिला समेत दो ड्रग्स तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रुखसाना और मोहम्मद मुस्लिम के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 14 किग्रा. गांजा बरामद किया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि मोती नगर एसएचओ वरुण दलाल की टीम को सूचना मिली कि इलाके में एक महिला तस्करी में लिप्त है। जानकारी जुटाने के बाद छापेमारी कर पुलिस टीम ने रुखसाना को पकड़ा। पूछताछ में रुखसाना ने बताया कि वह मोहम्मद मुस्लिम नामक व्यक्ति से गांजा खरीदती है। इसके आधार पर पुलिस टीम ने शिव बस्ती रेलवे लाइन के समीप मोहम्मद मुस्लिम को गांजे के साथ पकड़ा। दोनों के कब्जे से करीब 14 किग्रा. गांजा मिला। मोहम्मद मुस्लिम ने खुलासा किया कि पटेल नगर निवासी अनवर से वह गांजा लेता है। उसकी पत्नी जमीला रेलवे ट्रैक के पास पुड़िया में यह गांजा बेचती थी। पुलिस अब अनवर एवं जमीला की तलाश कर रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063